CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 08-04-2026 Zone: Faridabad Edition: 1 Page: NBTFRFP User: cci Time: 04-07-2026 22:01 Color:

नई दिल्ली > बुधवार, 8 अप्रैल 2026 > चैत्र 18 शक संवत 1948 वैशाख कृष्ण षष्ठी, विक्रम संवत 2083

WATCH GOD WATCHDOG

NBT नवभारत टाइम्स

वर्ष 80, संख्या 82 > पेज 16* > फरीदाबाद > मूल्य ₹4.00 या ₹9.00* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in

*मासिक खरीद पर ही लागू

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

लेडी गागा की तबीयत खराब, रद्द किया कॉन्सर्ट

▸फरीदाबाद टाइम्स

शराब पीकर गाड़ी चलाने के आरोप में थाने पहुंचे वॉर्नर

▸p9

बंगाल में 91 लाख वोटरों के नाम कटे

पश्चिम बंगाल में चल रही एसआईआर प्रक्रिया के तहत सप्लिमेंट्री वोटर लिस्ट में करीब 91 लाख वोटरों के नाम हटाए गए हैं। इनमें मृत, राज्य से स्थायी रूप से शिफ्ट हुए, फर्जी, एक से अधिक कार्ड बनवाने वाले और बाहरी वोटर शामिल हैं। सूत्रों ने बताया कि अभी फाइनल वोटर लिस्ट जारी होनी बाकी है।

खबरों के अंदर की बात

NBT Lens

देखें पेज 9, 11 और 12

अर्थसार

सेंसेक्स	74,616.58 (+509.73)
निफ्टी	23,123.65 (+155.40)
रु/यूएस डॉलर	92.96 (-0.09)
रु/यूरो	107.26 (+-0))

स्रोत: रिजर्व बैंक रेफरेंस रेट

सर्राफा

सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम दिल्ली	₹1,53,200 (-600)
चांदी .999 टंच प्रति किलो दिल्ली	₹2,40,000 (-2,000)

स्रोत: ऑल इंडिया सर्राफा एसोसिएशन

मौसम

अधिकतम तापमान 28.8°

20.1° न्यूनतम तापमान

सूर्यास्त बुधवार 6:43 | सूर्योदय गुरुवार 6:03

हल्की बारिश का अनुमान। अधिकतम तापमान 26 डिग्री रह सकता है।

सभ्यता की अग्निपरीक्षा

ट्रंप की ईरान को नई धमकी, '...तो रात में पूरी एक सभ्यता का अंत होगा' | पुल, प्लांट, खार्ग तेल ठिकाने पर हमले, ईरान ने चेताया- रेड लाइन पार न करें

■ एएफपी, तेहरान/वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने मंगलवार को ईरान को नई धमकी दी, 'सभ्यता का अंत कर देंगे।' ऐसा हुआ तो जिस स्तर पर बर्बादी होगी, वह दुनिया के लिए सवाल होगी। ईरान और अमेरिका-इस्राइल के बीच जो होगा, वह मानव सभ्यता की अग्निपरीक्षा से कम नहीं है।

पश्चिम एशिया संघर्ष पर स्पेशल कवरेज देखें पेज 3



होर्मुज समुद्री गलियारा खोलने और सीजफायर समझौते के लिए ईरान की खातिर अमेरिका ने मंगलवार रात 8 बजे की डेडलाइन तय की थी, लेकिन पहले ही उसके पुलों, खार्ग द्वीप जैसे बड़े तेल ठिकाने, हवाई अड्डों, पावर प्लांटों को निशाना बनाया गया। ट्रंप ने नई धमकी में कहा कि आज (मंगलवार) रात एक पूरी सभ्यता का अंत हो जाएगा, जिसे वापस नहीं लाया जा सकेगा। इस्राइली सेना ने ईरान के लोगों को मंगलवार रात 9 बजे तक ट्रेन और रेल ट्रैक से दूर रहने को कहा। ईरान ने चेताया कि 'रेड लाइन' पार हुई तो US, उसके साथी वर्षों तक तेल-गैस से महरूम रहेंगे। ईरान के राष्ट्रपति पेजेश्कियान ने कहा कि 1.4 करोड़ लोग मरने के लिए तैयार हैं।

Social Media

ईरानियों की गांधीगीरी... अमेरिकी धमकी के बाद ईरान सरकार की अपील पर कई जगह लोगों ने पावर प्लांट के आगे ह्यूमन चेन बनाई। संगीतकार अली गमसारी ने पारंपरिक बाजा 'टार' बजाया।

पाक में ईरानी दूत बोले, बातचीत नाज़ुक मोड़ पर

पाकिस्तान में तैनात ईरान के राजदूत रजा अमीरी मोगदम ने मंगलवार को कहा कि जंग रोकने के लिए पाकिस्तान की अगुआई में हो रही कूटनीतिक कोशिशें अहम और संवेदनशील चरण की ओर बढ़ रही हैं। उन्होंने और ज्यादा जानकारी देने से इनकार किया। अमेरिकी अधिकारी ने उम्मीद जताई कि किस्मत ने साथ दिया, तो डेडलाइन तक समझौता हो सकता है। ईरानी मीडिया ने दावा किया कि ईरान ने अमेरिका से बातचीत के सभी रास्ते बंद कर दिए हैं।

इस्तांबुल में इस्राइली कॉन्सुलेट के पास हमला

तुर्किये के इस्तांबुल में मंगलवार को इस्राइल (Israel) के कॉन्सुलेट के बाहर तीन हमलावरों ने पुलिस पर फायरिंग की। एक हमलावर मारा गया। दो अन्य घायल हैं।

वॉर अपडेट्स

- ईरान में भारतीयों को दूतावास की अडवाइजरी, 48 घंटे घरों के अंदर रहें। नंबर, ईमेल भी जारी।
- इंडिगो के बाद एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने भी फ्यूल सरचार्ज बढ़ाया।
- न्यूज चैनलों के लिए TRP की रिपोर्टिंग पर सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने 4 हफ्तों की रोक लगाई।

जवानों की गोलीबारी में दो मौतें

मणिपुर में दो बच्चों की हत्या, हिंसा, इंटरनेट बंद

PTI

CRPF कैंप पर हमला कर भीड़ ने कई गाड़ियों में आग लगा दी।

■ पीटीआई, इंफाल

मणिपुर में दो बच्चों की हत्या के बाद फिर हिंसा भड़क गई। पुलिस के अनुसार, सोमवार देर रात करीब एक बजे संदिग्ध उग्रवादियों ने बिष्णुपुर जिले के मोइरांग ट्रोंगलाओबी में एक घर पर बम फेंक दिया। धमाके में 5 साल के लड़के और 6 महीने की बच्ची की मौत हो गई, जबकि उनकी मां घायल हो गईं। परिवार बेडरूम में सो रहा था। आक्रोशित लोगों ने मंगलवार को हिंसक प्रदर्शन किया। मणिपुर के गृह मंत्री गोविंदास कोंथौजम ने कहा कि CRPF कैंप पर भी भीड़ ने धावा बोला। गाड़ियां जलाकर तोड़फोड़ की। इसके बाद गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई और 5 घायल हो गए।

4 जिलों में कर्फ्यू, NIA करेगी हमले की जांच

भीड़ ने दो तेल टैंकरों और एक ट्रक में आग लगा दी। थाने के सामने टायर जलाए और चौकी में तोड़फोड़ की। इंफाल में भी आगजनी हुई। हालात काबू में करने के लिए बड़ी संख्या में सुरक्षा बल तैनात हैं। 5 जिलों में इंटरनेट बंद कर 4 जिलों में कर्फ्यू लगा दिया गया है। घटना के बाद सीएम वाई खेमचंद सिंह ने हाईलेवल मीटिंग की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने बम हमले की जांच एनआईए को सौंपने का फैसला किया है।

कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा के घर असम पुलिस की रेड

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

असम के मुख्यमंत्री की पत्नी पर कांग्रेस के आरोपों के बाद छिड़ा विवाद दिल्ली तक पहुंच गया है। मंगलवार को असम पुलिस की टीम कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा से पूछताछ करने दिल्ली में उनके घर पहुंची। डीसीपी देबोजित नाथ ने कहा कि खेड़ा नहीं मिले। दिल्ली पुलिस के साथ उनके घर की तलाशी ली गई और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए गए हैं। नाथ ने कहा, 'दोष साबित करने वाली कुछ सामग्री मिली है।'

यह कार्रवाई उस FIR के आधार पर हो रही है, जो सीएम हिमंता बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी भुइयां सरमा ने दर्ज कराई है। हिमंता ने कहा, खेड़ा हैदराबाद भाग गए हैं, पर असम पुलिस उन्हें 'पाताल से भी ढूंढ निकालेगी।'

'3 दिन महिला को नहीं माना जा सकता अछूत'

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** सबरीमला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश समेत इसी तरह के अन्य मामलों में सुप्रीम कोर्ट के 9 जजों की संवैधानिक बेंच ने मंगलवार को सुनवाई शुरू कर दी। इस दौरान जस्टिस बी. वी. नागरत्ना ने कहा कि किसी महिला को महीने में 3 दिन 'अछूत' नहीं माना जा सकता। और चौथे दिन अचानक छुआछूत खत्म, यह तर्कसंगत नहीं है।

यह टिप्पणी तब आई, जब सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने 2018 के फैसले में महिलाओं के मंदिर प्रवेश पर रोक को 'अस्पृश्यता' (अनटचेबिलिटी यानी छुआछूत) से जोड़ने पर आपत्ति जताई। 2018 में जस्टिस डी. वाई. चंद्रचूड़ ने इसे अनुच्छेद-17 का उल्लंघन माना था, जो छुआछूत को खत्म करता है। कोर्ट में केंद्र ने कहा कि भारत को पश्चिमी नजरिये से पितृसत्तात्मक समाज नहीं कहा जा सकता। महिलाओं की एंट्री पर रोक आस्था और परंपरा से जुड़ा है, जिसमें अदालत को सीमित दखल देना चाहिए। सॉलिसिटर जनरल ने मंदिरों में महिलाओं के प्रवेश से जुड़े प्रतिबंधों को 'अस्पृश्यता' जैसी संवैधानिक अवधारणाओं से जोड़ने का विरोध किया।

सबरीमला मामले में जस्टिस नागरत्ना की टिप्पणी

अल फलाह के चेयरमैन की 39 करोड़ की प्रॉपर्टी अटैच

■ पीटीआई, नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने मंगलवार को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अल फलाह ग्रुप के चेयरमैन जवाद अहमद सिद्दीकी की 39 करोड़ की संपत्ति अटैच की है। इसमें दिल्ली के जामिया नगर का घर, फरीदाबाद में खेती की जमीन और कई बैंक खातों में जमा राशि शामिल है। ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग अधिनियम (PMLA) के नियमों के तहत इस सारी संपत्ति के लेन-देन पर रोक लगा दी है। जवाद अहमद सिद्दीकी (61) फिलहाल जेल में हैं। दिल्ली में हुए धमाके के बाद फरीदाबाद की अल फलाह यूनिवर्सिटी जांच के दायरे में आई थी। इस दौरान यूनिवर्सिटी की मान्यता को लेकर फर्जीवाड़ा सामने आया था।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 08-04-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP10 User: cci Time: 04-07-2026 21:35 Color:

भारत को ऊर्जा में आत्मनिर्भरता हासिल करनी है, यानी ऐसी अर्थव्यवस्था जो तेल, गैस या कोयले के आयात से पूर्णतः मुक्त होकर सुचारु रूप से कार्य कर सके।

– ए.पी.जे. अब्दुल कलाम

ऊर्जा में आत्मनिर्भरता

पश्चिम एशिया के संकट में भारत के लिए सबसे महत्वपूर्ण सबक यह रहा है कि ऊर्जा के मामले में आयात पर निर्भरता जितनी कम हो, उतना अच्छा। आर्थिक प्रगति की रफ्तार बनी रहे, इसके लिए ईंधन की सप्लाई में भी कोई बाधा नहीं आनी चाहिए। ऐसे में तमिलनाडु के कलपक्कम में स्वदेशी प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर (PFBR) का क्रिटिकल होना ऐतिहासिक उपलब्धि है। क्रिटिकल मतलब रिएक्टर में नियंत्रित परमाणु प्रतिक्रिया शुरू हो गई है। बिजली उत्पादन से पहले यह एक महत्वपूर्ण चरण है।

फास्ट ब्रीडर रिएक्टर

दुनिया में दूसरा । पीएम नरेंद्र मोदी ने इस उपलब्धि को भारत की परमाणु यात्रा में एक महत्वपूर्ण मोड़ बताया है। और वाकई जब दूसरे देशों पर नजर जाती है, तो पता चलता है कि अभी केवल रूस के पास ही व्यावसायिक रूप से संचालित PFBR है यानी भारत इस मुकाम को छूने वाला दूसरा मुल्क है।

लंबा संघर्ष । यह सफलता नतीजा है सात दशक पहले देखे गए सपने का। भारत के लंबे परमाणु सफर के तीन चरण तय किए गए हैं। पहला, प्रेशराइज्ड हेवी वॉटर रिएक्टर (PHWR), जिनमें ईंधन के रूप में यूरेनियम इस्तेमाल होता है। दूसरे चरण में फास्ट ब्रीडर रिएक्टर की स्थापना और तीसरे चरण में थोरियम का ईंधन के रूप में इस्तेमाल। PHWR में भारत को दक्षता हासिल है, लेकिन इसके लिए यूरेनियम आयात करना पड़ता है। वहीं, देश के समुद्रतटीय इलाकों में थोरियम का विशाल भंडार है। सच्ची आत्मनिर्भरता का मतलब यह है कि बिजली बनाने के लिए ईंधन भी बाहर से न मंगाना पड़े।

परमाणु बिजली का लक्ष्य । फास्ट ब्रीडर रिएक्टर बिजली बनाने के साथ ही अपने लिए ईंधन भी तैयार करेगा। यह कदम उस तीसरे चरण के लिए बेहद जरूरी है, जहां भारत परमाणु ऊर्जा के मामले में पूरी तरह आत्मनिर्भर होना चाहता है। इस प्लांट से परमाणु बिजली के लक्ष्य को पाने में भी मदद मिलेगी। रिएक्टर की क्षमता 500 मेगावॉट है। सरकार 2032 तक 22400 मेगावॉट परमाणु बिजली बनाना चाहती है, अभी यह लगभग 8 हजार है।

देश की जरूरत । सरकार ने 2047 तक 100 गीगावॉट परमाणु ऊर्जा का महत्वाकांक्षी लक्ष्य भी तय किया है। यह बिल्कुल संभव है, पर इसके लिए सुरक्षा, लागत और परमाणु ऊर्जा के प्रति आम लोगों के संदेह से जुड़े पहलुओं पर भी गौर करना होगा। जापान, फ्रांस और अमेरिका जैसे देश सुरक्षा चिंताओं के कारण ऐसे प्रोजेक्ट बंद कर चुके हैं। हालांकि भारत की स्थिति और जरूरत, दोनों अलग हैं। उसके पास अपना ईंधन थोरियम है और कोई वजह नहीं कि इसके इस्तेमाल की तकनीक पर न बढ़ा जाए।

नाभि में तीर

तस्वीर-वीर!

जैसे दानवीर या महावीर, वैसे ही तस्वीर-वीर। भले ही आपको ये शब्द महज तुकबंदी लगें, लेकिन हैं ये बड़े प्रभावशाली। इनमें से तस्वीर-वीर शब्द तो हाल ही में ईजाद हुआ है। इधर आपने ऐसे लोगों को अवश्य देखा होगा, जो हरदम तस्वीरें खिंचवाने की जुगत में रहते हैं। इसी प्रजाति को 'तस्वीर-वीर' नाम दिया गया है। जब से हर हाथ में मोबाइल आया है, ऐसे लोगों की बाढ़ आ गई है। यही वजह है कि किसी भी समारोह में कोई सिलेब्रिटी इनसे बच नहीं सकता। आयोजक को तस्वीर उतरवाने का मौका बाद में मिलता है, इनकी तस्वीर पहले क्लिक हो जाती है। इस पल तस्वीर क्लिक हुई, अगले ही पल सोशल मीडिया में चस्पां कर दी जाती है। इतने सारे खास लोगों के साथ इनकी मौजूदगी होती है कि देखते ही देखते खुद ये भी खास हो जाते हैं।

हरि मृदुल

आज एक तस्वीर-वीर ने मुझे चौंका ही दिया है। सीएम के साथ उसकी एक मुस्कराती हुई तस्वीर छपी है अखबार में। मैंने अखबार में तो बाद में देखी तस्वीर, सोशल मीडिया में सुबह से ही छाई हुई है। वट्सऐप, X, इंस्टाग्राम, फेसबुक यानी हर जगह है उसकी मौजूदगी। ऐसा लग रहा है कि उसने नहीं, बल्कि सीएम ने खुद आगे बढ़कर उसके साथ खिंचवाई है तस्वीर। हालांकि सीएम के चेहरे से ज्यादा रौनक तस्वीर-वीर के चेहरे पर है। उसका चेहरा तरो-ताजा है और सीएम थके-मांदे लग रहे हैं।

टेंशन इस बात की है कि यह तस्वीर-वीर सीएम साहब के साथ वाली इस तस्वीर को कितनी जगह भुनाएगा और कितनी बार भुनाएगा, कल्पना नहीं की जा सकती है। इस मामले में तस्वीर-वीर का टेलेंट अपार है। उसके लिए यह तस्वीर किसी तावीज से कम नहीं। इसकी मदद से वह हर छोटे-बड़े संकट का निवारण आसानी से कर सकता है। अगर कभी सीएम साहब को पता चल जाए कि उनकी तस्वीर इतनी करामाती है, तो वह खुद भी अपनी तस्वीर का तावीज पहनना शुरू कर दें!

एकदा

संकलन : दीनदयाल मुरारका

लक्ष्य का संकल्प

कनाडा के एक साधारण परिवार में जन्मे ब्रॉक चिशोल्म बचपन से ही दृढ़ निश्चयी और साहसी थे। प्रथम विश्व युद्ध में उन्होंने एक सैनिक के रूप में भाग लिया, घायल हुए। बाद में उन्हें इसके लिए सम्मान मिला। तमाम संघर्षों और चुनौतियों के बीच युद्ध ने उन्हें एक गहरी सीख दी- सबसे बड़ा संघर्ष मनुष्य के भीतर होता है। युद्ध के बाद उन्होंने चिकित्सा और मनोचिकित्सा का अध्ययन किया व लोगों के मानसिक दुख को समझा। उनका मानना था कि केवल शरीर का नहीं, बल्कि मन और समाज का स्वस्थ होना भी जरूरी है। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान उन्होंने सेना की चिकित्सा सेवाओं का नेतृत्व किया और बाद में कनाडा के स्वास्थ्य विभाग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1948 में वह विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के पहले महानिदेशक बने। उनके नेतृत्व में WHO ने हैजा, मलेरिया और टीबी जैसी बीमारियों से लड़ाई शुरू की। उन्होंने स्वास्थ्य को 'पूर्ण शारीरिक, मानसिक और सामाजिक कल्याण' बताया- जो आज भी दुनिया का मार्गदर्शन करता है। चिशोल्म ने कहा, 'चाहे कितना ही विरोध क्यों न हो, आप अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ें।' उनकी सबसे बड़ी सीख है, 'स्वस्थ दुनिया के लिए पहले स्वस्थ सोच जरूरी है।'

होर्मुज़ संकट ने दिखाया कुछ समुद्री मार्ग ग्लोबल इकॉनमी के लिए कितने अहम

संकरे रास्तों पर टिका व्यापार

हाल के बरसों में होर्मुज स्ट्रेट और बाब-अल-मंदेब स्ट्रेट के आसपास बढ़ते तनाव ने दुनिया का ध्यान खींचा है। ये समुद्री मार्ग छोटे और संकरे जरूर हैं, लेकिन इनका प्रभाव काफी बड़ा है। इसलिए इन्हें चोक पॉइंट्स कहा जाता है। होर्मुज स्ट्रेट है फारस की खाड़ी में और बाब-अल-मंदेब स्ट्रेट पड़ता है लाल सागर के मुहाने पर। ये व्यापार और सैन्य रणनीति, दोनों के लिए महत्वपूर्ण हैं।

अमिताभ सिंह

अर्थव्यवस्था को खतरा । अगर ये बंद हो जाएं तो सप्लाई चेन बाधित होने का अंदेशा रहता है। तेल की कीमतें बढ़ सकती हैं और महंगाई बढ़ने का भी खतरा है। इससे वैश्विक अर्थव्यवस्था भी अस्थिर हो सकती है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) के अनुसार, दुनिया में ऐसे करीब 24 चोक पॉइंट्स हैं, लेकिन 7-8 सर्वाधिक संवेदनशील हैं। इनके बंद होने से ऊर्जा और कंटेनर शिपिंग बुरी तरह प्रभावित हो सकती है।

रणनीतिक जलमार्ग । ये रास्ते इतने महत्वपूर्ण हैं कि कोई देश इन्हें बंद करने की जुर्रत नहीं करता। होर्मुज स्ट्रेट से ही दुनिया का करीब 20–25% तेल और काफी LNG गुजरता है। स्वेज नहर और बाब-अल-मंदेब स्ट्रेट मिलकर करीब 12% वैश्विक व्यापार संभालते हैं। मलक्का स्ट्रेट से करीब 30% वैश्विक व्यापार होता है। पनामा नहर अटलांटिक और प्रशांत महासागरों को जोड़ती है और 5% कंटेनर व्यापार संभालती है। जिब्राल्टर स्ट्रेट, बोस्फोरस स्ट्रेट और डार्डनेल्स स्ट्रेट काला सागर और यूरोप के लिए जरूरी हैं। साथ ही ताइवान स्ट्रेट से 40% कंटेनर जहाज गुजरते हैं। इसलिए ये जलमार्ग बहुत रणनीतिक और संवेदनशील माने जाते हैं।

दूसरे रास्ते लंबे । तीन कारणों से इन चोक पॉइंट्स को जरूरी माना जाता है। यहां से भारी मात्रा में व्यापार होता है। इसलिए अगर यहां कोई रुकावट आती है तो उसका असर तुरंत दिखने लगता है। बीमा लागत बढ़ जाती है, जहाजों को लंबा रास्ता लेना पड़ता है।



ताकत दिखाने का जरिया । इन रास्तों पर नियंत्रण रखने से कोई भी देश अपनी सैन्य ताकत दिखा सकता है। व्यापारिक प्रतिबंध लगा सकता है और अपने व्यापार मार्गों को सुरक्षित कर सकता है। नौसैनिक शक्ति की प्रतिस्पर्धा में इन चोक पॉइंट्स की भूमिका खासी महत्वपूर्ण मानी जाती है। इनमें से कुछ खास चोक पॉइंट्स का महत्व और भी ज्यादा है।

ऊर्जा चोक पॉइंट । होर्मुज स्ट्रेट वैश्विक ऊर्जा का सबसे अहम चोक पॉइंट है। यह ईरान और ओमान के बीच स्थित है। हर दिन लगभग 1.7–2 करोड़ बैरल तेल इसी मार्ग से गुजरता है, जो फारस की खाड़ी से एशिया, यूरोप और अमेरिका तक पहुंचता है।

लाल सागर का द्वार । अगर होर्मुज स्ट्रेट महत्वपूर्ण एनर्जी (तेल-गैस) चोक पॉइंट है, तो बाब-अल-मंदेब स्ट्रेट एशिया और यूरोप के बीच व्यापार का मुख्य मार्ग। दुनिया का लगभग 10–12% समुद्री व्यापार इसी मार्ग से होता है। अगर यह बंद हो जाए, तो जहाजों को केप ऑफ गुड होप के चारों ओर लंबा और महंगा रास्ता तय करना पड़ेगा।

चीन का मुख्य मार्ग । मलक्का स्ट्रेट एशिया के व्यापार और ऊर्जा के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यह मार्ग इंडोनेशिया, मलेशिया और सिंगापुर के बीच संकरा है। यहां किसी तरह की रुकावट आती है, तो जहाजों को सुंडा या लोम्बोक मार्ग से होकर गुजरना पड़ेगा, जो काफी लंबा और खर्चीला साबित होगा।

संघर्ष का कारण । आसान भाषा में कहा जाए तो होर्मुज स्ट्रेट और बाब-अल-मंदेब स्ट्रेट ने दिखाया कि छोटे समुद्री मार्ग कैसे वैश्विक व्यापार व भू-राजनीति को प्रभावित कर सकते हैं। ये रास्ते आर्थिक झटकों को बढ़ा सकते हैं। छोटे देशों की ताकत में इजाफा कर सकते हैं और बड़े संघर्ष को शुरू करने का कारण बन सकते हैं। सुरक्षित और वैकल्पिक मार्गों, साथ ही कानूनी नियमों के बिना ये चोक पॉइंट्स भविष्य में टाइम बम बने रहेंगे।



(लेखक JNU में स्कूल ऑफ इंटरनैशनल स्टडीज के असोसिएट प्रोफेसर हैं)

BJP के लिए ज़रूरी होगी नीतीश की छाया

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्यसभा जाने से पहले इस्तीफा देंगे या नहीं, यह तय नहीं है। हालांकि गृह विभाग ने उनकी सुरक्षा बढ़ा दी है और पत्र जारी कर कहा है कि जब वह राज्यसभा सांसद बनेंगे, तब उन्हें जेड प्लस सुरक्षा मिलेगी। इस बीच राज्य में नए मुख्यमंत्री को लेकर चर्चाएं तेज हैं।

प्रियरंजन भारती

फैसला अनिश्चित । नीतीश के उत्तराधिकारी को लेकर भी राजनीति चल रही है। उनके बेटे निशांत की राजनीति में एंट्री और उन्हें आगे बढ़ाने की चर्चा है। JDU अपने नेता को मुख्यमंत्री बनाने का BJP पर दबाव बना रही है। हालांकि नीतीश सार्वजनिक रूप से डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी को जिम्मेदारी संभालने के संकेत दे रहे हैं। फिर भी उनके रेकॉर्ड को देखते हुए अंतिम फैसला अनिश्चित माना जा रहा।

विकल्प की तलाश । BJP अपना मुख्यमंत्री बनाना चाहती है। लेकिन, पार्टी नीतीश की राजनीतिक छाया से बाहर नहीं जाना चाहती, क्योंकि उनका मजबूत वोट बैंक और सामाजिक समर्थन महत्वपूर्ण है। पार्टी पर यह भी दबाव है कि वह पिछड़ा, अति पिछड़ा या महादलित वर्ग से उम्मीदवार चुने, जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) की विचारधारा से जुड़ा हो। सम्राट इस समीकरण में फिट बैठ रहे, लेकिन वह संघ से नहीं जुड़े हैं।

नए पर दांव । BJP एक बार फिर नए चेहरे पर दांव लगा सकती है। प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह की रणनीति के तहत लो प्रोफाइल संघी पृष्ठभूमि या महिला मुख्यमंत्री भी चर्चा में हैं।

कॉमन रूम

नीतीश की चुनौती । NDA में नीतीश सर्वमान्य नेता माने जाते रहे हैं। मगर, वह अपने करीबियों से कमजोर पड़ते दिखे। ललन सिंह का केंद्रीय मंत्री बनना, संजय झा का उभार और अशोक चौधरी की नजदीकी ने BJP से रिश्ते मजबूत किए। अब इन नेताओं पर ही नीतीश के राज्यसभा जाने की पटकथा गढ़ने के आरोप लग रहे।

किसका मुख्यमंत्री । हालांकि, अब तक यह साफ नहीं है कि मुख्यमंत्री किस पार्टी से होगा, लेकिन निशांत को नीतीश की विरासत और जनाधार का लाभ मिलेगा। इसलिए उनका नाम भी मुख्यमंत्री पद के लिए चल रहा है। रणनीति है कि RJD और कांग्रेस के विधायकों को तोड़कर JDU की संख्या बढ़ाई जाए, ताकि विधानसभा में CM का दावा मजबूत हो। यह BJP पर दबाव और नीतीश की दिल्ली शिफ्टिंग की पटकथा का हिस्सा दिख रहा है।

घटक दल चुप । NDA के अन्य दल चुप हैं। मुख्यमंत्री का फैसला BJP और नीतीश कुमार के बीच तय होगा। कहा जा रहा है कि निशांत को उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री बनाया जा सकता है। JDU विधानसभा अध्यक्ष की मांग पर अड़ा है। विजय चौधरी फिर इस पद पर आ सकते हैं। उन्हें उपमुख्यमंत्री बनाने की भी संभावना है।

THE SPEAKING TREE

और पढ़ने के लिए देखें www.speakingtree.nbt.in

परेशानियां सदा ठहरी नहीं रहतीं, समय हर समस्या का समाधान

संजय तेवतिया

जीवन एक सफर है, और इसमें सुख व दुख - दोनों ही हमारे साथी होते हैं। कभी इस सफर का रास्ता सरल लगता है, तो कभी चुनौतियों से भरा। ऐसे में जो गुण हमें संभाले रखता है और हमारा मनोबल बढ़ाता है, वह है धैर्य। यही वह शक्ति है, जो हमें हर परिस्थिति में संतुलित रहने की प्रेरणा देती है और यह विश्वास दिलाती है कि कठिन समय हमेशा नहीं रहता।

जब जीवन में परेशानियां आती हैं, तो मन घबरा जाता है। हमें लगता है कि दुख कभी समाप्त नहीं होगा। लेकिन, प्रकृति का नियम स्पष्ट है कि कुछ भी स्थायी नहीं होता। जैसे दिन के बाद रात और फिर रात के बाद दिन आता है, वैसे ही हर कठिन समय के बाद अच्छे दिन भी आते हैं। इस सत्य को समझ लेना ही आध्यात्मिकता की पहली सीढ़ी है। धैर्य का अर्थ केवल प्रतीक्षा करना नहीं, उस कठिन समय को सकारात्मक सोच और विश्वास के साथ जीना है। जब हम धैर्य रखते हैं, तो अपने भीतर छिपी शक्ति को पहचानते हैं।

AI Image

इससे हमें सीख मिलती है कि परिस्थितियां चाहे जैसी भी हों, मन को स्थिर रखना आवश्यक है। यही स्थिरता हमें सही निर्णय लेने की क्षमता देती है।

अक्सर हम समस्याओं का तुरंत समाधान चाहते हैं, लेकिन हर समस्या का हल समय के साथ ही होता है। अधीरता हमें गलत निर्णयों की ओर ले जा सकती है, जो जीवन को और कठिन बना देते हैं। इसलिए धैर्य केवल एक गुण नहीं, सफलता की कुंजी है। आध्यात्मिक दृष्टि से हर दुख एक सीख लेकर आता है। यह हमें मजबूत बनाता है और हमारी क्षमताओं को निखारता है। ईश्वर पर विश्वास धैर्य को और मजबूत करता है। जब हमें यह भरोसा होता है कि एक अदृश्य शक्ति हमें सही दिशा में ले जा रही है, तब हम हर परिस्थिति को सहजता से स्वीकार करना सीख जाते हैं।

जीवन का सत्य है कि आज का दुख कल की शक्ति बन सकता है। इसलिए जब भी कठिन समय आए, घबराना नहीं, धैर्य बनाए रखना है, विश्वास को टिकाए रखना है, क्योंकि यह समय भी बीत जाएगा और अच्छा अवसर मिलेगा।

कांटे की बात

हिमंत बिस्वा सरमा, *असम के मुख्यमंत्री*

छोटी बात, बड़ा फ़र्क़

रामकथा बनी मोरन के लिए संजीवनी

राजस्थान के डूंगरपुर जिले के खड़गदा गांव में मृत हो चुकी मोरन नदी को गांव वालों ने आपसी सहयोग से पुनर्जीवित कर दिया। कभी कचरे और प्रदूषण से भरी यह नदी अब स्वच्छ और आकर्षक रिवर फ्रंट में बदल रही है।

AI image

रामकथा से जुटाई रकम

ग्रामीणों ने 9 दिवसीय रामकथा के जरिये मोरन नदी के लिए फंड जुटाया। लोगों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की। प्रॉजेक्ट पर अब तक 2.5 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं। ग्रामीणों ने नदी की सफाई कर किनारों पर 20 फीट चौड़ी सड़कें बनाई हैं। एक किमी क्षेत्र में 500 फीट चौड़ी और 25 फीट गहरी नदी ने 40 करोड़ लीटर पानी सहेजने की क्षमता हासिल कर ली है।

जीवन का आधार नदी

खड़गदा गांव के लिए मोरन नदी काफी जरूरी है। यह नदी पूरे क्षेत्र के लिए सिंचाई और पीने के पानी का मुख्य स्रोत है। इसे वागड़ क्षेत्र की लाइफ लाइन भी कहा जाता है। ग्रामीणों ने बंद पड़े 13 मुख्य मार्गों को खोलकर नदी तक पहुंच आसान बनाई है।

अभिषेक मिश्र

जनता जंक्शन — इरफान

केरल में इतनी आसान नहीं है UDF की राह

हेमंत राजौरा

विशुद्ध राजनीति — कसौटी

केरल में 9 अप्रैल को मतदान है। एक ओर 10 बरसों से सत्ता से बाहर कांग्रेस नेतृत्व वाला यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (UDF) है, तो दूसरी ओर मुख्यमंत्री पिनराई विजयन का लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (LDF)। UDF के लिए यह चुनाव करो या मरो की लड़ाई बन गया है और विजयन के विकास और योजनाओं के बूते LDF तीसरी बार सत्ता में लौटने का दावा कर रहा है। मुकाबले को NDA ने और दिलचस्प बना दिया है। BJP यहां सीमित आधार के बावजूद वोट शेयर बढ़ाकर खेल बिगाड़ने की स्थिति में दिख रही है।

अंतर्कलह बनी चुनौती

चुनाव का बड़ा मुद्दा LDF सरकार के खिलाफ संभावित एंटी-इनकम्बेंसी है। राज्य में पिछले 10 बरसों से वाम मोर्चा सत्ता में है और विपक्ष इसी को हथियार बना रहा है। UDF का दावा है कि हालिया निकाय चुनाव और 2024 के लोकसभा चुनाव में उसके बेहतर प्रदर्शन ने सत्ता में वापसी की जमीन तैयार की है।

हालांकि, UDF के लिए उसका अपना संगठन और नेतृत्व ही चुनौती बन सकता है। LDF पूरी तरह विजयन के चेहरे पर चुनाव लड़ रही है, जबकि UDF ने अब तक अपने मुख्यमंत्री उम्मीदवार का नाम नहीं बताया है। केरल में प्रचार के दौरान राहुल गांधी ने नेताओं की आपसी कलह दूर करने की कोशिश तो की है, लेकिन यह प्रयास सफल होता है या नहीं यह चुनावी नतीजों से पता चलेगा। केरल में मुसलमान और ईसाइयों की भूमिका निर्णायक है और UDF का झुकाव इनमें ज्यादा है। UDF को उम्मीद है कि अल्पसंख्यक वोटों का मजबूत ध्रुवीकरण उसके पक्ष में हो सकता है।

BJP कमजोर नहीं

केरल में BJP भले अब तक सत्ता से दूर है, लेकिन उसका वोट शेयर 12-15% हो चुका है। त्रिशूर लोकसभा और तिरुवनंतपुरम नगर निगम में उसके प्रत्याशियों की जीत ने यह बता दिया है कि पार्टी का प्रभाव बढ़ रहा है। यह UDF के लिए दोधारी तलवार की तरह है, क्योंकि यह LDF के वोट बैंक में सेंध लगाने के साथ त्रिकोणीय मुकाबले में UDF का खेल बिगाड़ सकता है।

इस बार सबरीमाला विवाद एक बार फिर सुर्खियों में है। मंदिर से सोने की चोरी को लेकर UDF लगातार LDF सरकार पर हमलावर है। भ्रष्टाचार और प्रशासनिक विफलता के आरोप भी लगाए जा रहे हैं। हालांकि, LDF को अपनी योजनाओं पर पूरा भरोसा है। केरल के निकाय चुनावों को विधानसभा चुनाव का सेमीफाइनल माना जा रहा था। इनमें UDF की बढ़त ने कार्यकर्ताओं में जोश भरा है। केरल में पिछले 15 बरसों का इतिहास है कि पंचायत और नगर निकाय चुनावों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले गठबंधन ने विधानसभा चुनाव में भी दमदार प्रदर्शन किया है।

मुकाबला आसान नहीं

भले ही इस बार के चुनाव को UDF बड़ा अवसर मान रहा हो, लेकिन मुकाबला आसान नहीं होने वाला है। एंटी-इनकम्बेंसी, हालिया प्रदर्शन और सामाजिक समीकरण उसके पक्ष में जाते दिख रहे हैं, लेकिन जीत अंतर्कलह और मतभेद दूर करने से ही मिलेगी। अगर गठबंधन ऐसा कर लेता है, तब वापसी संभव है। मगर, तालमेल में थोड़ी भी कमी दिखी तो LDF इतिहास रच देगा। 4 मई को आने वाले चुनाव के नतीजों से तस्वीर साफ हो जाएगी।

रीडर्स मेल

रेवड़ी संस्कृति ठीक नहीं

7 अप्रैल का लेख 'चुनावी सौगातों से इकॉनमी का होगा बुरा हाल' पढ़ा। राजनीतिक दलों के बीच मुफ्त उपहारों की घोषणाओं की होड़ मची है। चुनाव जीतने का यह शॉर्टकट निष्पक्षता कमजोर करता है। इसके चलते आज कई राज्य भारी कर्ज के जाल में फंस चुके हैं। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस 'रेवड़ी संस्कृति' पर गहरी चिंता जताते हुए इसे अर्थव्यवस्था के लिए खतरा बताया है। यदि फ्रीबीज पर होने वाले खर्च को शिक्षा, स्वास्थ्य और उद्योगों में निवेश किया जाए, तो यह स्थायी लाभ होगा। यदि सरकारें रोजगार के पर्याप्त अवसर पैदा करें, तो जनता को 'मुफ्त' की निर्भरता से बाहर निकाला जा सकता है।

पैंथर तोमर, किशन गंज

nbtedit@timesofindia.com पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 08-04-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGR11 User: rajesh.mishra@timesofindia.com Time: 04-07-2026 22:01 Color:

NBT GOOD न्यूज़

मुस्कुराते चेहरों को जल्द पहचानता है दिमाग

रिसर्च बताती है कि हमारा दिमाग गुस्से वाले या आम चेहरों के मुकाबले मुस्कुराते हुए चेहरों को जल्दी पहचानता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि हमारा दिमाग खुशी को सबसे पहले नोटिस करने के लिए ही बना है।

विचार

कोई भी काम शुरू में असंभव लगता है। लेकिन जब आप उसे पूरा कर लेते हैं, तो वही काम संभव और प्रेरणा देने वाला बन जाता है। असली फर्क हमारे हौसले और लगातार कोशिश करने में छिपा होता है।

– नेल्सन मंडेला (Nelson Mandela)

ज़रा हंस लें

मालकिन: आज तुमने रोटी में ज्यादा घी लगा दिया।
नौकरानी: गलती से हो गई मालकिन, लगता है, गलती से मैंने आपकी अपनी रोटी दे दी।

कविता

वाणी का महत्व

यदि कोई तुम्हारी त्रुटियों को इंगित करता है,
तो उसे अर्जन की कृतज्ञता अर्पित करो।
वह मात्र हितचिंतक नहीं, अपितु तुम्हारे व्यक्तित्व का मौन शिल्पी है,
जो अपनी मेधा और बहुमूल्य समय को तुम्हें 'पूर्णता' के सांचे में ढालने हेतु व्यय कर रहा है।
दोषों का दहन ही, दिव्यता का आरंभ है।
स्मरण रहे, संगति का प्रभाव अमिट होता है।
स्वार्थ के पाश में बंधे मनुष्य का सान्निध्य
तुम्हारी चेतना को 'विवश' कर देगा,
जहां तुम केवल एक साधन बनकर रह जाओगे।
किंतु, सत्यनिष्ठ और निश्छल आत्मा की मैत्री
तुम्हें वह 'संबल' प्रदान करेगी,
जो तुम्हें हिमालय सा अडिग और सुदृढ़ बना दे।
यह भौतिक स्वरूप, यह काया और लावण्य,
काल के क्रूर प्रहारों से धूमिल हो ही जाते हैं।
किंतु 'वाणी' वह शाश्वत आभूषण है,
जो समय की धूल में भी अपनी आभा नहीं खोता।

– दिनकर दीक्षित 'मनु', NBT रीडर

पॉजिटिव सोच के साथ आपने भी कोई कविता लिखी है, तो हमें ईमेल nbtreader@timesofindia.com पर भेजें। जिसे मिल सकता है अगले अंक में छपने का मौका।

रोज़ सुबह गांव के प्रधान रिक्शा लेकर खुद घर-घर से इकट्ठा करते हैं कचरा

Isha.Jain
@timesofindia.com

गांव के प्रधान परमेश्वर पाल ने रघुनाथपुर को बदलाव की एक नई राह दिखाई है

■ उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में एक छोटा सा गांव है रघुनाथपुर। सुबह 7 बजे गांव की तंग गलियों से एक ई-रिक्शा गुजरने लगता है। इस रिक्शे को चला रहे होते हैं गांव के प्रधान परमेश्वर पाल। यह कोई सरकारी आदेश नहीं है, न ही किसी ने उन्हें ऐसा करने के लिए मजबूर किया है। यह एक प्रधान का अपने गांव के प्रति वो अटूट प्यार है, जिसने रघुनाथपुर को बदलाव की एक नई राह दिखाई है।

करीब 2,500 की आबादी वाला रघुनाथपुर भी भारत के किसी भी आम गांव जैसा ही था। वहां की नालियां प्लास्टिक की थैलियों से भरी रहती थीं, खेतों में कचरा सड़ता था और सार्वजनिक जगहों पर गंदगी का ढेर लगा रहता था। प्रधान परमेश्वर पाल को महसूस हुआ कि कागजों पर निर्देश देने से गांव की सूरत नहीं बदलेगी। उन्होंने तय किया कि वो खुद घर-घर जाकर कचरा उठाएंगे।

परमेश्वर पाल बताते हैं कि बदलाव का सफर इतना आसान नहीं था। शुरुआत में जब उन्होंने घरों में प्लास्टिक जमा करने के लिए कचरे के बोरे बांटे, तो कुछ लोगों ने उन्हें फेंक दिया। कई लोगों को लगा कि ये अजीब काम शुरू कर दिया है। लेकिन परमेश्वर ने जुर्माना लगाने या डांटने के बजाय बातचीत का रास्ता चुना। वे हर दरवाजे पर गए, लोगों से मिले और उन्हें समझाया कि प्लास्टिक मुक्त गांव किसी एक का सपना नहीं, बल्कि सबकी जिम्मेदारी है।

इस मुहिम के नतीजे दिखने लगे हैं

■ **300 से ज्यादा** गांव के परिवार अब खुद कचरा अलग करके प्रधान को देते हैं।

■ **200 किलो** से ज्यादा प्लास्टिक कचरा अब तक हटाया जा चुका है।

■ **2,000 रुपये** का रेवेन्यू भी कमाया है रीसायकल कचरे से पंचायत ने। रकम भले छोटी लगे, लेकिन इसके पीछे का संदेश बहुत बड़ा है।

कैसे काम करता है ये दिलचस्प मॉडल?

घोरावल ब्लॉक के इस गांव में अब व्यवस्था एकदम साफ है। हर सुबह परमेश्वर पाल अपने ई-रिक्शा के साथ निकलते हैं। घरों से प्लास्टिक कचरा इकट्ठा किया जाता है और उसे 'रीसोर्स रिकवरी सेंटर' ले जाया जाता है। वहां कचरे को अलग-अलग किया जाता है। जो चीजें रीसायकल हो सकती हैं, उन्हें बेच दिया जाता है और बाकी का सुरक्षित तरीके से निपटान किया जाता है।

■ प्रधान परमेश्वर पाल के इस जज्बे को अब सरकारी स्तर पर भी सराहना मिल रही है। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत 'पंचायत और स्वच्छता विभाग' ने भी उनके काम को एक मिसाल के तौर पर पेश किया है।

■ परमेश्वर पाल कहते हैं कि मेरा मकसद सिर्फ सफाई करना नहीं है, बल्कि मैं चाहता हूं कि ये आदत गांव के लोगों के खून में बस जाए।

5000 से ज़्यादा युवाओं को दी ट्रेनिंग

रिंग के ये किंग 70 की उम्र में भी सिखा रहे मुक्केबाज़ी

Joy.Theophilus
@timesofindia.com

■ **चेन्नै:** युवाओं के लिए वो 'बॉक्सिंग चैम्पियन' हैं, वही किरदार ने स्पोर्ट्स ड्रामा 'सरपट्टा परंबरई' (2021) में बड़ी भूमिका में था। फिल्म में गजपति डी ने बॉक्सर आर्य को उनकी फाइनल और जीत दिलाने वाली फाइट के लिए ट्रेन किया था। असल जिंदगी में भी 70 साल के गजपति सिर्फ एक किरदार नहीं, बल्कि नॉर्थ मद्रास के बॉक्सिंग जगत के एक बड़े नाम हैं। पिछले 46 साल में गजपति ने करीब 5,000 लोगों को बॉक्सिंग की ट्रेनिंग दी है, जिनमें ज्यादातर गरीब तबके से आते हैं। उनकी ट्रेनिंग से कई युवाओं को स्पोर्ट्स कोटा के जरिए सरकारी नौकरी मिली और उनकी जिंदगी बदल गई। फिल्म के डायरेक्टर पा रंजीत भी उनसे ट्रेनिंग ले चुके हैं।

गजपति बताते हैं कि उनकी जिंदगी के संघर्ष ने ही उन्हें दूसरों को सिखाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने 12 साल की उम्र में बॉक्सिंग शुरू की थी और 19 साल की उम्र में रेलवे में नौकरी मिली। 24 साल की उम्र से उन्होंने दूसरों को ट्रेनिंग देना शुरू कर दिया। उनका कहना है कि आज भी उन्हें खुद बॉक्सिंग करने से ज्यादा खुशी दूसरों को सिखाने में मिलती है।

उन्होंने पहले अयनावरम में क्लास शुरू की, फिर ICF पेरंबूर और अब कोराट्टूर में ट्रेनिंग दे रहे हैं। एक स्टूडेंट तो इंटरनैशनल लेवल तक पहुंचा और अब हरियाणा में कोच है। वो समय-समय पर उनसे मिलने आता है। 2012 में रेलवे से रिटायर होने के बाद भी गजपति ने ट्रेनिंग देना नहीं छोड़ा। उनका कहना है कि वह जब तक संभव होगा, सिखाते रहेंगे। फिट रहने के लिए वह रोज साइकिलिंग करते हैं। गजपति का मानना है कि आज के युवाओं में पहले जैसा स्टैमिना और फिटनेस नहीं रही। जंक फूड और देर रात तक जागना इसकी बड़ी वजह है। वे हमेशा यही सलाह देते हैं कि बॉक्सिंग से युवाओं में अनुशासन और एकाग्रता बढ़ेगी। जैसे उनके आदर्श मुहम्मद अली में थी।

गजपति डी, बॉक्सिंग कोच

लौटेगा बचपन, 25000 खिलौनों में दिखेगा 5000 साल का सफर

Tushar.Tere
@timesofindia.com

■ **वडोदरा के** पास धानियावी गांव की ओर जाते हुए जल्द ही एक ऐसी दुनिया बसने जा रही है, जहां कदम रखते ही हर किसी का बचपन लौट आएगा। यह कोई साधारण म्यूजियम नहीं, बल्कि खिलौनों के जरिए हजारों साल की सभ्यताओं, संस्कृतियों और कहानियों को समेटे एक जादुई दुनिया होगी।

इस दुनिया के पीछे हैं वडोदरा के आर्ट कलेक्टर चंद्रशेखर पाटिल (48), जिन्होंने पिछले करीब 40 सालों में 25,000 से ज्यादा खिलौनों का ऐसा अनोखा कलेक्शन तैयार किया है, जो समय और देशों की सीमाओं को पार करता है। अब उनका यह सपना हकीकत बनने जा रहा है—गुजरात का सबसे बड़ा टॉय म्यूजियम जल्द ही लोगों के लिए खुलने वाला है।

आर्ट कलेक्टर चंद्रशेखर पाटिल (48)

इस चार मंजिला म्यूजियम में सिर्फ खिलौने नहीं होंगे, बल्कि हर खिलौना एक कहानी सुनाएगा। यहां 5,000 साल पुराने हड़प्पा काल के हाथ से बने लकड़ी के खिलौनों से लेकर आज के आधुनिक ट्रांसफॉर्मर रोबोट्स तक सब दिखेंगे।

खिलौनों का खजाना

■ **हड़प्पा सभ्यता:** उस समय के खिलौने काफी समझदारी और हुनर से बनाए गए थे। इससे पता चलता है कि लोग बहुत आगे थे।

■ **गुप्त काल:** अमीर लोगों के लिए सोने के खिलौने बनते थे। मध्यम वर्ग के लिए चांदी के और गरीबों के लिए मिट्टी के खिलौने होते थे।

■ **मुगल काल:** छोटे-छोटे सैनिक, राजा, हाथी, घोड़े, बाघ और शेर जैसे खिलौने बनाए जाते थे।

■ **मराठा काल:** सैनिक, घोड़े, बैलगाड़ी और शिवाजी महाराज से जुड़े खिलौने ज्यादा बनते थे। धार्मिक कार्यक्रमों से जुड़े खिलौने भी काफी लोकप्रिय थे।

रंगों में रची कोन्याक की गौरव गाथा

संस्कृति को जीने का जश्न

PTI

कदमों की थाप और गीतों की खनक से गूंजती नगालैंड की वादियां। मोन जिले के लोंगवा गांव में ओलिंग महोत्सव में के दौरान कोन्याक समुदाय की महिलाओं ने मनमोहक पारंपरिक नृत्य किया। सतरंगी लिबास में थिरकते ये कदम सिर्फ जश्न नहीं, बल्कि एक गौरवशाली विरासत का जीवंत सबूत है। यह उत्सव वसंत के आगमन और नई फसल के मौसम की शुरुआत का प्रतीक है।

THE ECONOMIC TIMES

फटाफट खबरें

वोडा-आइडिया को DoT से राहत

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** टेलिकॉम डिपार्टमेंट (DoT) को उम्मीद है कि वोडाफोन आइडिया (Vi) के AGR बकाया की दोबारा जांच (री-असेसमेंट) का काम जून तक पूरा हो जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, पहले जांच पूरा करने के लिए 31 मार्च तक का समय तय किया गया था। लाइसेंस फीस की अंदरूनी जांच पूरी होने के बाद अब स्पेक्ट्रम यूसेज चार्ज (SUC) की समीक्षा चल रही है। इसी वजह से समय-सीमा को बढ़ाकर जून कर दिया गया है।

IPO मंजूरी की समय-सीमा बढ़ी

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच बाजार नियामक सेबी (Sebi) ने मंगलवार को IPO की मंजूरी की समय-सीमा को 30 सितंबर तक बढ़ा दिया है। सेबी ने कहा कि जिन कंपनियों की मंजूरी वाली खिड़किया 1 अप्रैल से 30 सितंबर के बीच खत्म हो रही थीं, वे अब 30 सितंबर 2026 तक मान्य रहेंगी। अभी मंजूरी मिलने की तारीख से 12 या 18 महीने के भीतर अपना आईपीओ बाजार में लाना होता है।

ट्रंप की डेडलाइन, कच्चा तेल चढ़ा

ब्रेंट क्रूड $111.36 पर पहुंचा, डॉलर के मुकाबले रुपया 16 पैसे फिसला

■ **एपी, न्यू यॉर्क :** अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की ईरान को लेकर नई धमकी ने दुनिया भर के शेयर बाजार में खलबली मचा दी है। युद्ध के डर से कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। इस धमकी के बाद S&P 500 इंडेक्स 0.7% गिर गया। मंगलवार सुबह तक Dow Jones 210 अंक (0.5%) नीचे था, जबकि Nasdaq 1.1% गिर गया। अमेरिकी क्रूड की कीमत 3.9% बढ़कर 116.83 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गई। अंतरराष्ट्रीय मानक माना जाने वाला ब्रेंट क्रूड 0.7% बढ़कर 111.36 डॉलर पर पहुंच गया। यह फरवरी के आखिर में युद्ध शुरू होने से पहले के 70 डॉलर के स्तर से कहीं ज्यादा है। वहीं, बिटकॉइन की कीमत गिरने से क्रिप्टोकरेंसी से जुड़ी कंपनियों को भी घाटा हुआ। Coinbase 4.6% और माइक्रोस्ट्रैटजी 4.1% नीचे गिर गए। विदेशी बाजारों में यूरोप के ज्यादातर इंडेक्स गिर गए।

वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान को दी गई डेडलाइन और रिजर्व बैंक (RBI) की तरफ से होने वाली मॉनिटरी पॉलिसी की समीक्षा से पहले निवेशकों में बेचैनी रही। मंगलवार को रुपया 16 पैसे की कमजोरी के साथ 93.06 के स्तर पर बंद हुआ।

AI Image

शेयर बाज़ार ने लगाया तेज़ी का चौका

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** शेयर बाजार में मंगलवार को तेजी का चौका लगा है। सेंसेक्स और निफ्टी लगातार चौथे दिन बढ़त के साथ बंद हुए। हालांकि दिन की शुरुआत गिरावट के साथ हुई थी और बाजार में काफी उतार-चढ़ाव रहा, लेकिन IT और FMCG शेयरों में आई खरीदारी ने इसे संभाल लिया। 30 शेयरों वाला BSE सेंसेक्स 509.73 अंक (0.69%) चढ़कर 74,616.58 पर बंद हुआ। दिन के दौरान इसमें काफी उतार-चढ़ाव देखा गया। यह 74,696.32 के ऊंचे स्तर तक गया और 73,282.41 के निचले स्तर तक गिरा। दिनभर में इसमें 1,403.91 अंकों की भारी हलचल रही। वहीं, 50 शेयरों वाला NSE निफ्टी 155.40 अंक (0.68%) की बढ़त के साथ 23,123.65 पर बंद हुआ। सेक्टर के हिसाब से देखें तो आईटी इंडेक्स में 2.37% से ज्यादा की तेजी रही। इसके अलावा रियल्टी (1.70%), मेटल (1.55%), कमोडिटी और एफएमसीजी सेक्टर भी बढ़त में रहे। वहीं, PSU बैंक, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और सर्विस सेक्टर के शेयर नुकसान में रहे।

हलचल के बीच सावधानी बरत रहे हैं निवेशक

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और ईरान के खिलाफ ट्रंप की डेडलाइन को लेकर सावधानी की वजह से बाजार कमजोरी के साथ खुला था। बढ़त मुख्य रूप से IT, FMCG और मेटल शेयरों तक ही सीमित रही। बाकी मार्केट में सुस्ती देखी गई, जो निवेशकों की सावधानी को दिखाती है। बाजार में डर का माहौल बताने वाला इंडेक्स (VIX) 25 के आसपास रहा, जो काफी ज्यादा है। फिर भी निवेशकों ने घबराने के बजाय समझदारी दिखाई।

सोने-चांदी में गिरावट

ऑल इंडिया ज्वैलर्स असोसिएशन के मुताबिक, चांदी की कीमत 2,000 रुपये (करीब 1%) गिरकर 2,40,000 रुपये प्रति किलो (सभी टैक्स समेत) हो गई है। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 600 रुपये (0.4%) फिसलकर 1,53,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया।

टैक्सपेयर्स के लिए आया नया फॉर्म 121, जानें क्या है खास?

इंटरेस्ट, डिविडेंड जैसी आय पर TDS कटने से बचाने में मिलेगी मदद

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** इनकम टैक्स विभाग ने फॉर्म 121 के रूप में एक नया फॉर्म जारी किया है। यह 15G और 15H की जगह लेगा। इससे इंटरेस्ट, डिविडेंड जैसी इनकम पर TDS कटने से बचाने में मदद मिलेगी। ऐसे मामलों में इनकम टैक्स एक्ट 1961 के तहत 60 साल से कम के लोगों को 15G और सीनियर सिटीजन को 15H का उपयोग करना होता था। नया कानून लागू होने के साथ इन दोनों की जगह अब फॉर्म 121 आ गया है और उम्र के चलते अलग-अलग फॉर्म की स्थिति भी खत्म हो गई है।

■ **कहां आएगा काम? :** फॉर्म 121 के जरिए टैक्सपेयर यह डिक्लेयर कर देगा कि टैक्स ईयर में उसकी कुल अनुमानित आमदनी पर टैक्स नहीं बनता। इसे समय रहते बैंक या पेमेंट करने वाले के पास जमा करना होगा। अप्रैल में ही फॉर्म 121 जमा कर देने पर टैक्स ईयर 2026-27 के किसी भी महीने में TDS कटने की सूरत नहीं बनेगी। डिविडेंड, प्रॉविडेंट फंड से निकासी, पेंशन, इंश्योरेंस कमीशन, किराया, म्यूचुअल फंड से इनकम, लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी से जुड़े पेमेंट जैसे मामलों में यह फॉर्म काम आएगा।

■ **कब तक वैलिड रहेगा? :** यह फॉर्म एक बार जमा करने पर उस टैक्स ईयर के लिए वैलिड रहेगा। अगर कई बैंकों में एफडी हो, तो हर बैंक के पास यह फॉर्म जमा करना होगा। इसी तरह पोस्ट ऑफिस, रेंट, पेंशन वगैरह सहित ऐसे भुगतान के मामले में भुगतान करने वाली संस्था के पास इसे अलग-अलग जमा करना होगा। पेयर की ओर से पेमेंट होने की तारीख या इंटरेस्ट जुड़ने की तारीख से पहले यह फॉर्म जमा करना होगा।

■ **अगर जमा न करें तो? :** अगर टैक्स ईयर में एफडी पर ब्याज तय सीमा से ज्यादा हो और फॉर्म 121 जमा न किया गया हो, तो बैंक TDS काट लेगा। सीनियर सिटीजन के मामले में टैक्स ईयर में एक लाख से ज्यादा ब्याज होने पर TDS कटता है, वहीं बाकियों के मामले में यह लिमिट 50000 रुपये की है। हालांकि समय से यह फॉर्म न जमा हो पाए और टैक्स कट जाए, तो भी ITR भरते समय नियमों के तहत रिफंड क्लेम किया जा सकता है।

AI Image

क्या है जरूरी?

■ फॉर्म भरने वाले टैक्सपेयर का PAN बताना जरूरी है।
■ पेमेंट करने वाले का TAN भी बताना होगा।
■ एज प्रूफ देना होगा।
■ उस इनकम या इन्वेस्टमेंट की जानकारी देनी होगी जिस पर TDS नहीं कटना हो।
■ इंटरेस्ट के मामले में बैंक खाते की जानकारी देनी होगी।

Air India के CEO और MD कैंपबेल विल्सन ने दिया इस्तीफा

PTI

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स के बाद अब एयर इंडिया के सीईओ और एमडी कैंपबेल विल्सन ने भी अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इसकी जानकारी कैंपबेल ने काफी पहले से ही एयर इंडिया को दे रखी थी।

उन्होंने सितंबर, 2022 में एयर इंडिया के टाटा ग्रुप द्वारा सरकार से टेकओवर करने के बाद से ही एयर इंडिया की कमान संभाल रखी थी। उनके रिजाइन करने के बाद नए सीईओ की तलाश की जा रही है। जिसके लिए एयर इंडिया मैनेजमेंट ने नए चीफ के लिए एक कमिटी का गठन किया है।

> टाटा ग्रुप ने नए सीईओ के लिए एक कमिटी का गठन किया है

एयर इंडिया ने बताया कि न्यूजीलैंड मूल के विल्सन पिछले चार साल से टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया के सीईओ और प्रबंध निदेशक के रूप में कार्य कर रहे थे। विल्सन ने 2024 में ही एयर इंडिया के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन को 2026 में पद छोड़ने की अपनी इच्छा से अवगत भी करा दिया था। वह इस पद पर तब तक बने रहेंगे, जब तक की नए सीईओ की तलाश पूरी नहीं हो जाती। विल्सन की पिछले साल 12 जून को अहमदाबाद से लंदन जाने वाली एयर इंडिया की क्रैश हुई फ्लाइट के बाद तीखी आलोचना हुई थी। हादसे में 250 से अधिक लोगों की जान गई थी। इसके अलावा अन्य कई मौकों पर सुरक्षा मानकों के कथित उल्लंघन को लेकर भी उन पर सवाल उठे थे।

इस मौके पर कैंपबेल विल्सन ने भी एयर इंडिया स्टाफ को इंटरनल मैसेज देते हुए अपने कार्यकाल को शानदार बताया। उन्होंने एयर इंडिया मैनेजमेंट और स्टाफ की भी प्रशंसा की। विल्सन ने कहा है कि एयर इंडिया के निजीकरण के बाद पिछले चार साल में चार एयरलाइन कंपनियों का अधिग्रहण और सफल विलय हुआ है। उधर, एयर इंडिया एक्सप्रेस के सीईओ आलोक सिंह द्वारा पिछले महीने 19 मार्च को ही जाने से यह पद भी खाली है।

सीधे, सपाट व्यक्तित्व से बना जा सकता है ऑलराउंडर?

गैजेट रिव्यू

NBT टेक टीम

Pixel 10a
दाम 49,999 रुपये

फोटोग्राफी, डिजाइन और AI... पिक्सल 10 ए इन तीन पिलर्स पर मिड रेंज में अपना दावा पेश करता है। इसमें 8 GB रैम और टेंसर G4 प्रोसेसर है, जिसे खास पिक्सल के लिए बनाया गया है। दाम 49,999 रुपये है। स्पेक्स या लुक्स में दिखावट के बजाय यह भरोसेमंद परफॉर्मर बनने पर फोकस करता है। एआई के साथ इंटीग्रेशन इसका यूएसपी है। हालांकि 9ए के मुकाबले बहुत क्रांतिकारी अपडेट नहीं है, लेकिन चुपचाप यह अपनी जगह बनाता है।

6.3 इंच का डिस्प्ले है, जिसकी विजुअल क्वॉलिटी और टच अच्छे स्टैंडर्ड का है, रंगों को आप नेचुरल और ब्राइट डीटेल के साथ देख पाते हैं। पिक्सल 10a का नया कैमरा-लेस डिजाइन A-सीरीज के लिए अनोखा है, फिर भी इसमें पिक्सल की पहचान बरकरार है। कैमरा फोन के पिछले हिस्से में इस तरह फ्लश किया गया है कि इसे पकड़ना आरामदायक और जेब में रखना आसान होता है। इसे कहीं भी रखने पर यह पूरी तरह सपाट रहता है। टेक्सचर्ड मैट बैक और स्मूथ सैटिन मेटल फ्रेम के साथ पिक्सल 10a 4 रंगों में आता है: लैवेंडर, बेरी, फॉग और ऑब्सीडियन। इसे बनाने में रिसाइकिल कोबाल्ट, तांबा, सोना और टंगस्टन शामिल किया गया है। इसमें 100% रिसाइकिल एल्यूमीनियम फ्रेम का उपयोग हुआ है।

पिक्सल 10a का ड्यूअल कैमरा सिस्टम 48 MP के मुख्य कैमरे और 13 MP के अल्ट्रा-वाइड कैमरे से बना है। 8 एक्स जूम मिलता है। सेल्फी कैमरा 13 मेगापिक्सल का है। फोटो क्वॉलिटी पिक्सल का मजबूत पक्ष है, वाइड फ्रेम की फोटो में काफी सुधार आया है, कम रोशनी में बारीक डीटेल्स को यह कैप्चर करता है। पहली बार A-सीरीज के फोन में फोटोग्राफी सुधारने के लिए कैमरा कोच की मदद मिलेगी।

कैमरा कोच सीन को समझने के लिए जेमिनी मॉडल का उपयोग करता है। ऑटो बेस्ट टेक के साथ पिक्सल 10a ग्रुप फोटो को बेहतर बनाता है।

गूगल AI अपने आप सबसे अच्छा पल ढूंढ लेता है या सभी के बेहतरीन इमोशन छांट लेता है ताकि शटर दबाते ही हर कोई अच्छा दिखे। 'ऐड मी' फीचर की मदद से कैमरे में मौजूद गूगल AI यह सुनिश्चित करता है कि आप ग्रुप फोटो का हिस्सा बन सकें। गूगल फोटोज के साथ एडिटिंग करना बेहद सरल है।

पिक्सल 10a को लंबे समय तक चलने के लिए बनाया गया है। डिस्प्ले पर बेहतर कॉर्निंग गोरिल्ला ग्लास 7i के साथ पिक्सल 10a को खरोंच और गिरने से बचाने के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है। IP68 रेटिंग यानी पानी और धूल से भी सुरक्षित है। यह 256 GB में उपलब्ध है। लॉन्च के समय से 7 साल तक OS, सुरक्षा और पिक्सल ड्रॉप अपडेट की सुविधा इसे लंबे समय तक साथ निभाने वाला फोन बनाती है।

पिक्सल 10a एंड्रॉयड 16 के साथ पैक है। प्रोसेसर मल्टीटास्किंग को अच्छा सपोर्ट करता है लेकिन हम इसे गेमिंग फोन नहीं कहेंगे। जेमिनी जीवन को सरल और क्रिएटिव तो बनाता ही है। गूगल मैप्स से भी जुड़ सकता है और कैलेंडर से भी इंटीग्रेट किया जा सकता है। टाइप करने के बजाय हैंड्स-फ्री बातचीत के लिए 'जेमिनी लाइव' है।

पिक्सल ड्रॉप्स यानी अपडेट्स 7 साल तक इसमें कैमरा, बैटरी, कॉलिंग, AI और अन्य चीजों के लिए नए फीचर लाते रहेंगे। 30 घंटे से ज्यादा की बैटरी लाइफ मिलती है, जो इस सीरीज में काफी बेहतर है। फास्ट चार्जिंग से आधे घंटे में 50 पर्सेंट बैटरी चार्ज हो जाती है। वायरलेस चार्जिंग को सपोर्ट है, लेकिन यह स्लो है। कंपटीशन में आप सैमसंग गैलेक्सी एस25ई, वीवो वी70, वनप्लस 13s या 15आर भी देख सकते हैं।



CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 08-04-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRBP User: cci Time: 04-07-2026 22:59 Color:

जब टाइम्स स्क्वॉयर को मिला यह नाम

आज ही के दिन 1904 में न्यू यॉर्क के मशहूर इलाके टाइम्स स्क्वॉयर का नाम आधिकारिक तौर पर रखा गया। इससे पहले इसे 'लॉन्गएकर स्क्वॉयर' कहा जाता था। यह बदलाव तब हुआ जब प्रमुख अखबार 'द न्यू यॉर्क टाइम्स' ने यहां अपना मुख्यालय शिफ्ट किया। इसके बाद शहर प्रशासन ने इस इलाके का नाम बदल दिया। आज यह जगह दुनिया की सबसे व्यस्त जगहों में से एक है।

AI Images

NBT वायरल फोटो

चांद से दिखी चमकती धरती

आर्टेमिस-2 मिशन में चांद के पास से गुजरते हुए अंतरिक्षयात्रियों ने धरती की शानदार फोटो ली। इसी पेज पर पढ़ें पूरी खबर...

अब फोटो छपवाने का मौका भी

खबरों का ज्ञान

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1 ईरान के IRGC के खुफिया संगठन प्रमुख की मौत हो गई, उनका क्या नाम था?
A. हुसैन तैब B. मजिद खादेमी C. कासिम सुलेमानी

2 आर्टेमिस-2 ने धरती से सबसे लंबी दूरी का रेकॉर्ड तोड़ा है। पहले ये रेकॉर्ड किस मिशन के नाम था?
A. अपोलो-13 B. चंद्रयान C. आर्टेमिस-1

3 नवजोत कौर सिद्धू ने किस नए राजनीतिक दल की घोषणा की है?
A. राष्ट्रीय प्रगति पार्टी B. भारतीय राष्ट्रवादी पार्टी C. लोक शक्ति पार्टी

4 तुर्किये के किस शहर में इस्राइली कॉन्सुलेट के बाहर फायरिंग की घटना हुई?
A. अंकारा B. इस्तांबुल C. इजमिर

5 चर्चित सबरीमाला मंदिर किस राज्य में है?
A. मणिपुर B. असम C. केरल

कल के जवाब
A1 B. जिनेवा A2 B. पेमा खांडू A3 C. बांग्लादेश A4 B. अलेक्जेंडर लिओनोव A5 A. 142

लकी विनर्स

1. अशोक शर्मा, दिल्ली
2. शेखर शर्मा, दिल्ली
3. विजय कुमारी छाबड़ा, दिल्ली

ऐसे भेजें अपने जवाब

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

सबरीमला आस्था का मामला, कोर्ट का दखल सही नहीं: केंद्र

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट की 9 जजों वाली संविधान पीठ ने मंगलवार से केरल के सबरीमला मंदिर में महिलाओं की एंट्री पर रोक से जुड़ी याचिका पर सुनवाई शुरू की। इस दौरान केंद्र की तरफ से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने रोक का समर्थन किया। उन्होंने 2018 के फैसले का भी विरोध किया, जिसमें बैन हटाया गया था। 2018 के फैसले में जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़ ने कहा था कि मासिक धर्म से जुड़ी अशुद्धता की धारणा के आधार पर महिलाओं के प्रवेश पर रोक, अनुच्छेद 17 का उल्लंघन है। इस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए केंद्र सरकार के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा था कि वह इस व्याख्या से सहमत नहीं है। दलील दी कि भारत को पश्चिमी नजरिए से पितृसत्तात्मक समाज नहीं कहा जा सकता। साथ ही कहा कि महिलाओं की एंट्री पर रोक आस्था का मामला है, अदालत को इसमें दखल नहीं देना चाहिए।

> सुप्रीम कोर्ट में 2018 के फैसले पर भी आपत्ति जताई

केंद्र ने उस टिप्पणी पर भी आपत्ति जताई, जिसमें सबरीमला में महिलाओं के प्रवेश पर रोक को संविधान के अनुच्छेद 17 के तहत 'अस्पृश्यता' से जोड़ा गया था। उन्होंने दलील दी कि सभी अयप्पा मंदिरों में महिलाओं के प्रवेश पर रोक नहीं है और सबरीमला में यह परंपरा वहां विराजमान देवता की विशिष्ट प्रकृति से जुड़ी है।

दूसरे धार्मिक सवाल भी: मामले का केंद्र सबरीमला मंदिर है, लेकिन इसके साथ मुस्लिम महिलाओं के मस्जिद और दरगाहों में प्रवेश और गैर-पारसी पुरुषों से विवाह करने वाली पारसी महिलाओं के अगियारी में प्रवेश जैसे मुद्दे भी जुड़े हैं।

FILE

'परंपरा को कोर्ट की संवेदनशीलता के पैमाने पर नहीं परखा जा सकता'

'... तो अधिकार विधायिका के पास'

केंद्र ने कहा कि यह मामला धार्मिक आस्था, परंपरा और सांप्रदायिक स्वायत्तता से जुड़ा है, इसलिए इसकी न्यायिक समीक्षा सीमित होनी चाहिए। केंद्र ने दलील दी कि हर धार्मिक परंपरा को आधुनिकता, वैज्ञानिकता या अदालत की संवेदनशीलता के पैमाने पर नहीं परखा जा सकता। उन्होंने कहा कि अगर किसी धार्मिक प्रथा में कुछ अवैज्ञानिक लगता है तो उसका समाधान अदालत नहीं, बल्कि विधायिका के पास है।

2018 के फैसले में रोक हटी थी

सबरीमला विवाद में सितंबर 2018 में सुप्रीम कोर्ट की पांच-न्यायाधीशों वाली संविधान पीठ ने 4:1 के बहुमत से 10 से 50 वर्ष आयु वर्ग की महिलाओं के प्रवेश पर लगी रोक हटा दी थी। इसके बाद नवंबर 2019 में तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की पीठ ने 3:2 के बहुमत से इस विवाद से जुड़े व्यापक संवैधानिक सवाल बड़ी पीठ को भेज दिए थे।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

हक-परंपरा में संतुलन का फैसला

यह सुनवाई इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि इसका असर सिर्फ सबरीमला तक सीमित नहीं रहेगा। अदालत का फैसला भविष्य में विभिन्न धर्मों में महिलाओं के प्रवेश, समानता के अधिकार और धार्मिक परंपराओं के बीच संतुलन तय करने की दिशा में मिसाल बन सकता है। मामले में आया फैसला हिंदू महिलाओं के सबरीमला मंदिर में प्रवेश के अलावा मुस्लिम महिलाओं के मस्जिद और दरगाह में प्रवेश को लेकर आगे का नजीर बनेगा।

एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस ने भी बढ़ाया फ्यूल सरचार्ज, उड़ानें महंगी होंगी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

इंडिगो के बाद अब एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने भी फ्यूल सरचार्ज बढ़ा दिया है। डोमेस्टिक रूटों पर सरचार्ज 299 से 899 रुपये तक बढ़ा है। इंटरनेशनल रूट पर बढ़ोतरी डॉलर में की गई है। इसमें 24 डॉलर से 280 डॉलर तक का इजाफा हुआ है। इससे हवाई टिकट और महंगे हो जाएंगे।

> पहले की बुक टिकटों पर सरचार्ज नहीं लिया जाएगा

एयर इंडिया ने कहा है कि जिन यात्रियों ने पहले ही टिकट बुक कर ली है, उनसे नया सरचार्ज नहीं लिया जाएगा। हालांकि, यात्रा की तारीख या रूट में बदलाव करने पर सरचार्ज देना होगा। डोमेस्टिक उड़ानों के लिए नई दरें 8 अप्रैल सुबह 9:01 बजे से लागू होंगी। इंटरनेशनल उड़ानों के लिए यह 9-10 अप्रैल की रात 12:01 बजे से लागू होंगी।

वहीं, नागर विमानन मंत्रालय के संयुक्त सचिव असंगबा चुबा ने बताया, DGCA ने लंबी दूरी की फ्लाइटों के लिए पायलट की उड़ान ड्यूटी समय सीमा में अस्थायी रूप से छूट दी है।

जंग शुरू होने के बाद भारतीय एयरलाइंस ने की

10,000 फ्लाइट्स कैंसल

300-350 से घटकर 80-90 रह गई है खाड़ी देशों को उड़ानें | छोटे सिलिंडर की सप्लाई दोगुनी करने का फैसला

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

सरकार ने मंगलवार को कहा कि पश्चिम एशिया में युद्ध शुरू होने के बाद भारत की एयरलाइंस को खाड़ी देशों से जुड़ी 10000 से ज्यादा फ्लाइट्स रद्द करनी पड़ी हैं। सरकार ने कहा कि विमान ईंधन के अंतरराष्ट्रीय दाम उछलने के बावजूद देसी उड़ानों के लिए ATF का दाम कम बढ़ाया गया ताकि यात्रियों पर ज्यादा बोझ न पड़े। सरकार ने कहा कि LPG, PNG और पेट्रोल-डीजल की सप्लाई भी सामान्य है, साथ ही प्रवासी कामगारों के लिए 5 किलोग्राम के LPG सिलिंडर की आपूर्ति पहले के 20% से दोगुना करने का निर्णय किया गया है।

> सरकार ने कहा, पेट्रोल-डीजल, LPG, PNG सप्लाई नॉर्मल

हवाई जहाजों से जुड़े मंत्रालय के संयुक्त सचिव असंगबा चुबा आओ ने कहा, जंग से पहले खाड़ी देशों में रोजाना औसतन 300-350 उड़ानें होती थीं। अब इनकी संख्या रोजाना औसतन 80-90 रह गई है।

'एयरलाइंस पर प्रेशर है'

आओ ने कहा, 'एयरलाइंस पर प्रेशर है। भारतीय एयरलाइंस करीब 50% कामकाज इस इलाके से जुड़ा रहा है। इंटरनैशनल फ्लाइट्स से अच्छा रेवेन्यू मिलता है। अब रेवेन्यू पर असर पड़ रहा है। दूसरा पहलू ATF का है। हालांकि सरकार के दखल के बाद ATF के दाम डोमेस्टिक रूट्स के लिए काफी कम बढ़ाए गए।

धरती से सबसे दूर जाने का रेकॉर्ड आर्टेमिस-2 के नाम

■ आईएएनएस, नई दिल्ली

आर्टेमिस-2 के चारों अंतरिक्ष यात्री अब स्पेस में किसी भी इंसान से ज्यादा दूरी तय कर चुके हैं। उन्होंने अपोलो मिशन के 54 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। मिशन के दौरान, अंतरिक्ष यात्रियों ने चांद की कई नई तस्वीरें लीं और अहम डेटा इकट्ठा किया, जो भविष्य के आर्टेमिस मिशनों और चांद पर मानव लैंडिंग के लिए उपयोगी साबित होगा। ओरियन कैप्सूल जब चांद के पीछे से गुजरा, तब अंतरिक्ष यात्रियों ने 'पूर्ण सूर्य ग्रहण' देखा। उन्होंने चांद को ज्यादातर अंधेरे में डूबा हुआ देखा और इस मौके का उपयोग सौर कोरोना की स्टडी करने के लिए किया जाएगा।

- आर्टेमिस-2 मिशन में इंसानों के धरती से अब तक की सबसे ज्यादा दूरी तय करने का रेकॉर्ड टूट गया।
- ओरियन कैप्सूल से 406,771 किमी. की दूरी तय कर 1970 के अपोलो 13 मिशन का रेकॉर्ड तोड़ा।
- चांद के पास से गुजरते हुए अंतरिक्ष यात्रियों ने सूर्य ग्रहण, बुध, शुक्र, मंगल, शनि जैसे ग्रह भी देखे।

न्यूज चैनलों को 4 हफ्ते नहीं मिलेगा TRP डेटा

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल (BARC) को निर्देश दिया है कि वह न्यूज टीवी चैनलों के लिए टेलीविजन रेटिंग पॉइंट्स (टीआरपी) की रिपोर्टिंग चार हफ्तों तक और रोक दे। ऐसा इसलिए ताकि पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच न्यूज चैनल बेवजह सनसनी और अंदाजा लगाने वाला कंटेंट न दिखा सकें। पहले भी 6 मार्च को BARC को यह निर्देश जारी कर समाचार टीवी चैनलों के टेलीविजन रेटिंग पॉइंट्स की रिपोर्टिंग को तत्काल प्रभाव से चार हफ्ते के लिए स्थगित करने को कहा गया था।

AI Image

ताकि न फैले सनसनी

मंत्रालय के मुताबिक, जंग के दौरान कुछ चैनलों ने सनसनीखेज और अटकलों पर आधारित सामग्री दिखाई। इससे आम जनता में भय और घबराहट पैदा हो सकता है, विशेषकर उन लोगों में जिनके दोस्त या परिजन प्रभावित क्षेत्रों में हैं या जो खुद उन क्षेत्रों में रहते हैं।

Hero

लीडर के साथ राइड करें

वर्ल्ड लीडिंग ट्रस्ट के साथ सेगमेंट फर्स्ट फ़ीचर्स

Hero WORLD'S NUMBER 1 MOTORCYCLE & SCOOTER COMPANY FOR 25 YEARS IN A ROW

CASH DISCOUNT ₹2,100 | EFFECTIVE ON-ROAD PRICE# ₹67,999 HF-Deluxe

CASH DISCOUNT ₹2,500 | EFFECTIVE ON-ROAD PRICE# ₹103,999 XTREME 125R

LOW DOWN PAYMENT^ ₹9,999

5 YEAR WARRANTY

Hero GoodLife Stand a chance to win Gold and Silver Coins and many more assured benefits*

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No. 2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. *Highest sales for any Two-Wheeler Corporate Entity in the world for Calendar Year 2025 Data source: DNA Consult & Advisory's report Assessment of Global Two-Wheelers Market (CY25). Always wear a helmet while riding a Two-wheeler. ^Finance schemes are at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. #On-road price of Xtreme125 IBS and HF Deluxe Canvas in Delhi. Offer valid for limited period only. **Terms & Conditions apply.

TOLL FREE 1800 266 0018

Authorised Dealers: South Delhi: Pul Prahladpur Badarpur: Singla Hero - 9289922771, Lajpat Nagar: Sapphire Hero- 9289923175, Adchini (Main Mehrauli Road): Pashupati Hero - 9289922381, Okhla Phase II: ARC Hero- 9289922461, East Delhi: Durgapuri (Loni Road, Shahadra): Himgiri Hero- 9289922380, Pushta Kartar Nagar: Aman Hero- 9289922735, Dilshad Garden: RK Hero- 9289923010, Patparganj Pandav Nagar: Singla Autoneeds Hero- 9289923222, North Delhi: Azadpur: Shraman Hero- 9289923185, Pitampura: Shraman Hero – 9289924252, Rithala (Rohini): Metro Hero- 9289922597, Budh Vihar: JMD Autoworld Hero- 9289924188, Central Delhi: Karol Bagh (Faiz Road): EssAay Hero- 9289922382, Upper India Hero- 9289924343, West Delhi: Roshan Vihar (Najafgarh): Avni Hero- 9289922671, Paschim Vihar (Peeragarhi): Shivganga Hero- 9289922796, Palam Dabri Road (Dwarka): Singla Hero- 9289922530, Raja Puri: Singla Hero- 7836078383, Samalkha: Singla Hero- 7836078484, Janak Puri: Singla Hero- 9911884416, Tilak Nagar: Khanna Hero- 9289922383, Bali Nagar: Khanna Hero- 9289924309, Nawada: Khanna Hero- 9289924310; Noida: H-206A, Sector 63- Dhansri Hero- 9289923044, Sector 5, B 124- Uppal Hero- 9289922462, Sector-58 C-70- Singla Hero- 9289923059; Ghaziabad: Meerut, Delhi Road- Globe Hero- 9289922073, Shiv Puri, Vijay Nagar- Aman Hero- 9289232123; Sahibabad: Sahib Hero- 9289922486; Gurugram: Sec–18, Noble Enclave: Globe Agencies- 9289233915, Himgiri Hero- 9289923046, Basai Road Sector 11: Sharma Hero- 9289923221, Autoneeds Hero- 9289922051, Jasodha Hero- 9289922495, Wazirabad: Himgiri Hero- 9289924247, Railway Road: Himgiri Hero- 9289924248; Sohna: No. 160/2 Delhi Road: Auto Links Hero- 9289924089; Faridabad: Sehgal Hero- 9289922419, NIT: Sehgal Hero- 7217627327, VPS Jindal Motors, Neelambata Road, 9289235889.

SAATCHI & SAATCHI

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 08-04-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP2 User: gagan.malhotra@timesofindia.co Time: 04-07-2026 20:18 Color:

GALGOTIAS UNIVERSITY

Ranked Globally. Committed to making India Proud.

QS WORLD UNIVERSITY RANKINGS

BY SUBJECT 2026

For Computer Science and Information Systems

NAAC GRADE A+ Accredited University

Ranked
11th *in* India amongst Private Universities

Ranked
2nd *in* Uttar Pradesh amongst Private Universities

Ranked
30th *in* India amongst all Private *and* Government Universities

Ranked
601-650 Band Globally

Launched India's Finest Active Learning Campus

In consultancy collaboration with InsPIRE at NANYANG TECHNOLOGICAL UNIVERSITY SINGAPORE

G-SCALE
GALGOTIAS STUDENT CENTERED ACTIVE LEARNING ECOSYSTEM
• Critical Thinking • Collaboration • Engagement • Experiential Learning

G-SCALE moves education beyond passive lectures to an environment where students actively engage in real-world problem-solving, collaboration, and experiential learning.

Centre for Drone Intelligence & Simulation

Next Gen Structure and Smart Hydraulics Lab

Centre of Excellence - Tableau AI Data Lab

HP-Intel AI for Future Workforce Lab

Semiconductor Research Lab

INDUSTRY INTEGRATED ACADEMIC CENTRES

Centre for Supercomputing & Advanced AI Research anchored by NVIDIA DGX H200 GPUs

Advanced Geotechnical and Earth Science Centre

Centre for Design Thinking & Augmented Reality

TATA Technologies Learning Centre

CISCO Networking Academy

Cisco Centre of Excellence

APPLY TODAY FOR CAREER FOCUSSED 2026–27 UG/PG/DIPLOMA/Ph.D. PROGRAMMES

Computer Science and Engineering | Electronics and Communication Engineering | Electrical Engineering | Mechanical Engineering | Civil Engineering | Computer Applications and Technology | Defence Technology | Artificial Intelligence | Business | Aviation | Logistics and Supply Chain Management | Tourism Management | Liberal Education | Languages | Finance & Commerce | Basic Sciences | Biosciences and Technology | Forensic Sciences | Agriculture | Law | Pharmacy | Allied Health Sciences | Nursing | Media and Communication Studies | Hospitality | Design | Education | Polytechnic | Vocational Education | Skilling and Entrepreneurship

For Admissions Scan to Apply

GALGOTIAS UNIVERSITY

#GetYourSelfPlaced

Galgotias Admissions Helpline No.: **9810162221, 9717300418, 9582847072** **9971026125** **0120-4370000**

Web: www.galgotiasuniversity.edu.in | **Email:** admission@galgotiasuniversity.edu.in

युद्ध किसके लिए?

युद्ध की कीमत मासूम अपनी जान देकर चुका रहे हैं। वह बचपन, जिसका कोई कसूर नहीं था और जिसे हमें यह दुनिया बेहतर बनाकर सौंपनी थी, आज बारूद के गोलों से तबाह हो रहा है। अपनी इस श्रृंखला में हम युद्ध के दूसरे पहलू की तस्वीरें पेश करते रहेंगे ताकि इंसानियत को यह अहसास रहे कि इस विभीषिका से होने वाले नुकसान की भरपाई किसी भी तरह संभव नहीं है।

आप भी इस मुद्दे पर अपनी राय हमें nbtreader@timesofindia.com पर ईमेल या 9220747220 पर वॉट्सऐप कर सकते हैं।

वॉर अपडेट

ट्रंप की धमकी पर UN चीफ की चिंता

संयुक्त राष्ट्र (UN) ने ट्रंप के उस बयान पर चिंता जताई है, जिसमें ईरान के बिजली संयत्रों और पुलों पर हमले की धमकी दी गई है। UN महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के मुख्य प्रवक्ता ने कहा, 'अमेरिका की धमकी को लेकर चिंतित हैं।'

'सोलंकी के शव का हो DNA टेस्ट'

बॉम्बे हाई कोर्ट ने मंगलवार को शिपिंग महानिदेशालय के उप निदेशक को ओमान तट पर जहाज में ईरानी मिसाइल हमले में मारे गए नाविक दीक्षित सोलंकी के शव को DNA टेस्ट के लिए कलीना लैब को सौंपने का निर्देश दिया है।

चर्चा में क्यों है ईरान की पिंक मिसाइल

ईरान की सेना IRGC से जुड़े एक टेलीग्राम चैनल ने पिंक मिसाइल की तस्वीर जारी की, जिस पर लिखा था कि यह 'एक क्रांतिकारी बच्ची की मांग के जवाब में' है। एक विडियो में ईरान की बच्ची ऐसी मांग करती दिख रही है।

IRGC जनरल की हत्या की निंदा की

ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई ने IRGC के एक वरिष्ठ जनरल की मौत पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि ईरानी नेतृत्व के खिलाफ हत्याएं और अपराध देश की प्रगति को नहीं रोकेंगे। जनरल सोमवार को तेहरान में हवाई हमले में मारे गए थे।

तेहरान बोला- मानव श्रृंखला बनाकर ट्रंप की धमकियों का जवाब दें, इस्राइल बोला- ट्रेनों से दूर रहें लोग

ट्रंप की धमकी के बाद ईरान में गांधीगीरी

■ एपी/एएफपी, दुबई/तेहरान

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के पुलों और बिजली संयत्रों पर हमले की धमकी के बाद ईरान में मंगलवार से गांधीगीरी का ट्रेंड शुरू हो गया है। सरकार की अपील के बाद ईरान के युवा, कलाकार, खिलाड़ी, छात्र और शिक्षक मानव श्रृंखला बनाकर ट्रंप की धमकी का विरोध कर रहे हैं। ईरानी संगीतकार अली गमसारी ने भी तेहरान के दमावंद पावर प्लांट के बाहर पारंपरिक बाजे 'तार' (Tar) को बजाकर विरोध दर्ज कराया।

इस्राइल डिफेंस फोर्सेज ने चेतावनी जारी करते हुए पूरे ईरान के लोगों से ट्रेनों और रेलवे लाइनों से दूर रहने की गुजारिश की है। इस्राइल ने चेतावनी दी है कि उनकी जान खतरे में पड़ सकती है। इस्राइल की इस धमकी के बाद कुछ रेलवे स्टेशनों पर हलचल देखी गई। वहीं, तेहरान ने मंगलवार तड़के सऊदी अरब पर 7 बलिस्टिक मिसाइलें दागीं, जिन्हें बीच हवा में ही रोक दिया गया, लेकिन उनका मलबा ऊर्जा प्रतिष्ठानों के पास गिरा। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता मेजर जनरल तुर्की अल-मालकी ने कहा कि नुकसान का आकलन किया जा रहा है। ईरान ने भी इस्राइल पर मिसाइलें दागीं।

'मिलकर कहेंगे इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमला युद्ध अपराध है' : ईरान के सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित एक विडियो में ईरान की 'सुप्रीम काउंसिल ऑफ यूथ एंड एडोलसेंट्स' के सचिव अलीरेजा रहीमी ने युवाओं, खिलाड़ियों, कलाकारों, छात्रों और विश्वविद्यालय के प्रोफेसरों से दोपहर 2 बजे प्रमुख ऊर्जा ढांचों के आसपास जमा होने की गुजारिश की। उन्होंने इन सुविधाओं को ईरान के भविष्य से जुड़ी राष्ट्रीय संपत्ति बताया और सियासी नजरिए की परवाह किए बिना एकता बनाए रखने की बात कही। रहीमी ने कहा, 'पावर प्लांट तो हमारी राष्ट्रीय संपत्ति और पूंजी हैं, चाहे किसी भी पसंद या राजनीतिक नजरिए से देखें, वे ईरान और ईरानी युवाओं के भविष्य के हैं। हम सब हाथों में हाथ डालकर यह कहेंगे कि सार्वजनिक ढांचे पर हमला करना युद्ध अपराध है।'

ह्यूमन चेन ईरान में पावर प्लांट, पुल के आसपास लोग इस तरह से विरोध कर रहे हैं।

ईरान के कई शहरों में लोग सड़कों पर सरकार के पक्ष में उतरे हैं और ट्रंप के खिलाफ नारेबाजी कर रहे

ईरान की सेना बोली, गल्फ के इंफ्रा को भी बनाएंगे निशाना

ईरान की सेना IRGC ने अमेरिका से कहा कि जवाब सिर्फ मिडिल ईस्ट तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि वे वहां के एनर्जी इन्फ्रास्ट्रक्चर को भी निशाना बना सकते हैं। IRGC ने धमकी भरे अंदाज में कहा कि उन्होंने अब तक संयम बरता था, लेकिन अब वह खत्म हो चुका है। ईरान अब अमेरिका और उसके सहयोगियों के ऐसे ढांचे को निशाना बना सकता है, जिससे उन्हें इस इलाके के तेल और गैस संसाधनों से दूर कर दिया जाए। अगर अमेरिकी सेना ने हद पार की, तो अंजाम बुरा होगा।

खार्ग द्वीप पर हमला, अल्बोर्ज में 18 की मौत

तेहरान में मंगलवार को कई जगह धमाके हुए

अमेरिका और इस्राइल ने ईरान के खार्ग द्वीप के ऑयल टर्मिनल को निशाना बनाया। वहीं, काशान शहर के पास याह्या अबाद रेलवे पुल पर हुए हमले में दो लोगों की मौत हो गई। उत्तर-पश्चिम ईरान में तबरीज-जंजान हाइवे पर बने एक पुल को ही नहीं, याह्या अबाद रेलवे पुल समेत खार्ग को निशाने पर लिया गया। मेहर ने इस्फहान के डिप्टी गवर्नर के हवाले से बताया कि हमले में दो लोग मारे गए। यह हमला इस्राइली सेना की उस चेतावनी के बाद हुआ है जिसमें ईरानियों को लोकल टाइम के हिसाब से रात 9 बजे तक अपनी सुरक्षा के लिए ट्रेनों का इस्तेमाल न करने को कहा गया था। खार्ग में भी कई धमाके किए गए हैं। ईरान के करीब 80- 90 फीसदी कच्चे तेल का निर्यात खार्ग द्वीप से होता है। ईरान की राजधानी तेहरान के उत्तर पश्चिमी अल्बोर्ज प्रांत में हुए एक हवाई हमले में 18 लोगों की मौत हो गई है।

ईरान के राष्ट्रपति बोले, शहीद होने को तैयार 1.4 करोड़ लोग

सोशल मीडिया पर कहा, सब कुछ न्योछावर करने वालों में मैं सबसे आगे

■ एपी, दुबई

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने दावा किया है कि देश में 1.4 करोड़ लोग, जिनमें वह खुद भी शामिल हैं, युद्ध में शहीद होने के लिए तैयार हैं। उन्होंने यह बयान सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म X पर उस समय दिया, जब अमेरिका ने ईरान पर बड़े हमले करने की चेतावनी दी है। पेजेश्कियन ने X पर लिखा, '1.4 करोड़ से अधिक ईरानी लोगों ने अपने जीवन का बलिदान देने की तैयारी जताई है। मैं इस कतार में सबसे आगे हूं और अपनी जान देश के लिए देने को तैयार हूं।' ट्रंप ने ईरान को समयसीमा दी है कि यदि वह होर्मुज जलडमरूमध्य पर अपनी पकड़ ढीली नहीं करता, तो अमेरिका ईरान के पावर स्टेशनों और पुलों पर हमले कर सकता है। इसी संदर्भ में पेजेश्कियन का यह बयान सामने आया है। ईरान की आबादी करीब 9 करोड़ है, और पहले सरकारी मीडिया में स्वयंसेवकों की संख्या इससे कम बताई गई थी।

इस्राइल में युद्ध के खिलाफ प्रदर्शन

इस्राइल के तेल अवीव में सोमवार को अमेरिकी दूतावास के बाहर वामपंथी कार्यकर्ताओं ने ईरान के साथ जारी युद्ध के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने अमेरिका और इस्राइल की संयुक्त सैन्य कार्रवाई का विरोध करते हुए युद्ध समाप्त करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान हालात तनावपूर्ण हो गए, जिसके बाद पुलिस से भी झड़प हुई। पुलिस को बल भी प्रयोग करना पड़ा।

किस मीडिया लीक की बात कर रहे थे ट्रंप

■ NBT रिपोर्ट

ट्रंप ने कहा, 'हम उस मीडिया कंपनी के पास जाएंगे और कहेंगे लीकर की जानकारी दो, नहीं तो जेल जाओ। पत्रकार ने नाम नहीं बताया, तो वह खुद जेल जाएगा।'

वाइट हाउस में प्रेस ब्रीफिंग के दौरान सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान में गिराए गए फाइटर जेट के दूसरे क्रू के लापता होने की खबर एक जर्नलिस्ट ने लीक की, इसी वजह से ईरानी सेना को यह जानकारी मिली। ट्रंप ने कहा कि इस लीक की वजह से पायलट की जान को खतरा हो सकता था और रेस्क्यू ऑपरेशन में भी दिक्कत हुई। ट्रंप की ब्रीफिंग के बाद ही ऑनलाइन चर्चा शुरू हो गई कि ट्रंप किस पब्लिकेशन की बात कर रहे थे और किस जर्नलिस्ट ने यह खबर जारी की।

ट्रंप के बयान के बाद सोशल मीडिया पर इस्राइली जर्नलिस्ट अमित सेगल का नाम तेजी से वायरल हुआ। हालांकि उन्होंने मंगलवार को सोशल मीडिया पर लिखा, 'मैं पहला जर्नलिस्ट नहीं था जिसने पायलट के लापता होने या उसके घायल होने की रिपोर्ट की थी। मुझे लगता है कि ये आरोप मेरी समय पर की गई रिपोर्टिंग का सबूत है, लेकिन सच तो यह है कि द गार्डियन और दो इस्राइली चैनलों ने मुझसे पहले यह स्टोरी ब्रेक कर दी थी।' ट्रंप ने यह दावा भी किया कि इस लीक से पहले ईरान को यह पता नहीं था कि दूसरा पायलट अभी लापता है। फर्स्ट पोस्ट के मुताबिक, सेगल ने अपने टेलीग्राम चैनल पर यह दावा जरूर किया था कि उन्होंने इस घटना से जुड़ी शुरुआती जानकारी साझा की थी। वहीं, रिपोर्ट्स के मुताबिक एक्सियोस के पत्रकार बराक रविद ने भी उसी दिन सुबह ट्वीट कर बताया था कि दो अमेरिकी क्रू मेंबर्स की तलाश की जा रही है। इसके तुरंत बाद कई बड़े मीडिया संस्थानों जैसे वॉशिंगटन पोस्ट, रॉयटर्स और CBS न्यूज ने भी इसी तरह की खबरें प्रकाशित कीं।

अमित सेगल इस्राइल के सबसे प्रभावशाली पत्रकारों में गिने जाते हैं। वह चैनल 12 न्यूज में राजनीतिक विश्लेषक हैं। वह वॉल स्ट्रीट जर्नल के लिए भी लिखते हैं। सेगल के इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से करीबी संबंध भी चर्चा में रहते हैं।

ये 5 पुल ईरान के लाइफलाइन, ट्रंप की धमकी के बाद खतरे में

इन पुलों पर हमले के प्लान को ट्रंप ने कहा है ब्रिज डे

अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने ईरान को धमकी दी है कि अगर वह होर्मुज जलडमरूमध्य नहीं खोलता है, तो अमेरिका उसके महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे जैसे पुलों और बिजली संयत्रों को नष्ट कर देगा। ट्रंप ने इस योजना को हल्के अंदाज में 'ब्रिज डे' कहा। Aljazeera ने ईरान के ब्रिज मैनेजमेंट सिस्टम (BMS) मुताबिक बताया कि ईरान में करीब 3 लाख पुल और तकनीकी संरचनाएं हैं। 5 अहम पुल जो ईरान की लाइफलाइन हैं:

1 पर्शियन गल्फ ब्रिज (केश्म द्वीप)
स्थान: होर्मोजगान प्रांत
लंबाई: 3.4 किमी
अभी सिर्फ 15-18% काम पूरा हुआ है। यह 50 साल पुराना ड्रीम प्रोजेक्ट है, जिसकी शुरुआत 2011 में हुई थी। पूरा होने पर यह केश्म द्वीप को बंदर अब्बास से जोड़ेगा। 700 मिलियन डॉलर का निवेश नष्ट हो सकता है और नॉर्थ-साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर पर असर पड़ेगा।

2 लेक उर्मिया ब्रिज (शहीद कलंतरी ब्रिज)

स्थान: अजरबैजान
लंबाई: 1.7 किमी
29 साल की जटिल निर्माण प्रक्रिया के बाद 2008 में उद्घाटन हुआ था। यह पुल तबरीज और उर्मिया को जोड़ता है। इसके नष्ट होने से आवागमन बाधित होगा और पर्यावरणीय संकट बढ़ेगा।

3 सदर मल्टीलेवल एक्सप्रेसवे
स्थान: तेहरान
लंबाई: 11 किमी
2013 में उद्घाटन हुआ और मध्य पूर्व का सबसे लंबा मल्टीलेवल पुल है। यह लाखों लोगों के लिए रोजमर्रा का मुख्य मार्ग है। इस पर हमला होने से भारी जनहानि और यातायात व्यवस्था ठप हो सकती है।

4 करुन 4 आर्च ब्रिज



स्थान: ईरान का चहारमहल और बख्तियारी प्रांत
लंबाई: 378 मीटर
2015 में उद्घाटन हुआ था। यह एक बांध के पास स्थित है। इसके नष्ट होने से बांध को नुकसान पहुंच सकता है और नीचे के इलाकों में बाढ़ आ सकती है।



5 गदीर केबल-स्टे ब्रिज
स्थान: अहवाज, खुजेस्तान प्रांत
लंबाई: 1,014 मीटर
2012 में पूरी तरह खोला गया। यह ब्रिज शहर के बीचो-बीच करुन नदी पर बना है। इसके टूटने से शहर दो हिस्सों में बंट सकता है और आपात सेवाएं बाधित हो सकती हैं।

रिपोर्ट में दावा, बेहोशी की हालत में इलाज करा रहे ईरान के सुप्रीम लीडर

इस्राइल की खुफिया सूचना, ईरान के शहर कोम में भर्ती है

■ NBT रिपोर्ट

ईरान की सत्ता को लेकर चौंकाने वाली रिपोर्ट सामने आई है, जिसमें दावा किया गया है कि देश के सुप्रीम लीडर **मोजतबा खामेनेई** इस समय गंभीर रूप से बीमार हैं और कोम (Qom) शहर में इलाज के दौरान बेहोशी की हालत में हैं। यह जानकारी ब्रिटेन के अखबार द टाइम्स ने एक कथित राजनयिक मेमो के हवाले से दी है, जो अमेरिकी और इस्राइली खुफिया सूचनाओं पर आधारित है। इन दावों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, यह मेमो खाड़ी देशों के सहयोगियों के साथ साझा किया गया था और इसमें पहली बार यह जानकारी सामने आई कि खामेनेई कोम में मौजूद हैं। इससे पहले उनकी लोकेशन सार्वजनिक नहीं थी। मेमो में कहा गया है कि मोजतबा खामेनेई की हालत बेहद गंभीर है और वे शासन से जुड़े किसी भी फैसले में भाग लेने की स्थिति में नहीं हैं। मोजतबा खामेनेई ने अपने पिता अली खामेनेई की मौत के बाद सत्ता संभाली थी।

कुछ और मुद्दे, जिनकी वजह से बढ़ रहा संदेह

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि कोम में अली खामेनेई और संभवतः उनके परिवार के अन्य सदस्यों के लिए एक बड़ा मकबरा बनाने की तैयारी चल रही है। अली खामेनेई के अंतिम संस्कार में हो रही देरी भी सवालों के घेरे में है। ईरानी सरकार ने इसे भारी भीड़ की आशंका के कारण टालने की बात कही थी, लेकिन शिया परंपरा के अनुसार जल्दी दफन किया जाना चाहिए, जिससे इस देरी पर संदेह बढ़ रहा है।

तुर्किये की राजधानी में इस्राइली वाणिज्य दूतावास पर हमला

■ एपी, इस्तांबुल

तुर्किये के इस्तांबुल में मंगलवार को इस्राइली वाणिज्य दूतावास की इमारत के बाहर बंदूकधारियों ने पुलिस पर गोलीबारी की और इस दौरान हुई मुठभेड़ में एक हमलावर मारा गया, जबकि दो को घायल अवस्था में पकड़ लिया गया। इस्तांबुल के गवर्नर दावुत गुल ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान दो पुलिस अधिकारी मामूली रूप से घायल हो गए।

पुलिस कार्रवाई में एक हमलावर मारा गया, 2 को घायल होने पर पकड़ा

गृह मंत्री मुस्तफा चिफ्ची ने X पर लिखा कि हमलावर पड़ोसी शहर इजमित से किराये की कार में इस्तांबुल पहुंचे। उन्होंने किसी संगठन का नाम लिए बिना कहा कि हमलावरों का संबंध धर्म का दुरुपयोग करने वाले एक समूह से था। आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट ने अतीत में तुर्किये में घातक हमले किए हैं। हमलावरों में से दो भाई थे, और उनमें से एक का मादक पदार्थ तस्करी से जुड़ा आपराधिक रेकॉर्ड रहा है। दूतावास में इस समय कोई भी इस्राइली राजनयिक मौजूद नहीं है।



दो पुलिस अधिकारी भी घायल हुए हैं

ट्रंप ने ईरान के पुल, पावर प्लांट को तबाह करने की धमकी दी, जिसके बाद इस पर तेज हुई चर्चा

क्या होता है युद्ध अपराध, इसे मानने के लिए बाध्य क्यों हैं सभी देश

ऑस्ट्रेलिया के सबसे सम्मानित सैनिक बेन रॉबर्ट्स स्मिथ को मंगलवार को अफगानिस्तान में तैनाती के दौरान युद्ध अपराध के मामलों में अरेस्ट किया गया। सिडनी एयरपोर्ट पर अरेस्ट के बाद उन्हें जमानत नहीं मिली है। स्मिथ को विक्टोरिया क्रॉस सहित कई सम्मान मिले हैं।

Vishal.Sharma3
@timesofindia.com

नई दिल्ली: अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने ईरान को धमकी दी है कि पूरे देश को एक ही रात में तबाह कर सकते हैं। ईरान के पुलों और बिजली संयंत्रों को नष्ट करने की चेतावनी देते हुए कहा कि उन्हें युद्ध अपराधों की कतई चिंता नहीं है। ऐसे में अब जिनीवा कन्वेंशन में हुए अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून पर चर्चा शुरू हो गई है। 1949 के जिनीवा कन्वेंशन इसके लिए एक सुरक्षा कवच है। इसके पालन और निगरानी में इंटरनैशनल कमिटी ऑफ द रेड क्रॉस (ICRC) की अहम भूमिका होती है।

जिनीवा कन्वेंशन का क्या है नियम : अगर कोई देश या उसकी सेना स्कूलों, अस्पतालों या रिहायशी इलाकों को निशाना बनाती है, जबकि वहां कोई सैन्य गतिविधि नहीं है, तो यह युद्ध अपराध होगा, चाहे युद्ध कितना भी गंभीर क्यों न हो। युद्धबंदियों को यातना नहीं दी जा सकती।

NBT EXPLAINER

रासायनिक या जैविक हथियार का इस्तेमाल : जिनीवा कन्वेंशन के अनुसार आत्मसमर्पण कर चुके या घायल सैनिकों को मारना, उन्हें यातना देना या अपमानित करना अपराध है। उन्हें भोजन, इलाज और सम्मानजनक बर्ताव देना अनिवार्य है। आम नागरिकों पर रासायनिक या जैविक हथियार का इस्तेमाल प्रतिबंधित है।

दायरे में यौन हिंसा भी : यौन हिंसा को भी युद्ध अपराधों में शामिल किया गया है। इसके अलावा ऐतिहासिक स्मारकों, धार्मिक स्थलों और सांस्कृतिक धरोहरों को नष्ट करना भी युद्ध अपराध है, जब तक कि उनका उपयोग सैन्य उद्देश्यों के लिए न हो रहा हो।

युद्ध अपराध की सजा क्या है: युद्ध अपराध के लिए सजा बहुत कड़ी है, सुनवाई अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत होती है।

इस्राइल पर लगे आरोप

- इस्राइल के खिलाफ गाजा और वेस्ट बैंक में नागरिकों पर सैन्य कार्रवाइयों के आरोप लगे।
- नागरिक इलाकों, अस्पतालों और स्कूलों पर हमलों के दावे किए गए।
- बुनियादी सुविधाओं (पानी, बिजली) को नष्ट करने की बातें कही गईं।
- इस्राइल कहता है कि वह आत्मरक्षा में कार्रवाई करता है। नागरिकों को निशाना नहीं बनाता है।

अमेरिका पर आरोप

- इराक युद्ध (2003) के दौरान नागरिकों की मौत।
- अबू गरेब जेल कांड में कैदियों के साथ यातना और अपमान।
- ड्रोन हमलों में आम नागरिकों के मारे जाने के आरोप।
- अमेरिका ने कई मामलों में जांच की और कुछ सैनिकों को सजा भी दी है।

ईरान के खिलाफ दावे

- ईरान पर सीधे युद्ध अपराधों से ज्यादा छद्म समूहों (जैसे मिलिशिया) को समर्थन देने के आरोप लगते हैं।
- ऐसे समूहों पर नागरिकों को निशाना बनाने के आरोप हैं।
- हमलों के जरिए नागरिक ढांचों को नुकसान पहुंचाने के दावे हुए।
- ईरान इन आरोपों को खारिज करता है।

फटाफट खबरें

औरत का भेष बनाकर ड्राइवर को लूटा

■ NBT न्यूज, जींद : जिले में औरत के कपड़े पहनकर एक पिकअप ड्राइवर को लूटने का मामला सामने आया है। आरोप है कि रास्ते में मंगलवार को युवक ने पिकअप में लिफ्ट ली। ड्राइवर पर ईंट से हमला किया और 25 हजार रुपये की नगदी को लूट कर फरार हो गया। सदर थाना पुलिस ने घायल चालक की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हिसार में किसान का धरना प्रदर्शन

■ NBT न्यूज हिसार : संयुक्त किसान मजदूर टोल कमेटी के बैनर तले मंगलवार को हिसार जिले की बरवाला मंडी में किसानों ने मंगलवार को सरकार के नए खरीद नियमों के खिलाफ जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने 'किसान विरोधी कानून नहीं चलेंगे' और 'गेट पास और बायोमैट्रिक की जबरदस्ती बंद करो' जैसे नारे लगाए।

जेल में तबीयत खराब, इलाज के दौरान मौत

■ NBT न्यूज,करनाल : जिला जेल में बंद एक कैदी की तबीयत बिगड़ने के बाद मंगलवार को अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। बताया जा रहा है कि सोमवार देर रात उसे सांस लेने में दिक्कत हुई थी। जिसके बाद तुरंत उसे अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सकों ने इलाज शुरू किया, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। मामले की सूचना के बाद पुलिस जांच में जुट गई है।

बंद मकान में सेंधमारी, सामान उड़ाया

■ NBT न्यूज, हिसार : सिरसा के सांनिया क्षेत्र के ओटू गांव में चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया। मामले की सूचना के बाद पुलिस जांच में जुट गई है। मकान मालिक अपने परिवार सहित पांच दिन से जयपुर गए हुए थे। मंगलवार सुबह वह जब वापस लौटे तो ताला टूटा और सामान बिखरा पाया।

प्राइमरी टीचरों की भर्ती में गरीबों का बढ़ा कोटा

AI Image

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़ : हरियाणा में मेवात कैडर के प्राथमिक शिक्षकों के 1456 पदों पर चल रही भर्ती में अब आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के अभ्यर्थियों को अधिक आरक्षण मिलेगा। हाई कोर्ट के आदेश पर ईडब्ल्यूएस कोटे के अभ्यर्थियों को हक मिला है, जिसके तहत आरक्षित पद 71 से बढ़कर 146 किए गए हैं। सामान्य वर्ग के साथ ही एससी-बीसी के लिए आरक्षित वर्ग की सीटों में कटौती की गई है।

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) ने अगस्त 2024 में यह भर्ती निकाली थी। तब एचएसएससी द्वारा विज्ञापित पदों में सामान्य वर्ग के लिए 607, अनुसूचित जाति (एससी) के 300, पिछड़ा वर्ग-ए (बीसी-ए) के लिए 242, पिछड़ा वर्ग-बी (बीसी-बी) के लिए 170 तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 71 पद रखे गए थे।

कोर्ट के फैसले लिखने में AI यूज करने पर HC की रोक

■ PTI, चंडीगढ़

पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने न्यायिक प्रक्रिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते उपयोग के बीच पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। हाईकोर्ट प्रशासन ने सभी न्यायिक अधिकारियों को निर्देश जारी कर स्पष्ट किया है कि वे फैसले लिखने या कानूनी शोध के लिए चैट जीपीटी, जैमिनी, माइक्रोसॉफ्ट कोपायलट और मेटा जैसे एआई टूल्स का उपयोग न करें। यह आदेश पंजाब और हरियाणा के सभी जिलों सहित चंडीगढ़ के जिला एवं सत्र न्यायाधीशों को भेजा गया। पत्र में कहा गया कि मुख्य न्यायाधीश के निर्देशानुसार अधीनस्थ सभी न्यायिक अधिकारी एआई टूल्स का इस्तेमाल पूरी तरह बंद करें।

हाईकोर्ट ने चेतावनी दी है कि यदि कोई अधिकारी इन निर्देशों का उल्लंघन करता है तो इसे गंभीरता से लिया जाएगा और उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यह कदम न्यायिक प्रक्रिया की स्वतंत्रता, निष्पक्षता और विश्वसनीयता बनाए रखने के उद्देश्य से उठाया गया है। एआई से तैयार सामग्री की सटीकता, स्रोत और कानूनी वैधता को लेकर पहले भी चिंताएं जताई जा चुकी है। गौरतलब है कि इससे पहले गुजरात हाईकोर्ट भी इसी तरह का फैसला ले चुका है। वहां न्यायाधीशों और अदालत कर्मियों के लिए आदेश और निर्णय तैयार करने में एआई के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है।

नो AI इन कोर्ट

- हाईकोर्ट प्रशासन ने सभी न्यायिक अधिकारियों को निर्देश जारी कर स्पष्ट किया है कि वे फैसले लिखने या कानूनी शोध के लिए एआई टूल्स का उपयोग न करें।
- एआई से तैयार सामग्री की सटीकता, स्रोत और कानूनी वैधता को लेकर पहले भी चिंताएं जताई जा चुकी हैं।

बच्चों को छह साल पूरे होने पर ही पहली क्लास में मिलेगा दाखिला

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़

AI Image

हरियाणा में नए शिक्षा सत्र के दौरान छह साल की आयु पूरी करने वाले बच्चों को ही पहली कक्षा में दाखिला मिलेगा। प्रदेश सरकार ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को पूरी तरह लागू करने के लिए हरियाणा विद्यालय शिक्षा नियम-2003 में संशोधन किया है।

स्कूल शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव विजय सिंह दहिया ने मंगलवार को हरियाणा विद्यालय शिक्षा संशोधन नियम-2026 की अधिसूचना जारी कर दी है। पुराने नियमों में पांच साल की आयु वाले बच्चों को पहली कक्षा में दाखिले का प्रावधान था, जिसे अब एक साल बढ़ाकर छह साल किया गया है। उन बच्चों को भी राहत दी गई है, जो 30 सितंबर तक छह साल की आयु पूरी कर लेंगे। हरियाणा निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा के अधिकार अधिनियम-2011 के नियम 10 के तहत प्रवेश की छह माह की विस्तारित अवधि के तक कोई भी बच्चा जैसे ही छह साल की आयु पूरी करेगा, वह उसी दिन से पहली कक्षा में प्रवेश का पात्र होगा।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत पहली कक्षा में दाखिले के लिए बच्चे का छह साल का होना जरूरी है। प्रदेश में इस नियम को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जा रहा है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में जहां साढ़े पांच वर्ष की आयु पूरे कर चुके बच्चों को पहली कक्षा में दाखिला दिया गया था, वहीं उससे पहले 2024-25 में पांच साल की आयु पूरी कर चुके बच्चों को दाखिले दिए गए थे। नए शैक्षणिक वर्ष में न्यूनतम आयु सीमा छह वर्ष की होगी।

विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने सभी जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी एवं खंड मौलिक शिक्षा अधिकारियों को हरियाणा निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2011 के नियम 10 का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। छह महीने में दाखिल बच्चों को सिलेबस पूरा कराने की जिम्मेदारी स्कूल मुखिया की होगी।

- नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने के लिए हरियाणा विद्यालय शिक्षा नियम-2003 में संशोधन किया है।
- उन बच्चों को भी राहत दी गई है, जो 30 सितंबर तक छह साल की आयु पूरी कर लेंगे।

प्री-प्राइमरी में होंगे कम उम्र के बच्चे

नए नियमों के अनुसार जो बच्चे छह साल से कम उम्र के होंगे उन्हें पहली कक्षा में दाखिला नहीं मिलेगा। ऐसे बच्चों का प्री-प्राइमरी कक्षाओं में एडमिशन होगा। हालांकि इससे पहले हरियाणा में 5 से 6 वर्ष के बच्चों को कक्षा पहली में प्रवेश दिया जाता था। एक याचिका पर सुनवाई करते हुए पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने राज्य सरकार फटकार लगाते हुए कहा था कि राज्य के स्कूलों में दाखिले के नियम एनईपी 202 के तहत नहीं है। बाइलॉज अपडेट करने को कहा था।

31 मई तक पानी का बिल दें, ब्याज और जुर्माना माफ

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़

AI Image

हरियाणा सरकार ने शहरों में पानी और सीवेज का बिल नहीं चुकाने वाले उपभोक्ताओं को राहत दी है। ऐसे उपभोक्ता अगर 31 मई तक पानी और सीवेज का बिल चुकाते हैं तो उनका पूरा ब्याज और जुर्माना माफ कर दिया जाएगा।

शहरी स्थानीय निकाय विभाग के आयुक्त एवं सचिव अशोक कुमार मीना ने मंगलवार को इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। पानी तथा सीवेज के बिल का समय पर भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं पर हर बार दस प्रतिशत की दर से ब्याज और जुर्माना लगाया जाता है। ऐसे में लाखों परिवारों पर बड़ी रकम बकाया है। इन्हें राहत देते हुए व्यवस्था की गई है कि यदि बिलों का भुगतान 31 मई तक कर दिया जाए तो 31 दिसंबर 2025 तक बिलों के बकाया पर सौ प्रतिशत अधिभार की छूट दी जाएगी।

लाखों परिवारों पर बिल की बड़ी रकम बकाया

फिरौती मांगने वालों की राह में रोड़ा बना पुलिस का अभेद्य ऐप

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़

AI Image

हरियाणा में फिरौती मांगने तथा धमकी देने जैसी घटनाओं पर काबू पाने के लिए पुलिस द्वारा शुरू किया गया 'अभेद्य' ऐप तेजी से चलन में आ रहा है। 21 मार्च को लॉन्च किए जाने के बाद 6 अप्रैल 2026 तक राज्यभर में कुल 230 लोगों ने इस ऐप को डाउनलोड कर लिया है। ह ऐप संदिग्ध अंतरराष्ट्रीय नंबरों से आने वाले वॉयस कॉल्स, मैसेज, फोटो, विडियो और वॉयस नोट को तुरंत ब्लॉक कर देता है और यूजर के पास किसी प्रकार की धमकी को पहुंचने से पहले ही डिलीट कर देता है,

हरियाणा पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल ने मंगलवार को चंडीगढ़ में बताया कि पुलिस का 'अभेद्य' ऐप अंतरराष्ट्रीय नंबरों से आने वाले धमकी भरे कॉल्स पर प्रभावी नियंत्रण की एक मजबूत तकनीक बनकर उभरा है। यह ऐप संदिग्ध अंतरराष्ट्रीय नंबरों से आने वाले वॉयस कॉल्स, मैसेज, फोटो, विडियो और वॉयस नोट को तुरंत ब्लॉक कर देता है और यूजर के पास धमकी को पहुंचने से पहले ही डिलीट कर देता है।

कैसे काम करता है अभेद्य ऐप?

हरियाणा के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक शिवास कविराज ने बताया कि अभेद्य हरियाणा पुलिस की ओर से विकसित एक मोबाइल-आधारित नागरिक सुरक्षा प्रणाली है। यह ऐप अज्ञात अंतरराष्ट्रीय नंबरों, वर्चुअल नंबरों और सेव न किए गए संदिग्ध संपर्कों की पहचान करता है। यह। चैट, वॉइस नोट, वीडियो और इमेज जैसी सामग्री को उपयोगकर्ता तक पहुंचने से पहले हटा देता है।

स्पीकिंग ट्री रिट्रीट

आचार्य कौशल कुमार के सान्निध्य में

योग, ध्यान, मौन और आध्यात्मिक जागरूकता का दिव्य संगम। तीन दिवसीय इस रिट्रीट में होगा ऊर्जा, संतुलन और आंतरिक शांति का संचार। आचार्य कौशल कुमार के मार्गदर्शन में यह यात्रा आपके जीवन को नया आयाम दे सकती है। इस शुल्क में स्वस्थ और एकाग्र जीवन शैली के दिव्य-ज्ञान के साथ आवास और तीन समय का भोजन सम्मिलित है

स्थान
पुरंदर आश्रम, प्रयागराज

तिथि
17 से 19 अप्रैल 2026

शुल्क मात्र
₹9999-/ प्रति व्यक्ति

सीटें सीमित हैं, आज ही पंजीकरण करें!

रजिस्ट्रेशन कराने के लिए नीचे दिए गए नंबर पर सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे के बीच कॉल करें या अपनी डिटेल व्हाट्सऐप पर भेजें।

7003890071

NBT नवभारत टाइम्स | रंगमंच

TIMES TRIBUTE

PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL

To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

Prayer Meeting

In loving memory of

Mr. S.B. Gupta

Please join us as we honor the memory of our beloved father and grandfather



Thursday, 9th April 2026 at 4 PM

Chinmaya Mission
89, Lodhi Rd, Institutional Area, Lodhi Estate, New Delhi 110003

Mukul, Anu, Krish and Karina — Devendra, Anil, Neeraj

Gupta Family

In loving memory of

Smt. Sarla Aggarwal & Shri. Jagdish Aggarwal



Fifty seven years together, fifteen days apart
Life separated you briefly
Eternity brought you back together
Reunited at *his* lotus feet, in eternal union

Prayer Meeting & Rasam Pagdi
Wednesday, 8th April 2026 | 4-5 PM
Dr. Ambedkar International Centre, Janpath
(Near Le Meridien Hotel)

Children
Rinku & Vishal Kansal
Pooja Aggarwal
Lakshay & Anchal Aggarwal

Grandchildren
Shubhangi & Loon Metzroth
Shivansh Kansal
Anjaney Aggarwal

In Reverence & remembrance

Bhimsain's Bengali Sweet House, Bengali Market

TIMES TRIBUTES

RATE CARD

Publications	Rates per sq. cms
TOID Capital + NBT (Delhi+NCR)	1295
TOID Full Run ## + NBT (Delhi+NCR)	1360
THE TIMES OF INDIA (Delhi+NCR)	780
THE TIMES OF INDIA (Delhi) Full Run##	900
NAVBHARAT TIMES (Delhi+NCR)	595
THE ECONOMIC TIMES (Delhi+NCR)	715
SANDHYA TIMES (Delhi)	100

Rates effective 5th June 2019

► *Placement on specified obit pages only. ► This rate benefit is extended up till the size of 320 sq. cm only. ► ## Full run includes Delhi City + NCR (Including Gurgaon + Noida) + Chandigarh + Western U.P. + Uttarakhand ► TOI Capital (Delhi & NCR) Includes TOI Gurgaon & TOI Noida.

To place an Obituary announcement or Remembrance message please call

Vinod: 9958992088

Pankaj : 8130604727

TO BOOK AN OBITUARY AD PLEASE CONTACT

VINOD : 99589 92088 & PANKAJ : 81306 04727

REMEMBRANCE

SHARING MEMORIES

स्व. श्रीमती नीलम गक्खड़
(धर्मपत्नी श्री कुलभूषण गक्खड़)
13-07-1955 - 08-04-2024

आपका दया, वात्सल्य एवं सरल जीवन, हमारे लिए, हमेशा, प्रेरणा का स्रोत रहेगा, आपकी द्वितीय पुण्यतिथि पर, आपका परिवार, आपको श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए, सादर नमन करते हैं।

–समस्त गक्खड़ एवं नागपाल परिवार
Management & Staff of Shivam Group

In Loving Memory of

SH.SANT PRAKASH

Twenty years have passed Since you left us. You continue to live in our hearts. We feel your love & blessings all around us. Your ideals continue to inspire us. **Deeply missed & remembered by: Dr. S.B Arora, Anita, Chander Shakher, Swastik, Divyangna, Relatives & Friends.**

"HONOUR. COURAGE. BRAVERY. Three words that you taught us. Three words that help us cope with your loss'.

The silent joy of remembering a loved one.
The moments you shared together.
Little moments that make life beautiful.

Share them. With Friends. Relatives. Neighbours. Colleagues. With all those whose lives the departed Soul has touched. Because while life goes on, when you share memories, they stay on forever.

Publications	Total Outlay
The Times of India Delhi/NCR	5,600
TOI+NBT (Delhi/NCR)	8,800
TOI+ET (Delhi/NCR)	6,600

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES

For any information call
Vinod : 9958992088
Pankaj : 8130604727

ड्राइवर पर शराब के नशे में स्कूल बस चलाने का आरोप

■ NBT न्यूज,करनाल

बस के ड्राइवर (फोटो) को कार सवार ने रोका, विडियो बनाई

करनाल में मंगलवार को एक ड्राइवर पर शराब के नशे में धुत होकर स्कूल बस चलाने का आरोप है। बस में करीब 15 बच्चे सवार थे, जब बस रोड के एक किनारे पर चलने लगी तो बच्चों ने शोर मचा दिया। बच्चों के चीखने की आवाज सुनकर रास्ते से गुजर रहे XUV सवार युवक ने स्कूल बस रुकवा ली। युवक ने इस पूरे घटनाक्रम का विडियो भी बना लिया, जिसमें ड्राइवर नशे की हालत में नजर आ रहा है। जब युवक ने ड्राइवर से शराब पीने के बारे में पूछा तो उसने बताया कि वह चंडीगढ़ से पीकर आया है।

उधर, मामले में जिला शिक्षा अधिकारी (DEO) का कहना है कि आरोपी ड्राइवर के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। स्कूल प्रशासन पर भी इस मामले में एक्शन लिया जाएगा। करनाल के ग्लोबल स्कूल का एक बस ड्राइवर मंगलवार सुबह बच्चों को स्कूल ले जाने के लिए बस लेकर पहुंचा था। करीब 30 बच्चे स्कूल में जाते हैं, लेकिन सोमवार को करीब 10-12 बच्चे ही स्कूल जाने के लिए बस में बैठे। रास्ते में बस अनबैलेंस होनी शुरू हो गई। कुछ दूर चलने पर ही ड्राइवर ने बस से कंट्रोल खो दिया बस में अचानक झटका लगने से बच्चों ने शोर मचाना शुरू कर दिया।

जीप से पिता को कुचलकर मारने का आरोपी गिरफ्तार

■ NBT न्यूज, हिसार

सिरसा जिले के डबवाली क्षेत्र के अहमदपुर दारेवाला गांव में बुजुर्ग की हत्या के आरोप में बेटे को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी बेटे पर अपने पिता को जीप से कुचलकर मारने का आरोप है। पुलिस ने इस मामले को 24 घंटे में सुलझा लिया है।

थाना सदर डबवाली के उप निरीक्षक शैलेंद्र कुमार ने बताया कि 6 अप्रैल 2026 को गुरदास सिंह की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। शिकायत में बताया गया कि जमीन विवाद के चलते आरोपी राम सिंह ने 5 अप्रैल की रात अपने पिता जसवंत सिंह को जीप से टक्कर मार दी, जिससे उनकी गंभीर चोटों के कारण मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने सीआईए स्टाफ, थाना सदर डबवाली व चौकी गोरीवाला की संयुक्त टीम बनाकर जांच शुरू की। तकनीकी विश्लेषण, सीसीटीवी फुटेज व गुप्त सूचनाओं के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल जीप भी बरामद कर ली है।

करनाल में पशु तस्करों से मुठभेड़, गिरफ्तार

■ NBT न्यूज,करनाल

जिले के इंद्री क्षेत्र में पश्चिम यमुना नहर की पटरी पर सोमवार देर रात को पुलिस और गोवंश के सिर काटने वाले मामले में शामिल आरोपियों के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस को सूचना मिली थी कि संदिग्ध आरोपी बाइक पर नहर किनारे घूम रहे हैं। पीछा करने पर आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक आरोपी घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि दूसरा आरोपी मौके से फरार हो गया।

पुलिस ने मंगलवार को बताया कि मुठभेड़ के बाद पुलिस ने इलाके को घेर लिया और सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया। मौके से एक पिस्तौल भी बरामद हुई है। घटना की सूचना मिलते ही करनाल के एसपी भी मौके पर पहुंचे और फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। पुलिस अब फरार आरोपी की तलाश में जुटी हुई है और पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है। अब पुलिस आरोपी की मरहम पट्टी करवाने के बाद उसे जल्द से जल्द कोर्ट में पेश करेगी, ताकि आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा सके और अन्य आरोपियों के बारे में जानकारी जुटाई जा सके।

मुठभेड़ में घायल आरोपी की पहचान पानीपत जिले के गांव राणा माजरा के 24 वर्षीय नईम के रूप में हुई है। उसे तुरंत सामान्य नागरिक अस्पताल इंद्री में भर्ती कराया गया।

शेक पीने से आठ की तबीयत बिगड़ी

■ NBT न्यूज,करनाल : शहर में एक ही परिवार के आठ लोगों की तबीयत मंगलवार को उस समय बिगड़ गई, जब उन्होंने घर में बना केले का शेक पी लिया। अचानक सभी को चक्कर आने लगे और कुछ को उल्टी जैसा महसूस हुआ। एक साथ इतने लोगों की हालत बिगड़ने से अफरा-तफरी मच गई। सभी को तुरंत सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

कोटक महिंद्रा बैंक घोटाले की आरोपी ने किया सरेंडर

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़ : पंचकूला में हुए करीब 160 करोड़ के कोटक महिंद्रा बैंक फर्जीवाड़े की आरोपी स्वाति तोमर ने सोमवार की रात एसीबी के समक्ष सरेंडर कर दिया। जिसके बाद मंगलवार को उन्हें पंचकूला की अदालत में पेश किया गया। अदालत ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

कोटक महिंद्रा घोटाले की जांच एसीबी द्वारा की जा रही है। इस मामले की आरोपी स्वाति तोमर ने सोमवार की रात एंटी करप्शन ब्यूरो मुख्यालय सेक्टर 23 में अपने वकील के साथ पहुंच कर सरेंडर किया था। स्वाति के वकील नीरज ने बताया कि उनके क्लाइंट को विश्वास में लेकर और सब ठेकेदार बनाकर उनसे ब्लैंक चेक लिए गए। उनके खाते में 30 से 35 करोड़ रुपये आए थे। इस मामले में जो आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं उनके द्वारा ही उनके खाते में पैसे भेजे और ट्रांसफर किए गए थे। यह पैसा करीब बीस से 30 मिनट ही उनके खाते में रुका था। जैसे ही पैसा आया उसके बाद दूसरे खाते में ट्रांसफर कर दिया गया और किस-किस को ट्रांसफर किया गया यह भी जांच का विषय है। उन्होंने कहा कि इन्हें यह दिखाया गया था कि सभी पैसा व्हाइट और अकाउंट में आएगा। उन्होंने कहा कि स्वाति तोमर टीचर रही हैं। वकील ने दावा किया कि स्वाति कभी भूमिगत नहीं हुई। खुद पूछताछ में शामिल होने के लिए सरेंडर किया है। मंगलवार को स्वाति के वकील नीरज ने मंगलवार को अदालत को बताया कि स्वाति के पास न तो बैंक कि किट थी न ही बैंक में रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर था

जाम से मुक्ति का 'मेगा प्लान', सरदार पटेल, वंदे मातरम मार्ग होंगे सिग्नल फ्री

सरदार पटेल मार्ग के आसपास एंबेसी एरिया और नामी फाइव स्टार होटल होने से यहां VVIP मूवमेंट अधिक रहता है। सुरक्षा कारणों से अक्सर ट्रैफिक रोकना या डायवर्ट करना पड़ता है, जिससे जनता जाम से जूझती है। वक्त पर एयरपोर्ट पहुंचना भी एक चैलेंज है। तालकटोरा से धौला कुआं तक जाम फ्री करने के लिए टनल या एलिवेटेड रोड का प्रस्ताव है। केंद्र सरकार इसे लेकर काफी गंभीर है। पेश है *राजेश सरोहा* की रिपोर्ट:

जाम के खिलाफ जंग

एयरपोर्ट, गुड़गांव जाने के लिए अहम है ये रोड

सरदार पटेल मार्ग और वंदे मातरम मार्ग दिल्ली को एयरपोर्ट और गुड़गांव से जोड़ने वाले सबसे महत्वपूर्ण कॉरिडोर हैं। इन दोनों रास्तों से रोजाना लाखों गाड़ियां गुजरती हैं और धौलाकुआं के होटलों में रुकने वाले विदेशी मेहमानों सहित वीवीआईपी का आवागमन भी इन्हीं रास्तों से होता है। अक्सर वीवीआईपी मूवमेंट के कारण ट्रैफिक रोका जाता है या डायवर्ट किया जाता है, जिससे आम जनता को भारी जाम का सामना करना पड़ता है। इसी समस्या के समाधान के लिए दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने एक महत्वाकांक्षी प्लान तैयार किया है, जिसे अमलीजामा पहनाने पर आम जनता को बिना किसी बाधा के सुगम रास्ता मिल सकेगा।

बनेगा एलिवेटेड रोड या टनल

तालकटोरा स्टेडियम से धौलाकुआं तक के करीब 8 किलोमीटर लंबे हिस्से को सिग्नल-फ्री बनाने के लिए एलिवेटेड रोड या टनल का प्रस्ताव PWD और NHAI को भेजा गया है। इस प्रोजेक्ट के लागू होने से 20-25 मिनट का सफर महज 5-6 मिनट में सिमट जाएगा। सबसे बड़ी राहत यह होगी कि वीवीआईपी मूवमेंट का असर सामान्य ट्रैफिक पर नहीं पड़ेगा। केंद्र सरकार इस योजना को लेकर काफी गंभीर है और जल्द ही इसे हरी झंडी मिलने की उम्मीद है। इसके बाद काम शुरू किया जाएगा।

इस तरह समझें इस रूट का पूरा प्लान

करोल बाग जाने वालों को भी मिलेगी इससे राहत

प्रस्तावित योजना के तहत पंचशील मार्ग और साइमन बुलेवार्ड पर अंडरपास, लूप और स्लिप रोड बनाए जाएंगे ताकि ट्रैफिक बिना रुके चलता रहे। इसी तरह वंदे मातरम मार्ग पर साइमन बुलेवार्ड और रामनाथ विज मार्ग टी-पॉइंट पर लूप और स्लिप रोड का निर्माण प्रस्तावित है। इससे करोल बाग और पूर्वी दिल्ली से एयरपोर्ट जाने वालों को रेड लाइट पर रुकने की जरूरत नहीं होगी।

दिल्ली एयरपोर्ट जाना हो जाएगा काफी आसान

शंकर रोड गोल चक्कर पर ट्रैफिक का सबसे अधिक दबाव रहता है। यहां भी अंडरपास और लूप का निर्माण प्रस्तावित है, जिससे गाड़ियों को गोल चक्कर की परिक्रमा नहीं करनी पड़ेगी। सरदार पटेल और वंदे मातरम मार्ग एक-दूसरे के समानांतर हैं, इन पर टनल या एलिवेटेड रोड बनने से एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी आसान हो जाएगी और दिल्लीवासियों को जाम से बड़ी राहत मिलेगी।

एक्सपर्ट की सलाह

'टी-जंक्शन बंद करना है जरूरी'

सरदार पटेल मार्ग ग्यारह मूर्ति से धौला कुआं तक करीब 3 किमी लंबा स्ट्रेच है। लेकिन, इतनी ही दूरी पर तीन ट्रैफिक जंक्शन है, जिससे सुबह से शाम तक इस रोड पर जाम रहता है। नई दिल्ली एरिया में आने वाला पूरा ट्रैफिक इसी रोड से आता है, जबकि लोगों के पास सेन मार्टिन रोड, रिंग रोड और रिज एरिया से गुजरने वाला वंदेमातरम रोड का विकल्प भी है। अगर पंचशील मार्ग-सरदार पटेल मार्ग जंक्शन पर पंचशील की ओर जाने के लिए अंडरपास और रेलवे कॉलोनी के पास वाले ट्रैफिक लाइट टी-जंक्शन को बंद कर दिया जाए, तो पटेल मार्ग पर जाम करीब 50 से 75 प्रतिशत खत्म हो जाएगा। एलिवेटिड कॉरिडोर भी बेहतर विकल्प होगा। इससे लोगों को ऊपर और नीचे ट्रैफिक का दो विकल्प मिलेगा।

- दिनेश कुमार, पूर्व चीफ इंजिनियर, PWD

रीडर्स बता रहे समस्या

कालिंदी कुंज मेट्रो के पास रोज जाम लगता है। इसका समाधान लाल बत्ती चौक को बंद कर दोनों ओर सुरक्षित यू-टर्न बनाना है। *-मनीष पालीवाल*

राजा धीर सेन मार्ग और ईस्ट ऑफ कैलाश में अतिक्रमण, फूड वैन और डार्क स्टोर के वाहनों की अवैध पार्किंग से यातायात ठप रहता है। यहां कार्रवाई हो। *-करण आहूजा*

मूलचंद मेट्रो स्टेशन के बाहर ई-रिक्शा और ऑटो वालों का कब्जा रहता है। इससे रोड पर स्पेस कम बचता है और जाम लगता है। यह समस्या रोज की है। पुलिस को इस पर एक्शन लेना चाहिए। *-ओम प्रकाश*

जाम के मुख्य कारण है रोड पर ई-रिक्शा व गाड़ियों की दिनों-दिन बढ़ती संख्या। इसके अलावा रोड पर अवैध पार्किंग से भी जाम लगता है। पुलिस इन पर काम करे तो हर सड़क पर ट्रैफिक स्मूद हो सकता है। *-दर्शन*

मुकरबा चौक पर जाम के समाधान के लिए भलस्वा फ्लाईओवर के तुरंत बाद एक एलिवेटेड लूप दाईं तरफ उतारना चाहिए। इससे राहत मिलेगी। *-अनिल यादव*

ऐसे बनें समाधान का हिस्सा

ईमेल : nbtreader@timesofindia.com पर हमें मेल कर सकते हैं, सब्जेक्ट में लिखें TRAFFIC

व्हाट्सऐप : समस्याएं और सुझाव 9220747220 पर हमें व्हाट्सऐप करें। मैसेज के बाद TRAFFIC भी लिख दें।

AMITY GLOBAL SCHOOL NOIDA

100% SCHOLARSHIP for brilliant students of Grades 8 & 9 for IGCSE Curriculum

The Amity Foundation has supported meritorious students in realising their true potential over the last many decades.

For students to study IGCSE curriculum and then progress to IBDP or Cambridge A & AS levels, these scholarships for the 2026-27 academic session admissions, will continue throughout the schooling years, subject to consistent academic performance.

At Amity Global School, students will benefit from a global connect to leverage top college placements and a curriculum that builds critical thinking skills.

To be considered for the scholarship, please email your expression of interest to **scholarships@agsn.amity.edu** within 5 days

Amity Global School, Sec. 44, Noida
W: www.amityglobalschoolnoida.com
CAMBRIDGE International Education

मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सुकेश को ज़मानत

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** राउज एवेन्यू कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर को जमानत दे दी है। अदालत ने कहा कि एक समय सीमा से ज्यादा वक्त तक जेल में रखना, व्यक्तिगत स्वतंत्रता और त्वरित सुनवाई के मौलिक अधिकार का उल्लंघन है।

अदालत ने आजादी के अधिकार का हवाला दिया

अदालत ने इसपर जोर दिया कि किसी आरोपी को अनिश्चित काल तक हिरासत में नहीं रखा जा सकता, खासकर तब जब मुकदमे का जल्द निपटारा होने की संभावना न हो। यह आदेश 'भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता' (BNSS) की धारा 479 के तहत पारित किया गया। इस प्रावधान में कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति अपनी अधिकतम सजा का आधा हिस्सा पूरा करने पर रिहाई का अधिकारी होगा।

अदालत ने आदेश इस बात को दर्ज किया कि चंद्रशेखर पहले ही काफी समय हिरासत में बिता चुका है, जो 'मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम' (PMLA) के तहत तय सात साल की अधिकतम सजा के आधे से भी ज्यादा है। इसके अलावा, चूंकि मूल अपराध से जुड़ी कार्यवाही पर फिलहाल रोक लगी हुई है, इसलिए मुकदमे के जल्द खत्म होने की संभावना कम हो गई है। ED के विरोध को खारिज करते हुए कोर्ट ने साफ किया कि आरोपों की गंभीरता या आरोपी पर कई मामले चल रहे होने से, उसे वैधानिक जमानत के अधिकार से अपने आप वंचित नहीं किया जा सकता।

डिलिवरी बॉय से झपटा फोन

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** साकेत इलाके में एक डिलिवरी बॉय से बाइक सवार बदमाशों ने मोबाइल फोन झपट लिया। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार राहुल (39) परिवार के साथ मदनगीर इलाके में रहते हैं। वह डिलिवरी बॉय का काम करते हैं। 3 अप्रैल की रात करीब 2 बजे वह एक ग्राहक को खाने की डिलिवरी देकर घर लौट रहे थे। साकेत मेट्रो स्टेशन से प्रेस एनक्लेव रोड पर दो बदमाशों ने फोन झपट लिया।

साकेत मेट्रो स्टेशन के पास 3 अप्रैल को हुई वारदात

80 साल के बुजुर्ग ने खुद को मारी गोली, मौत

■ **NBT न्यूज, मंगोलपुरी:** आउटर दिल्ली के मंगोलपुरी थाना इलाके के पीतमपुरा कॉलोनी में रहने वाले एक बुजुर्ग ने गोली मारकर खुदकुशी कर ली। मृतक की पहचान उमराव सिंह के रूप में हुई है। डीसीपी आउटर विक्रम सिंह ने कहा कि उन्होंने लाइसेंसी रिवॉल्वर से गोली मारकर खुदकुशी की है। पुलिस को रिश्तेदारों से पूछताछ में पता चला कि वह लंबे समय से बीमार थे। जिसके चलते वह काफी परेशान थे।

लाइसेंसी पिस्टल से मारी गोली, लंबे अरसे से थे बीमार

CBI ने हवलदार को रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** शकरपुर थाने में सोमवार को सीबीआई की टीम ने एक हेड कॉन्स्टेबल को रिश्वत लेने के आरोप में पकड़ लिया। आरोपी पुलिसकर्मी से पूछताछ चल रही है। एक अन्य पुलिसकर्मी की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। सूत्रों के मुताबिक, पीड़ित ने आरोप लगाया था कि उसके काम के बदले पुलिसकर्मी रिश्वत की मांग कर रहा था। इसकी शिकायत सीबीआई से की गई, जिसके बाद टीम ने योजना बनाकर उसे मौके पर ही दबोच लिया।

एक अन्य पुलिसकर्मी की भूमिका भी संदेह के घेरे में

चाकू दिखा छीना था मोबाइल, दो नाबालिग पकड़े

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** पटेल नगर थाना पुलिस ने ब्लाइंड लूट के एक केस को 24 घंटे में सुलझाते हुए दो नाबालिग को पकड़ा है। उनके पास से लूटा गया फोन और वारदात में इस्तेमाल चाकू भी बरामद किया। आरोपियों ने लूट का विरोध करने पर पीड़ित पर चाकू से हमला कर दिया था। सेंट्रल जिला के डीसीपी रोहित राजबीर सिंह ने बताया कि 4 अप्रैल को यह वारदात हुई थी।

महज 24 घंटे के अंदर पुलिस ने दबोचा

दुष्यंत चौटाला के निशाने पर आई BJP और कांग्रेस

■ **NBT न्यूज, झज्जर**

पश्चिम बंगाल समेत देश के 5 राज्यों के चुनाव को लेकर जेजेपी नेता और हरियाणा के पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के निशाने पर कांग्रेस और बीजेपी दोनों राष्ट्रीय पार्टियां आ गई हैं। उन्होंने वहां के मतदाताओं से इन चुनावों में वहां की रीजनल पार्टियों को जिताने की अपील की है। दुष्यंत चौटाला मंगलवार को झज्जर में जेजेपी के बैकवर्ड सेल के कार्यकर्ताओं को संबोधित करने पहुंचे थे।

बोले- कांग्रेस के प्रदेश व केंद्रीय नेतृत्व पर उठाए सवाल

मीडिया से बातचीत में दुष्यंत चौटाला ने अपने दादा और देश के पूर्व उप-प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौ.देवीलाल को याद करते हुए कहा कि चौ.देवीलाल कहा करते थे कि रीजनल पार्टियां एक तरह से ओरिजिनल पार्टियां होती हैं और वही अपने मतदाताओं का दुख-दर्द समझ सकती हैं। इसीलिए वह चाहते हैं कि इन पांचों राज्यों में वहां की रीजनल पार्टियां ही जीतकर आएं।

चौटाला ने दावा किया कि इन 5 राज्यों के चुनाव होते ही बड़े अंतर से पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ेंगे, और अगर ऐसा हुआ तो इसकी मार किसान और आमजन को झेलनी पड़ेगी। भविष्य में उन्होंने खाद की कमी होने की बात भी कही।

उन्होंने कहा कि उन्हें यह कहते हुए कतई गलत नहीं लग रहा कि इन दिनों न सिर्फ हरियाणा में बल्कि केंद्र में भी नेतृत्व एक तरह से कमजोर हाथों में है। हाल ही में सम्पन्न हुए हरियाणा के राज्यसभा चुनाव को दुष्यंत ने पूर्व सीएम चौ.भूपेंद्र सिंह हुड्डा की बेईमानी का हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि यह कैसे हो सकता है कि क्रॉस वोटिंग करने वाले विधायकों के नाम तो हुड्डा व पार्टी प्रभारी बीके हरिप्रसाद को पता हैं और जिनके वोट कैंसल हुए हैं, उनके नाम उन्हें नहीं पता।

बीजेपी को घेरा, हुड्डा का इस्तीफा मांगा

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** MCD ने CBI द्वारा रिश्वत लेने के आरोप में अरेस्ट किए गए डिप्टी कमिश्नर लेफ्टिनेंट कर्नल अभिषेक मिश्रा और प्रशासनिक अधिकारी को उनके पैरेंटल डिपार्टमेंट भेज दिया। अभिषेक मिश्रा करीब तीन साल पहले आर्मी से डेपुटेशन पर आए थे। इस दौरान वह तीन अलग जोन में डिप्टी कमिश्नर रहे। MCD ने इस संबंध में डिफेंस मंत्रालय को भी सूचना भेज दी है। वहीं प्रशासनिक अधिकारी दिव्यांशु गौतम डायरेक्टर सेंट्रल ऑडिट विभाग से डेपुटेशन पर आए थे। MCD ने उनके विभाग को भी लिखित में सूचना भेज दी है। CBI ने 31 मार्च को शाहदरा नॉर्थ जोन के डिप्टी कमिश्नर और प्रशासनिक अधिकारी (एओ) को अरेस्ट किया था। आरोप था कि किसी मामले में शाहदरा साउथ जोन के दो लाइसेंस इंस्पेक्टरों को सस्पेंड किया गया था। इस मामले की जांच डिप्टी कमिश्नर अभिषेक मिश्रा कर रहे थे। सितंबर 2025 से उनकी फाइल को आगे नहीं बढ़ाया गया। लाइसेंस इंस्पेक्टरों ने जब प्रशासनिक अधिकारी से बात की तो उन्होंने चार लाख रुपये की रिश्वत मांगी। रिश्वत देने के लिए शिकायती ने एओ को राजघाट बुलाया। पैसे लेते ही CBI टीम ने एओ को अरेस्ट कर लिया।

उत्तर रेलवे

शुद्धिपत्र

संदर्भ : निविदा नोटिस संख्या 76/2025-2026 दिनांक 02.01.2026

1. निविदा संख्या 15255237 नियत तिथि 21.04.2026

उपरोक्त संदर्भित टेंडर की नियत तिथि 07.04.2026 से बढ़ाकर 21.04.2026 कर दी गई है। शेष सभी नियम और शर्तों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

यह शुद्धिपत्र वेबसाइट पर मुद्रित किया गया है। www.ireps.gov.in

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1145/26

राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय
(राष्ट्रीय महत्व का संस्थान, गृह मंत्रालय, भारत सरकार)
National Forensic Sciences University
(An Institution of National Importance under Ministry of Home Affairs, Government of India)

फोरेंसिक साइंस एप्टीट्यूड एंड कैलिबर टेस्ट 2026
(FACT और FACT Plus)

एनएफएसयू दिल्ली कैंपस 30 मई, 2026 को फैक्ट और फैक्ट प्लस आयोजित कर रहा है। पात्रता मानदंड, परीक्षा केंद्र, आवेदन शुल्क आदि का विवरण www.nfsu.ac.in पर उपलब्ध है। सभी इच्छुक उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट देखें।

परिसर निदेशक, एनएफएसयू दिल्ली परिसर

IGNOU के 3.24 लाख+ स्टूडेंट्स को मिली डिग्री

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** इग्नू के 39वें कन्वोकेशन में देशभर के 3.24 लाख से ज्यादा स्टूडेंट्स को डिग्रियां दी गईं। इस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भारत के उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन और दिल्ली के एलजी तरनजीत सिंह संधू बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल हुए और स्टूडेंट्स को पीएचडी डिग्री और गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया। कन्वोकेशन देशभर के 51 रीजनल सेंटर और तीन विदेशी सेंटर में रखा गया।

इस मौके पर उपराष्ट्रपति ने 17 'स्वयं प्रभा' स्टूडियो, अल्मनाई पोर्टल और IGNOU प्रोफाइल 2026 का भी उद्घाटन किया। इग्नू की ओर से बताया गया कि स्टूडियो के जरिए दूरदराज के इलाकों तक क्वालिटी एजुकेशन पहुंचाने में मदद मिलेगी। वहीं, नया अल्मनाई पोर्टल करीब 53 लाख स्टूडेंट्स को एक मंच पर जोड़ेगा। उन्होंने नैशनल एकेडमिक डिपॉजिटरी (NAD) के तहत डिजीलॉकर पर सर्टिफिकेट जारी किए। उपराष्ट्रपति ने कहा कि इग्नू अब केवल 'डिस्टेंस लर्निंग' नहीं बल्कि 'फ्लेक्सिबल लर्निंग सिस्टम' बन गया है।

DDA के पार्क में अब चलेगी थिएटर वर्कशॉप

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** पब्लिक स्पेस को लोगों के लिए एक बेहतरीन विकल्प के तौर पर तैयार करने के लिए अब DDA रंगमंच की शुरुआत कर रहा है। सराय काले खां के पास बांसेरा में DDA नैशनल स्कूल ऑफ ड्रामा के साथ मिलकर पहली बार थिएटर वर्कशॉप का आयोजन कर रहा है। इसमें 12 से 16 साल तक के स्टूडेंट्स हिस्सा ले सकेंगे। हर बैच में 30 स्टूडेंट होंगे और एडमिशन पहले आओ पहले पाओ के आधार पर मिलेगा। 24 अप्रैल तक अप्लाई किया जा सकता है। 1250 से लेकर 5000 रुपये तक फीस होगी।

उत्तर रेलवे

(ई-नीलामी सूचना)

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक / यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा पार्किंग लॉटस/साइट्स के आवंटन हेतु ई-नीलामी, IREPS पोर्टल (https://ireps.gov.in/) पर ई-बोली निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित की जाती है-

ई-कैटलॉग संख्या	ई-नीलामी की तिथि एवं समय	रेलवे स्टेशन / स्थान / पार्किंग लॉट
Parking-12-2026	23.04.2026 को 11:00 बजे	दिल्ली सराय रोहिल्ला (साईकिल-स्कूटर), दिल्ली किशनगंज, गढ़ी हरसरू, जाखल (प्रथम प्रवेश) = कुल 04 साइटें।

वेबसाइट विवरण जहां ई-नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है	https://ireps.gov.in/

आईआरईपीएस के माध्यम से आयोजित ई-नीलामी में भाग लेने हेतु निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना अनिवार्य है: 1. इच्छुक बोलीदाताओं को आई आर ई पी एस (वाणिज्यिक नीलामी मॉड्यूल) में ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा। पहले से ही अन्य आई आर ई पी एस खाता रखने वाली संस्थाएं भी खुद को वाणिज्यिक नीलामी मॉड्यूल के लिए नामांकित करने में सक्षम होंगी। 2. एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान 3. भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता 4. आई आर ई पी एस खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक के खाते का एकीकरण 5. फण्ड का लियन मार्किंग 6. टर्नओवर का अद्यतनीकरण (Updation) 7. जिन ठेकेदारों के पास आईआरईपीएस के किसी भी मॉड्यूल के लिए आई आर पी एस खाता नहीं है, वे आईआरईपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई-निविदा/ई-नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण हेतु अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं।

सम्बन्धित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी	वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक / पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली 110055; Email: pkg.delhidivision@gmail.com Tel: 011-23743084

संख्या-23AC/393/E-Auction/PKG/2026 दिनांक- 07.04.2026 1156/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान
परीक्षा अनुभाग

प्रवेश सूचना संख्या 41/2026

फाइल संख्या: AIIMS/7-10/Exam.Sec/(B.Sc-M.Sc-2026)/2026 24.03.2026

बी.एससी. (ऑनर्स) नर्सिंग/बी.एससी. नर्सिंग (पोस्ट-बेसिक)/बी.एससी. एलाइड एंड हेल्थ केयर कोर्सेस और एम.एससी. नर्सिंग/एम.एससी. कोर्सेस/एम. बायोटेक्नोलॉजी सत्र अगस्त-2026 के लिए एम्स नई दिल्ली और अन्य एम्स में प्रवेश सूचना

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली उपर्युक्त उल्लिखित पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है, जिसका कार्यक्रम नीचे दिया गया है:-

स्नातक (UNDER-GRADUATE) पाठ्यक्रमों के लिए अनुसूची	
बी.एससी. (ऑनर्स) नर्सिंग/बी.एससी. नर्सिंग (पोस्ट-बेसिक)/बी.एससी. एलाइड एंड हेल्थ केयर कोर्सेस अगस्त-2026 सत्र के आवेदन जमा करने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण का प्रारंभ	प्रारंभ तिथि: 25.03.2026 अंतिम तिथि: 24.04.2026 (शाम 05.00 बजे)
बी.एससी. (ऑनर्स) नर्सिंग परीक्षा की तिथि	27 जून, 2026 (शनिवार)
बी.एससी. एलाइड एंड हेल्थ केयर कोर्सेस परीक्षा की तिथि	04 जुलाई, 2026 (शनिवार)
बी.एससी. नर्सिंग (पोस्ट-बेसिक) परीक्षा की तिथि	30 मई, 2026 (शनिवार)
स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए अनुसूची	
एम.एससी. नर्सिंग/एम.एससी. कोर्सेस/एम. बायोटेक्नोलॉजी अगस्त-2026 सत्र के आवेदन जमा करने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण का प्रारंभ	प्रारंभ तिथि: 25.03.2026 अंतिम तिथि: 24.04.2026 (शाम 05.00 बजे)
एम.एससी. नर्सिंग परीक्षा की तिथि	20 जून, 2026 (शनिवार)
एम.एससी. कोर्सेस/एम. बायोटेक्नोलॉजी परीक्षा की तिथि	13 जून, 2026 (शनिवार)

सभी आवेदकों को नियमित रूप से वेबसाइट www.aiimsexams.ac.in पर विजिट करना आवश्यक है क्योंकि सभी आगामी शुद्धिपत्र/संशोधन/अपडेट केवल वेबसाइट पर ही अपलोड किए जाएंगे।

सहायक नियंत्रक (परीक्षा)

CBC 17112/12/0003/2627

फटाफट खबरें

PM ने प्रकाश पर्व पर दी श्रद्धांजलि

नरेन्द्र मोदी

■ भाषा, नई दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को गुरु तेग बहादुर को उनके प्रकाश पर्व पर श्रद्धांजलि अर्पित की। मोदी ने कहा कि नौवें सिख गुरु विपरीत परिस्थितियों का सामना करते हुए भी सत्य, गरिमा और आस्था की रक्षा के लिए दृढ़ता से खड़े रहे।

नवजोत कौर सिद्धू ने नई पार्टी बनाई

नवजोत कौर



■ NBT न्यूज, चंडीगढ़ : पंजाब कांग्रेस से निष्कासित होने के दो महीने बाद पूर्व विधायक नवजोत कौर सिद्धू ने एक नए राजनीतिक दल भारतीय राष्ट्रवादी पार्टी की घोषणा की। पूर्व क्रिकेटर और पंजाब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू की पत्नी कौर ने सोमवार देर रात 'एक्स' पर इसकी घोषणा की।

सजा के खिलाफ पूर्व कांग्रेसी HC पहुंचे

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: मध्यप्रदेश के अयोग्य ठहराए गए कांग्रेस विधायक राजेंद्र भारती ने धोखाधड़ी के मामले में अपनी दोषसिद्धि और तीन साल कैद की सजा के खिलाफ दिल्ली हाई कोर्ट का रुख किया है। कोर्ट ने अभियोजन पक्ष को नोटिस जारी किया और इसे 15 अप्रैल को सुनवाई के लिए लगा दिया।

केरल का ऐसा श्मशान, जहां सियासी रेखाएं मिट जाती हैं

कन्नूर से लाइव
Hemwati.Rajaura1@timesofindia.com

Hemwati Rajaura
एक ही श्मशान घाट में अंतिम जगह पाने वाले राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के स्मारक पार्टी के सिंबल के साथ खड़े हैं।

■ **केरल:** केरल में कन्नूर का पायंबलम बीच ऐसा दृश्य रचता है, जहां प्रकृति और राजनीति साथ दिखाई देते हैं। वलापट्टनम नदी और अरब सागर के बीच स्थित यह श्मशान घाट और कब्रगाह सिर्फ अंतिम संस्कार का स्थान नहीं, बल्कि केरल की अनोखी राजनीतिक संस्कृति का जीवंत प्रतीक है, जहां विचारधाराएं टकराती नहीं, साथ खड़ी होती हैं। यह श्मशान घाट बताता है कि सियासत की सबसे तीखी लड़ाइयां भी आखिरकार एक ही जमीन पर खत्म होती हैं। यहां, लहरों के बीच खड़े ये स्मारक सिर्फ नेताओं की याद नहीं, बल्कि उस विचार का प्रतीक हैं, जहां अंत में हर विचारधारा, हर पहचान और हर टकराव शांत हो जाता है।

पायंबलम बीच का यह श्मशान घाट पहली नजर में किसी खूबसूरत स्मृति-उद्यान जैसा लगता है, लेकिन हर स्तंभ एक कहानी कहता है- राजनीति, संघर्ष और विचारधाराओं की।

राज्यों का रण

यहां आपको एक ही परिसर में नेताओं के स्मारकों पर अलग-अलग दलों के प्रतीक नजर आते हैं। कहीं कमल की आकृति उकेरी गई है, तो कहीं हाथ का निशान, और कहीं हंसिया-हथौड़ा। भारतीय राजनीति के ये तीन बड़े प्रतीक भारतीय जनता पार्टी (BJP), भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी) यानी CPM यहां किसी बहस या टकराव में नहीं, बल्कि शांति के साथ एक ही कतार में खड़े दिखते हैं। यह वह बीच है जहां के श्मशान घाट पर केरल के पूर्व मुख्यमंत्री से लेकर तमाम बड़े नेताओं का अंतिम संस्कार हुआ था। कम्युनिस्ट आंदोलन के दिग्गज ए. के. गोपालन का स्मारक यहां मौजूद है, जिनका अंतिम सस्कार लाखों लोगों की मौजूदगी में तय हुआ था। उनके पास ही केरल के पूर्व मुख्यमंत्री ई. के. नयनार की याद भी इसी जमीन में बसती है।

यहीं आपको बीजेपी के वरिष्ठ नेता के. जी. मरार का स्मारक भी दिखेगा जो कमल के आकार में बना है। वहीं कांग्रेस से जुड़े नेताओं पी. रामकृष्ण के स्मारक हाथ के प्रतीक के साथ मौजूद है। इन सबके बीच खड़े ये स्तंभ अनकहा संदेश देते हैं कि विचारधाराएं भले अलग हों, अंतिम सच एक ही है। इस परिसर में सिर्फ राजनेता ही नहीं, बल्कि समाज के अन्य प्रभावशाली चेहरे भी मौजूद हैं। निडर पत्रकार स्वदेशाभिमानी रामकृष्ण पिल्लै का स्मारक यहां सबसे पुराने स्मारकों में से है, जिन्होंने सत्ता के खिलाफ लिखने की कीमत निर्वासन से चुकाई। वहीं साहित्य और विचार की दुनिया के दिग्गज सुकुमार अझीकोड की याद भी इसी जगह दर्ज है।

असम, केरल और पुडुचेरी में चुनाव प्रचार थमा

■ आईएएनएस/भाषा, नई दिल्ली : दो राज्यों असम, केरल और एक केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में विधानसभा चुनावों से जुड़ा प्रचार अभियान मंगलवार की शाम समाप्त हो गया। यहां 9 अप्रैल को एक ही चरण में वोट डाले जाएंगे और इसके बाद 4 मई को चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे।

एग्जिट पोल के प्रसारण को लेकर निर्देश जारी: निर्वाचन आयोग ने कहा है कि इस महीने हो रहे पांच विधानसभा चुनावों के लिए नौ अप्रैल की सुबह सात बजे से 29 अप्रैल की शाम 6.30 बजे तक एग्जिट पोल का प्रसारण नहीं किया जा सकता है। आयोग ने चेतावनी दी है कि इस अवधि में एग्जिट पोल आयोजित करने या प्रसारित करने पर दो साल तक की कैद, या जुर्माना या दोनों दंड दिया जा सकता है।

पवन खेड़ा के घर असम पुलिस पहुंची, कांग्रेस ने कहा- यह हताशा में कार्रवाई

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

PTI
कांग्रेस नेता के घर असम पुलिस ने चलाया तलाशी अभियान, खेड़ा नहीं मिले।

असम के मुख्यमंत्री की पत्नी पर तीन देशों में पासपोर्ट रखने के कांग्रेस नेता पवन खेड़ा के आरोप के बाद उनके खिलाफ दी गई शिकायत पर मंगलवार को दिल्ली में तलाशी ली गई। असम पुलिस की एक टीम खेड़ा के दिल्ली आवास पर पहुंची। कांग्रेस ने इस कार्रवाई को हताशा में की गई कार्रवाई बताया।

NBT 2 मिनट में पढ़ें

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, असम पुलिस ने दिल्ली पहुंचते ही स्थानीय पुलिस को सूचना दी। दिल्ली पुलिस भी मौके पर पहुंची और घर की तलाशी ली। यह कार्रवाई उस शिकायत के आधार पर की गई जो असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी भुइयां सरमा ने दर्ज कराई है। कार्रवाई के दौरान खेड़ा उस समय अपने आवास पर मौजूद नहीं थे।

इस पूरे विवाद की शुरुआत तब हुई जब खेड़ा और कांग्रेस के अन्य नेताओं ने सार्वजनिक रूप से आरोप लगाया कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी भुइयां सरमा के पास तीन देशों के पासपोर्ट हैं और दुबई समेत विदेशों में संपत्तियां हैं। कांग्रेस नेताओं ने यह भी दावा किया कि इन संपत्तियों और निवेश से जुड़े दस्तावेज सामने आए हैं, जिनकी जांच होनी चाहिए। हालांकि, मुख्यमंत्री हिमंत और उनके परिवार ने इन सभी आरोपों को पूरी तरह से खारिज कर दिया। उन्होंने इन दावों को फर्जी, भ्रामक और राजनीतिक साजिश करार दिया।

हिमंता का पलटवार

हिमंता ने कांग्रेस के आरोपों पर कहा है कि जिन देशों का जिक्र किया गया, वहां की सरकारों ने ही इन दावों को खारिज कर दिया है। कांग्रेस ने फर्जी दस्तावेज और पाकिस्तानी सोशल मीडिया ग्रुप से मिली जानकारी के आधार पर यह अभियान चलाया है, जिसका मकसद चुनाव से पहले उनकी छवि खराब करना है।

वहीं, कांग्रेस ने खेड़ा के घर कार्रवाई को राजनीतिक बदला बताया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि जनहित में सवाल उठाने पर पुलिस का इस्तेमाल कर विपक्ष की आवाज दबाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि पूरे पुलिस तंत्र को एक नेता के पीछे लगाना यह दिखाता है कि मुख्यमंत्री हताश और परेशान हैं और हार रहे हैं इसलिए कार्रवाई कर रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी बिना नाम लिए इस मुद्दे को उठाते हुए विदेशी पासपोर्ट और संपत्तियों के आरोपों पर जवाब मांगा। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह लोकतांत्रिक तरीके से नहीं, बल्कि एजेंसियों के जरिए विपक्ष को दबा रही है।

मोदी से मिले छत्तीसगढ़ के CM, बस्तर 2.0 का सौंपा ब्लूप्रिंट

साय ने मोदी को बस्तर आने का न्योता दिया

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** छत्तीसगढ़ के CM विष्णुदेव साय ने मंगलवार को PM नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर नक्सलवाद के अंत के बाद प्रदेश में आई शांति के लिए आभार जताया। बस्तर के विकास का एक ब्लूप्रिंट भी सौंपा। मोदी को मॉनसून के बाद बस्तर आने का आमंत्रण दिया, जहां कई बड़ी परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण प्रस्तावित है। साय ने बताया कि अब सरकार का फोकस तेजी से विकास, रोजगार सृजन और जनजीवन को सशक्त बनाने पर है। बस्तर रोडमैप 2.0 में एग्रो और एग्रो फॉरेस्ट सेक्टर, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार और पर्यटन को प्राथमिकता दी जा रही है।

BJP और RSS की तुलना सांप से करने पर रविशंकर ने कांग्रेस को घेरा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

रविशंकर प्रसाद ने मल्लिकार्जुन खरगे के बयान की आलोचना की।

- बीजेपी ने अल्पसंख्यक समाज को उकसाने का आरोप लगाया है।
- रविशंकर प्रसाद ने कहा, क्या कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सारी मर्यादाएं छोड़ दी हैं?

बीजेपी ने कांग्रेस पर देश में सांप्रदायिक तनाव पैदा करने और देश के अल्पसंख्यक समाज को उकसाने का आरोप लगाया है। बीजेपी के वरिष्ठ नेता और सांसद रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा बीजेपी और आरएसएस की तुलना सांप से करने की जमकर आलोचना की।

रविशंकर प्रसाद ने पूछा कि क्या कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सारी मर्यादाएं छोड़ दी हैं? प्रसाद ने कहा कि मल्लिकार्जुन खरगे का वक्तव्य न केवल अपमानजनक है, यह बेशर्मी की पराकाष्ठा है। कांग्रेस अध्यक्ष ने गुजरात के लोगों के बारे में भी अपमानजनक बातें कही हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मल्लिकार्जुन खरगे बताएं कि क्या गांधी जी अनपढ़ थे? क्या सरदार पटेल, मोरारजी देसाई और विक्रम साराभाई भी अनपढ़ थे? बीजेपी ने मांग की है कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष माफी मांगें। रविशंकर प्रसाद ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के उस दावे का खंडन किया, जिसमें कहा गया था कि मतदाताओं को निशाना बनाने के लिए केंद्रीय बलों को तैनात किया जा रहा है। उन्होंने ममता पर मतदाताओं में 'भय उत्पन्न करने' का आरोप लगाया है।

मिशन बंगाल: BJP अध्यक्ष का दो दिवसीय प्रचार अभियान आज से

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

BJP के 47वें स्थापना दिवस पर सोमवार को पार्टी अध्यक्ष नितिन नवीन।

मिशन बंगाल के लिए बीजेपी ने पूरी ताकत झोंक दी है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन बुधवार से पश्चिम बंगाल के दो दिवसीय महत्वपूर्ण दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे कई प्रमुख संगठनात्मक कार्यक्रमों में भाग लेंगे, जिनमें अलीपुरद्वार में जनसभा, नागराकाटा में चाय बागान श्रमिकों के साथ जनसभा, मयनागुड़ी में भव्य रोड शो और सिलीगुड़ी जोन के प्रवासी कार्यकर्ता बैठक शामिल हैं।

बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सोमवार को पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के मौके पर पार्टी मुख्यालय में एक सभा को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्र प्रथम सिद्धांत को दोहराया था। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे उन नेताओं और कार्यकर्ताओं के समर्पण और बलिदान से प्रेरणा लें, जिन्होंने बीजेपी को दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनाने में योगदान दिया और पार्टी के विस्तार को और आगे बढ़ाएं।

बीजेपी अध्यक्ष ने कहा कि हमने अपने समर्थकों के लिए एक डिजिटल प्रशिक्षण मंच शुरू किया है। इसके माध्यम से हम बीजेपी की विचारधारा को समाज के भीतर और गहराई तक पहुंचा सकेंगे। यह डिजिटल इकोसिस्टम है, जो पार्टी के कार्यकर्ताओं को वैचारिक और संगठनात्मक रूप से और अधिक निपुण बनाएगा।

बीजेपी ने एक नया डिजिटल प्रशिक्षण अभियान पंडित दीनदयाल उपाध्याय महाभियान 2026 भी शुरू किया है। इस अभियान के तहत डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म के जरिए तकनीक का सहारा लिया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य करोड़ों कार्यकर्ताओं को आधुनिक तकनीक से लैस कर पार्टी की विचारधारा और सरकारी उपलब्धियों को बूथ स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना है। ऐप का सहारा भी लिया जा रहा है।

CEC को हटाने के प्रस्ताव का नोटिस सदन में खारिज

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

ज्ञानेश कुमार पर सरकार के दबाव में काम करने का आरोप लगा था।

संसद में विपक्ष को बड़ा झटका लगा है। राज्यसभा के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने की मांग वाले नोटिस को खारिज कर दिया है।

विपक्ष के कई सांसदों ने 12 मार्च को दोनों सदनों में एक प्रस्ताव दिया था। इसमें आरोप लगाया गया था कि ज्ञानेश कुमार सरकार के दबाव में काम कर रहे हैं और कुछ प्रक्रियाओं के जरिए बड़े पैमाने पर लोगों को वोट देने के अधिकार से वंचित किया जा रहा है। लोकसभा के 130 और राज्यसभा के 63 सांसदों ने इस नोटिस पर हस्ताक्षर किए थे, लेकिन दोनों सदनों के अध्यक्षों ने इसे स्वीकार करने से मना कर दिया।

विपक्षी सांसदों ने 12 मार्च को दोनों सदन में CEC को हटाने का प्रस्ताव दिया था।

संसद सचिवालय के मुताबिक, इस प्रस्ताव पर पूरी तरह विचार किया गया और सभी पहलुओं को देखने के बाद ही फैसला लिया गया। इसके बाद नियमों और कानून के तहत अपने अधिकार का इस्तेमाल करते हुए नोटिस को खारिज कर दिया गया। यानी साफ है कि फिलहाल ज्ञानेश कुमार के खिलाफ हटाने की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ेगी और मामला यहीं रुक गया है।

दिल्ली छावनी बोर्ड
निविदा सूचना

दिल्ली छावनी बोर्ड सरकार द्वारा अनुमोदित ठेकेदारों से ई-निविदा के माध्यम से निम्नलिखित कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी में निविदाएं आमंत्रित करता है, जैसा कि नीचे विस्तृत है:

ई-प्रोक्योरमेंट के माध्यम से निविदा जारी करने की तिथि	:	10.04.2026 को 1700 बजे
निविदा दस्तावेज डाउनलोड करने की अंतिम तिथि और समय	:	04.05.2026 को 1300 बजे तक
ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि और समय	:	04.05.2026 को 1300 बजे तक
ई-निविदा खोलने की तिथि और समय	:	05.05.2026 को 1330 बजे

कार्य का विवरण

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमान की राशि	बयाना जमा राशि
1	NH-8 पर जलभराव को कम करने के लिए जल निकासी प्रणालियों में सुधार, KV-1 से परेड रोड तक जल निकासी प्रणाली बिछाना, दिल्ली छावनी में 2 या अधिक कार्य शिफ्टों में तत्काल आधार पर।	3,40,00,000/- रुपये	4,15,000/- रुपये

बोलीदाता "निविदा दस्तावेज" और अन्य लागू नियम व शर्तें डाउनलोड कर सकता है, जिसमें विस्तृत एनआईटी, नियम व शर्तें, विशेष विवरण, विशेष शर्तें, सत्यनिष्ठा समझौते पर हस्ताक्षर, जीएफआर 2017 प्रावधानों का पालन, सार्वजनिक खरीद (भारत में निर्मित उत्पादों को प्राथमिकता) आदेश 2017 आदि शामिल हैं, जैसा कि http://defproc.gov.in और www.delhi.cantt.gov.in वेबसाइट से तकनीकी बोली में प्रदान किया गया है।

कृपया ध्यान दें कि निविदा दस्तावेजों में कोई भी संशोधन, स्पष्टीकरण, त्रुटि वेबसाइट http://defproc.gov.in और छावनी बोर्ड की वेबसाइट www.delhi.cantt.gov.in पर अपलोड की जाएगी। सभी इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी दरें उद्धृत करने से पहले संशोधनों, स्पष्टीकरणों, त्रुटियों आदि की जांच के लिए उपरोक्त वेबसाइटों पर जाना आवश्यक है और इसे पंजीकृत करने में विफलता के लिए बोलीदाताओं को किसी भी प्रकार का कोई मुआवजा देय नहीं होगा।

टेलीफोन नं. 25695450
सं. DCB/8/C-1/TN/2026-27/1
छावनी बोर्ड का कार्यालय
वेबसाइट : www.delhi.cantt.gov.in

हस्ताक्षरित/-
मुख्य अधिशासी अधिकारी
दिल्ली छावनी

TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs
To book your ad
Logon to: ads.timesofindia.com
or Call: 18001205474 (Toll Free)
Scan QR Code

TIMES interact
TO ADVERTISE IN THE CLASSIFIEDS SECTION, FOR ANY OF THE BELOW MENTIONED CATEGORIES

MATRIMONIAL
PROPERTY
BUSINESS
RECRUITMENT, EDUCATION
CHANGE OF NAME, LOST & FOUND
SHOPPING
TENDER, PUBLIC NOTICE
SERVICES, VEHICLES, TRAVEL
BIRTHDAY/ ANNIVERSARY ADS

Please call us at the below mentioned nos.

Area / Zone	Contact Person	Mobile No.
Central Delhi1 + North Delhi	Amit Ghosh	98117 90649
Central Delhi2 + Ghaziabad	Sunil Srivastava	99994 99496
South Delhi + Faridabad	Raghav Arora	99999 95460
West Delhi + Dwarka + Gurgaon	Aman Pasricha	93126 33518
East Delhi + Noida	Sumit Negi	98992 68321

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
(ISO 9001:2015 एवं ISO 14001:2015 प्रमाणित संस्था)
विकास पथ, गाजियाबाद

पत्रांक : 664/पी०ए०-टी०/2025-26 दिनांक : 06.04.2026

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की ओर से 02 कार्यों हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धी समस्त विवरण व शर्तें गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की वेबसाइट www.gdaghaziabad.in पर उपलब्ध हैं एवं UPLC की वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर निविदा विक्रय की तिथि से उपलब्ध होगी। सम्बन्धित निविदाओं को ई-निविदा आमंत्रण सूचना में उनके सम्मुख दर्शायी गयी तिथियों पर डाउनलोड व अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई-निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गयी तिथियों पर खोला जायेगा। निविदा में कोई भी संशोधन/परिमार्जन/परिवर्तन व अतिरिक्त सूचनाओं को वैबसाइट पर ही प्रकाशित किया जायेगा।

मुख्य अभियन्ता

ई-मेल: helplinegda@gmail.com, : @gdagzb, : @gdagzb
हैल्पलाईन: 0120-3343433/व्हाट्सऐप नं: 9818868807, वेबसाईट: www.gdaghaziabad.in

एक सुन्दर शहर........ हमारा संकल्प

कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
ई-निविदा आमंत्रण सूचना

प्रधान मुख्य अभियंता, कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लि., आयआरईपीएस पोर्टल पर ई-निविदा के माध्यम से सिंगल बिड प्रणाली में पात्र ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु खुली निविदाएँ आमंत्रित करते हैं। **कार्य का नाम:** वरिष्ठ क्षेत्रीय अभियंता, कारवार के अंतर्गत सीटीआर कार्यों के लिए मुर्डेश्वर बैलास्ट डिपो में बैलास्ट की आपूर्ति और स्टैकिंग, केआरसीएल हॉपर्स में लोडिंग, अनलोडिंग, स्प्रेडिंग और बॉक्सिंग करना। **निविदा सूचना सं.: केआर-डब्ल्यू-1-58-2026-01, अनुमानित लागत:** रु. 2,71,44,868/- जीएसटी को छोड़कर। **बंद होने की तिथि/समय:** 28.04.2026 को 15:00 बजे तक ऑनलाइन प्रस्ताव/बोली जमा करने हेतु। **पूर्णता अवधि:** नौ माह मानसून सहित। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। विवरण / भागीदारी हेतु कृपया https://ireps.gov.in वेबसाइट देखें। शुद्धिपत्र/परिशिष्ट केवल इसी वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे।

गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)

सीजीडी परियोजना के लिए ठेकेदारों की नियुक्ति

अभिरुचि की अभिव्यक्ति

गेल द्वारा वाराणसी, उत्तर प्रदेश में अपनी सिटी गैस डिस्ट्रिब्यूशन परियोजना हेतु लास्ट-माइल कनेक्टिविटी (एलएमसी) से संबंधित विभिन्न कार्यों के लिए सक्षम ठेकेदारों को आमंत्रित किया जाता है।

वॉक-इन
06 अप्रैल - 15 मई, 2026 | प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक

गेल (इंडिया) लिमिटेड वाराणसी, ऊर्जा भवन, सीएनजी मदर स्टेशन के निकट, भगवानपुर, हरहुआ, रिंग रोड फेज-I, वाराणसी-221105, उत्तर प्रदेश

संबद्ध कार्य अनुभव दस्तावेज साथ लायें।
अधिक जानकारी हेतु, फोन नं. : 7058664482 पर संपर्क करें अथवा क्यूआर कोड स्कैन करें

www.gailonline.com #EnergizingPossibilities हमें फॉलो करें

कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण परिक्षेत्र भोपाल (म.प्र.)

निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 35/मु.अ.(सेतु परिक्षेत्र)/वर्ष 2025-26 भोपाल, दिनांक 31/03/2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्यों का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रित श्रे.	कार्य की अनु. राशि (रू.लाख में)	ई.एम.डी. राशि एवं टेण्डर फीस तथा निविदा से संबंधित सम्पूर्ण दस्तावेज जमा करने हेतु।
1	2	3	4	5	6	7	8
1	2026_PWDRB_496015_1	उज्जैन	पुल कार्य	[illegible]	द्वितीय	2089.95	केवल ऑन-लाईन
2	2026_PWDRB_496016_1	शिवपुरी	पुल कार्य	[illegible]	चतुर्थ	1768.45	केवल ऑन-लाईन
3	2026_PWDRB_496017_1	रायसेन	पुल कार्य	[illegible]	तृतीय	1530.45	केवल ऑन-लाईन
4	2026_PWDRB_496019_1	[illegible]	पुल कार्य	[illegible]	द्वितीय	1374.93	केवल ऑन-लाईन
5	2026_PWDRB_496020_1	[illegible]	पुल कार्य	[illegible]	प्रथम	1326.38	केवल ऑन-लाईन
6	2026_PWDRB_496021_1	[illegible]	पुल कार्य	[illegible]	द्वितीय	1166.81	केवल ऑन-लाईन
7	2026_PWDRB_496022_1	राजगढ़	पुल कार्य	[illegible]	द्वितीय	939.90	केवल ऑन-लाईन
8	2026_PWDRB_496023_1	[illegible]	पुल कार्य	[illegible]	प्रथम	722.63	केवल ऑन-लाईन
9	2026_PWDRB_496024_1	डिण्डोरी	पुल कार्य	[illegible]	चतुर्थ	557.76	केवल ऑन-लाईन
				कुल योग		11477.46	

[illegible] निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 21/04/2026 (17:30) बजे निर्धारित है। [illegible]

"पॉलिथीन है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार" G-11149/26
Sd/- मुख्य अभियंता
लो.नि.वि.सेतु निर्माण परिक्षेत्र भोपाल

131

IPL मैचों में अंपायरिंग की है अनिल चौधरी और सुंदरम रवि ने। यह IPL में सर्वाधिक मैच में अंपायरिंग करने का साझा रेकॉर्ड है

रहाणे के गिरते स्ट्राइक रेट से KKR को नुकसान!

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** तीन बार की चैंपियन कोलकाता नाइटराइडर्स की इस सीजन की शुरुआत निराशाजनक रही है। सोमवार रात कोलकाता में बारिश की वजह से यदि मैच धुल नहीं होता तो शायद उसका खाता भी खुलना मुश्किल होता। कोलकाता के इस प्रदर्शन के पीछे उसके टॉप ऑर्डर और खराब टीम कॉम्बिनेशन को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। टीम के पास फिन एलेन और टिम सीफर्ट जैसी धाकड़ ओपनिंग जोड़ी है लेकिन कप्तान अजिंक्य रहाणे की पारी का आगाज करने की 'जिद' की वजह से सीफर्ट को अभी तक इलेवन में जगह भी नहीं मिल पाई है। एलेन और सीफर्ट ने पिछले टी20 वर्ल्ड कप में कैसा कोहराम मचाया था इससे सभी वाकिफ थे और इस जोड़ी IPL में भी यादगार खेल की उम्मीद थी। इस सीजन रहाणे के फॉर्म को लेकर सवाल भी उठे हैं जिसे उन्होंने 'आलोचकों की जलन' करार देते हुए पिछले कुछ सीजन में खुद के स्ट्राइक रेट को बेस्ट बताया था। **आइये साल 2024 से 2026 सीजन के शुरुआत 12 मैचों तक के आंकड़ों के नजरिए से समझने की कोशिश करते हैं कि रहाणे के दावे में कितना दम है।**

साल 2023 रहा था बेस्ट

रहाणे जिस बेस्ट स्ट्राइक रेट की बात कर रहे हैं उसमें कुछ सच्चाई भी है। सीजन 2023 में चेन्नै सुपरकिंग्स की ओर से खेलते हुए क्रिकेट फैंस ने उनका नया रूप देखा था, जहां वो गेंद जोरदार स्ट्राइक कर रहे थे। उस सीजन पावरप्ले में रहाणे का स्ट्राइक रेट 200 प्लस का रहा था और इस मामले में कोई भी दूसरा बल्लेबाज उनके करीब भी नजर नहीं आ रहा था। लिस्ट में दूसरे स्थान पर खड़े यशस्वी जायसवाल का स्ट्राइक रेट 175.24 रहा था। उस सीजन वह पावरप्ले के दौरान एक बार भी आउट भी नहीं हुए थे। हालांकि अगले दो सीजन में रहाणे की बैटिंग में वो बात नहीं दिखी।

बेस्ट स्ट्राइक रेट (50+ बॉल)

क्रम	खिलाड़ी	स्ट्राइक रेट
1	वैभव सूर्यवंशी	218.71
2	जेक फ्रेजर	199.48
3	आयुष म्हात्रे	187.5
4	अभिषेक शर्मा	185.23
5	निकोलस पूरन	182.28
65	अजिंक्य रहाणे	147.78

पावरप्ले में स्ट्राइक रेट (100+ बॉल)



क्रम	खिलाड़ी	स्ट्राइक रेट
1	जेक फ्रेजर	206.9
2	अभिषेक शर्मा	187.2
3	फिल सॉल्ट	178.2
4	प्रियांश आर्या	173.00
5	अंगकृष रघुवंशी	169.7
10	अजिंक्य रहाणे	158.7

*सभी आंकड़े साल 2024 से 2026 सीजन के शुरुआत 12 मैचों तक

पावरप्ले में बॉल्स प्रति फोर

1. जेक फ्रेजर-मैकगर्क	4.1
2. फिल सॉल्ट	4.4
3. यशस्वी जायसवाल	4.5
4. प्रियांश आर्या	4.5
5. जॉनी बेयरस्टो	4.8
17. अजिंक्य रहाणे	5.6

Quiz IPL स्पेशल

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. दिल्ली कैपिटल्स के लिए IPL-19 में अभी तक सर्वाधिक रन किस प्लेयर ने बनाए हैं?
A) अक्षर पटेल B) केएल राहुल C) समीर रिजवी D) ट्रिस्टान स्टब्स
2. अजिंक्य रहाणे साल 2023 में किस IPL टीम में थे?
A) दिल्ली कैपिटल्स B) सनराइजर्स हैदराबाद C) चेन्नै सुपरकिंग्स D) पंजाब किंग्स

कल के जवाब
1. B) भुवनेश्वर कुमार
2. D) गुवाहाटी

लकी WINNER

1. मृदुला गर्ग, मौजपुर, दिल्ली
2. बालाजी सूर्यवंशी, दमन, गुजरात
3. बलबीर सिंह, गाजियाबाद, यूपी

अब आप अपने जवाब हमें
!!!अलर्ट!!!!
8796958780
पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

फटाफट खबरें

ध्रुव-तनीषा जीते
■ **निंग्बो:** एशिया बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026 में ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी ने मिक्स्ड डबल्स में थाईलैंड के फुवनात होरबनलुकिट और बेन्याफा ऐम्साड को 21-14, 11-21, 21-15 से हराया। वहीं, रोहन कपूर-रुत्विका शिवानी व असित सूर्या और अमृत प्रथमेश को अपने-अपने मिक्स्ड डबल्स मैच में हार मिली।

भारत-चीनी ताइपे भिड़ंत
■ **पाथुम थानी:** एएफसी महिला अंडर-20 एशियन कप में भारत का चीनी ताइपे के खिलाफ मुकाबला 'करो या मरो' बन गया है। जापान और ऑस्ट्रेलिया से हार के बाद भारत के लिए जीत जरूरी है। गोल अंतर भी चिंता का विषय है। अन्य मैचों के परिणाम भी अहम होंगे।

रूस दौरे पर टीम
■ **नई दिल्ली:** भारत अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम 11 से 17 अप्रैल तक सोची में रूस के खिलाफ तीन फ्रेंडली मैच खेलेगी। कोच पामेला कोंटी ने 23 सदस्यीय टीम घोषित की है। यह दौरा एशियन कप की तैयारी का अहम हिस्सा है।

अर्जेंटीना दौरे की तैयारी
■ **नई दिल्ली:** भारतीय महिला हॉकी टीम 13 से 17 अप्रैल तक अर्जेंटीना के खिलाफ चार मैचों की सीरीज खेलेगी। यह दौरा वर्ल्ड कप और एशियन गेम्स की तैयारी के लिहाज से अहम है। कोच शोर्ड मारिन ने 24 खिलाड़ियों के साथ टीम संयोजन परखने की बात कही।

बारिश थमी, रन बरसे

यशस्वी ने जड़ा नाबाद अर्धशतक, वैभव ने भी खेली तूफानी पारी

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** राजस्थान रॉयल्स (RR) और मुंबई इंडियंस (MI) के बीच मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग-2026 के 13वें मुकाबले पर देशभर के क्रिकेट प्रेमियों को यशस्वी जायसवाल और वैभव सूर्यवंशी की पावर हिटिंग देखने को मिली। हालांकि गुवाहाटी में मंगलवार को हुई बारिश ने मैच पर घंटों लंबा ब्रेक लगा दिया, लेकिन जैसे ही यह तय हुआ कि रात 10 बजकर 10 मिनट पर 11-11 ओवर्स का यह मुकाबला खेला जाएगा, मैच फिर तैयार था। ऐसे में, इधर बारिश रुकी और उधर रॉयल्स के बाएं हाथ के दोनों ओपनर्स यशस्वी जायसवाल (77* रन, 32 बॉल 10 फोर, 4 सिक्स) और वैभव सूर्यवंशी (39 रन, 14 बॉल, 1 फोर, 5 सिक्स) रनों का बवंडर ले आए। राजस्थान ने 11 ओवर में तीन विकेट पर 150 रन बनाए।

चाहर पर टूटे यशस्वी: मुंबई ने पेसर दीपक चाहर से गेंदबाजी की शुरुआत कराई तो स्ट्राइक लेने वाले यशस्वी टूट पड़े। पहली तीनों गेंदों पर 4, 6 और 4 लगने के बाद बोलर एक गेंद डॉट डालने में सफल रहा, लेकिन पांचवीं और छठी गेंदों पर फिर फिर चौका पड़ा। रॉयल्स ने इस तरह पहले ओवर से 22 रन कूटे। अगले ओवर में बारी वैभव की थी और सामने थे बूम बूम बुमरा, लेकिन वैभव ने इस गेंदबाज की प्रतिष्ठा का ख्याल किए बिना उन पर दो सिक्स जड़कर जता दिया कि वह किस टेम्परामेंट के बल्लेबाज हैं। इस ओवर से 12 रन आए। पारी के तीसरे ओवर में तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट को भी 'करंट' लगा जब यशस्वी ने उन्हें दो, जबकि वैभव ने एक सिक्स जमाया। तीसरे ओवर में फिर 22 रन आए।

RR vs MI
मैच नंबर-13

शार्दुल ने पाई सफलता: वैभव के सामने अब अनुभवी शार्दुल ठाकुर थे। उन्होंने इस पेसर पर भी दो छक्के और एक चौका लगाया, लेकिन इसी ओवर की आखिरी गेंद पर एक और बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में बाउंड्री पर लपके गए। वैभव को पविलियन लौटाने में तिलक वर्मा का बड़ा योगदान रहा जिन्होंने डीप कवर पर एक शानदार कैच पकड़कर मुंबई खेमे के चेहरे पर चमक लाई। हालांकि दूसरे छोर से यशस्वी के प्रहार जारी रहे और उन्होंने आठवें ओवर में हार्दिक पर फोर जड़कर 23 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा कर लिया।

वैभव बनाम बुमरा

मैच से पहले सारी चर्चा जसप्रीत बुमरा बनाम वैभव सूर्यवंशी पर ही रही थी। अनुभवी बुमरा का सामना 15 साल के वैभव कैसे करते हैं यह सभी देखना चाहते थे। दुनिया के सबसे बेहतरीन गेंदबाजों में से एक की पहली ही गेंद पर मिड-ऑन के ऊपर से छक्का जड़कर वैभव ने बता दिया कि उन्हें यूं ही वंडर किड नहीं कहा जाता है। इस शॉट पर बुमरा बस मुस्कुरा रहे थे। इसके बाद धीमी गेंद पर वैभव ने सिंगल लिया। एक गेंद बाद वह फिर लौटे तो उन्होंने एक और धीमी लेंथ गेंद को डीप बैकवर्ड स्क्वॉयर लेग के ऊपर से छक्के के लिए भेज दिया। बुमरा की अगली गेंद लेंथ से भटकी हुई थी, लेकिन लेग साइड पर इस हाई फुल टॉस का फायदा वैभव उठा नहीं सके। बुमरा की 5 गेंद पर वैभव ने 13 रन बटोरे।

स्कोरकार्ड

राजस्थान रॉयल्स: यशस्वी जायसवाल नॉट आउट 77, वैभव सूर्यवंशी कॉ तिलक बो शार्दुल 39, ध्रुव जुरेल एलबीडब्ल्यू बो गजनफर 2, रियान पराग कॉ तिलक बो गजनफर 20, शिमरॉन हेटमायर नॉट आउट 6, एक्स्ट्राज: 6, टोटल: 11 ओवर्स में तीन विकेट पर 150 रन, विकेट: 1-80, 2-84, 3-121, बोलिंग: दीपक चाहर 1-0-22-0, जसप्रीत बुमरा 2-0-32-0, ट्रेंट बोल्ट 1-0-22-0, हार्दिक पंड्या 2-0-17-0, शार्दुल ठाकुर 2-0-38-1, मोहम्मद गजनफर 2-0-21-2

58 रन बनाए बिना किसी नुकसान के राजस्थान ने पहले तीन ओवर में। यह शुरुआती तीन ओवर में किसी टीम द्वारा बनाए गए तीसरे सर्वाधिक रन है

अजेय दिल्ली कैपिटल्स के सामने आज गुजरात टाइटंस की चुनौती

DC vs GT
मैच नंबर-14

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** समीर रिजवी के टॉप फॉर्म के बूते जीत के रथ पर सवार दिल्ली कैपिटल्स की टीम आज जब गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैदान पर होगी तो उसका इरादा इस सीजन जीत की हैटट्रिक लगाने वाली पहली टीम बनने का होगा, वहीं दूसरी ओर गुजरात से आई मेहमान टीम अपनी पहली जीत की तलाश में होगी।

मिडल ऑर्डर में छुपा जीत का राज: दिल्ली और गुजरात के अभी तक के अभियान में मिडिल ऑर्डर की भूमिका अहम रही है। दिल्ली के लिए जहां मिडिल ऑर्डर ने जिम्मेदारी से बल्लेबाजी की है वहीं गुजरात का मिडल ऑर्डर चरमराया सा नजर आया है। लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ 142 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली ने 26 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे। मुंबई के खिलाफ दिल्ली ने 7 रन पर दो विकेट गंवा दिए थे। इन दोनों ही परिस्थितियों में दिल्ली जीतने में सफल रही थी। वहीं, गुजरात टाइटंस ने अपने पहले दो मैचों में अच्छी शुरुआत की, लेकिन फिर मिडल ऑर्डर ढह गया।

कप्तान करेंगे वापसी: गुजरात के कप्तान शुभमान गिल पिछले मैच में नहीं खेले थे और उनके कंधे व गर्दन पर पट्टियां बंधी हुई थीं। वह 2025-26 के घरेलू टेस्ट सीजन से ही गर्दन में ऐंठन की समस्या से जूझ रहे थे। हालांकि, मंगलवार को साई सुदर्शन ने पुष्टि की कि गिल अब फिट हैं और खेलने के लिए तैयार हैं। संभावना है कि वह टॉप ऑर्डर में कुमार कुशाग्र की जगह लेंगे। मिडिल ऑर्डर को मजबूत करने के लिए टीम जेसन होल्डर को शामिल करने पर भी विचार कर सकती है।

संभावित प्लेइंग XI

दिल्ली कैपिटल्स: केएल राहुल (विकेटकीपर), पाथुम निसंका, नितीश राणा, समीर रिजवी, डेविड मिलर, ट्रिस्टान स्टब्स, अक्षर पटेल (कैप्टन), विपराज निगम, कुलदीप यादव, लुंगी एनगिडी, टी नटराजन
इम्पैक्ट प्लेयर: मुकेश कुमार

गुजरात टाइटंस: शुभमान गिल (कप्तान), बी साई सुदर्शन, जोस बटलर (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स, राहुल तेवतिया, राशिद खान, जेसन होल्डर, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज, अशोक
इम्पैक्ट प्लेयर: प्रसिद्ध कृष्णा

1 पहले स्थान पर है समीर रिजवी दिल्ली कैपिटल्स के लिए मौजूदा सीजन में सर्वाधिक रन बनाने के मामले में। उन्होंने दो पारियों में दो फिफ्टी की बदौलत 160 रन बनाए हैं

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

राहुल करते हैं सिराज का इंतजार

केएल राहुल ने इस सीजन में अभी तक सिर्फ एक रन बनाया है, लेकिन उन्हें उम्मीद होगी कि वह इस मुकाबले में बड़ा स्कोर करेंगे। वह मुकाबले में मोहम्मद सिराज का सामना करने को बेताब होंगे जिनके खिलाफ उनका रेकॉर्ड शानदार रहा है। उन्होंने सिराज के खिलाफ 9 पारियों में 79 गेंदों पर 135 रन बनाए हैं और सिर्फ एक बार आउट हुए हैं। हालांकि, गुजरात कगिसो रबाडा को उनके खिलाफ इस्तेमाल कर सकता है, जिन्होंने राहुल को 12 पारियों में तीन बार आउट किया है।

पलक और मुकेश ने वर्ल्ड रेकॉर्ड के साथ जीता गोल्ड

Social Media

पलक और मुकेश नेलावल्ली

■ **एजेंसियां, ग्रेनाडा:** ISSF शूटिंग वर्ल्ड कप में पलक और मुकेश नेलावल्ली की युवा भारतीय जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने मंगलवार को हुए 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में गोल्ड मेडल जीतने के साथ वर्ल्ड रेकॉर्ड भी अपने नाम किया। भारतीय जोड़ी ने फाइनल में 487.7 का स्कोर बनाकर इतिहास रच दिया, जो जूनियर वर्ल्ड रेकॉर्ड भी है।

ISSF शूटिंग वर्ल्ड कप

क्वॉलिफिकेशन में दोनों ने 581-17x के स्कोर के साथ दूसरा स्थान पर हासिल किया था। फाइनल में पलक (243.0) और मुकेश (244.7) की सटीक निशानेबाजी ने चीन की कियानक्सुन याओ- काई हू (484.8) की जोड़ी को पीछे छोड़ा। हंगरी की जोड़ी तीसरे स्थान पर रही। पलक 18 वर्ष की हैं और उन्होंने एशियन गेम्स 2023 में 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत और टीम इवेंट में क्रमशः गोल्ड व सिल्वर मेडल जीतकर सुर्खियां बटोरी थीं।



ललित को सिल्वर, नितेश फाइनल में

■ **एजेंसियां, बिश्केक:** भारतीय रेसलर ललित को एशियन रेसलिंग चैंपियनशिप 2026 के 55 किलोग्राम ग्रीको रोमन वर्ग में सिल्वर मेडल के साथ संतोष करना पड़ा। ललित को मंगलवार को गोल्ड मेडल मैच में उज्बेकिस्तान के इख्तियार बोतिरोव ने 9-0 से एकतरफा अंदाज में मात दी। दूसरी ओर, सुनील कुमार ने 87 किलोग्राम भार वर्ग में उज्बेकिस्तान के मुखम्मदकोदिर रसुलोव को 5-4 से हराकर ब्रॉन्ज मेडल मैच जीता। भारत अभी भी गोल्ड जीतने की रेस में बना हुआ है। नितेश 97 किलोग्राम ग्रीको रोमन वर्ग के फाइनल में पहुंचे हैं। उन्होंने चीन के जेगैंग वांग को 7-2 से मात देकर फाइनल में जगह बनाई।

एशियन रेसलिंग चैंपियनशिप

अमीनुल नपे, तमीम को BCB की कमान

■ **एजेंसियां, ढाका:** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) के BCCI से द्विपक्षीय संबंधों को फिर से शुरू करने का अनुरोध किए जाने के कुछ ही दिन बाद देश की राष्ट्रीय खेल परिषद (NSC) ने पूर्व कप्तान और BCB अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम बुलबुल को मंगलवार को पद से हटा दिया। NSC ने नए चुनाव होने तक बोर्ड के दैनिक कामकाज को चलाने के लिए एडहॉक कमिटी बनाई है। बांग्लादेश के पूर्व कप्तान और देश के दिग्गज ओपनर तमीम इकबाल को इस 11 सदस्यीय एडहॉक कमिटी का प्रमुख बनाया गया है। इस समिति की जिम्मेदारी अगले 90 दिन के भीतर क्रिकेट बोर्ड के चुनाव करवाना है।

क्रिकेट कनेक्ट

बांग्लादेश के पूर्व कप्तान तमीम

BCB सूत्रों के अनुसार, बुलबुल को टी20 वर्ल्ड कप के दौरान हुए विवाद के कारण हटाया गया। भारत-विरोधी कट्टरपंथी नजरुल का रुख यह था कि IPL से मुस्ताफिजुर रहमान को हटाए जाने के विरोध के तौर पर बांग्लादेश के वर्ल्ड कप के मुकाबलों को कोलकाता और मुंबई से हटाकर श्रीलंका में शिफ्ट कर दिया जाए। इस पूरे मामले के दौरान बुलबुल केवल मूकदर्शक बने

ड्रंकन ड्राइविंग में फंसे डेविड वॉर्नर

सिडनी: ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ओपनर डेविड वॉर्नर रविवार को शराब पीकर गाड़ी चलाने के आरोप के बाद मुश्किल में फंस गए हैं। यह घटना मास्कट के उपनगर में सड़क किनारे ब्रेथ-टेस्टिंग अभियान के दौरान हुई। रिपोर्ट के अनुसार, 39 वर्षीय वॉर्नर ने टेस्टिंग चेक पॉइंट पर पहुंचने से ठीक पहले अपनी गाड़ी को रोककर पार्क कर दिया था। हालांकि, पुलिस अधिकारी उनकी कार के पास पहुंचे और ब्रेथ एनालिसिस किया, जिससे पुष्टि हो गई कि उनके शरीर में शराब की मात्रा कानूनी सीमा से अधिक थी।

मीनाक्षी, जैसमीन खिताबी मुकाबले में

■ **एजेंसियां, उलानबटोर:** एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप-2026 में मंगलवार को मीनाक्षी और जैसमीन ने अपने-अपने सेमीफाइनल मैच जीतते हुए फाइनल में प्रवेश किया। पुरुष वर्ग में विश्वनाथ सुरेश और सचिन ने भी अपने सेमीफाइनल मुकाबलों में जीत दर्ज की। इन परिणामों के साथ इस चैंपियनशिप में छह महिला और दो पुरुष सहित भारत के कुल आठ बॉक्सर्स ने खिताबी मुकाबले में अपना स्थान पक्का कर लिया है। मीनाक्षी ने 48 किलोग्राम भार वर्ग में थाईलैंड की चिंपातचा चोउवारी को 4-1 के अंतर से हराया। वहीं, 57 किलो भार वर्ग के सेमीफाइनल में जैसमीन ने निगिना उक्तामोवा को 3-2 से मात

एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप

12 राशियां और आपका दिन

ARIES 21 Mar - 19 Apr
आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। यदि आप अपने गृहस्थ जीवन को सुखमय और संतुलित बनाना चाहते हैं, तो जीवनसाथी के प्रति पूरी तरह ईमानदार रहना अनिवार्य है। किसी पुराने अटके हुए या जटिल कार्य के अचानक बन जाने से भाग्य की बाधाएं दूर होंगी और मन प्रसन्न रहेगा।

TAURUS 20 Apr - 19 May
संभव है कि कार्यक्षेत्र में आपको कोई अत्यधिक महत्वपूर्ण और बड़ी जिम्मेदारी सौंपी जाए। ऐसे में बिना किसी शंका या दुविधा के अपने कर्तव्य पालन में जुट जाना ही अच्छा होगा। कार्य चाहे छोटा हो या बड़ा, यदि आप उसे पूरी निष्ठा और लगन से पूर्ण करते हैं, तो आपकी गिनती श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं में होगी।

GEMINI 21 May - 21 Jun
आपकी कार्यशैली नवीन और प्रभावशाली है। किसी भी पेचीदा कार्य को अपनी बुद्धिमानी से आप समय में पूरा कर लेना आपकी विशेषता है। आज भी आपकी इसी प्रवीणता पर उच्चाधिकारियों की दृष्टि जाएगी, जिसका भविष्य में आपको उचित लाभ और सम्मान आवश्यक रूप से प्राप्त होगा।

CANCER 22 Jun - 22 Jul
आज कामकाज का अतिरिक्त बोझ आपके कंधों पर आ सकता है, जिसके कारण व्यक्तिगत कार्यों के लिए समय निकालना कठिन होगा। यदि आप किसी उद्योग या व्यवसाय का संचालन कर रहे हैं, तो अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की गतिविधियों और कार्यप्रणाली पर कड़ी नजर रखना न भूलें। अन्यथा भविष्य में नुकसान उठाना पड़ सकता है।

LEO 23 Jul - 22 Aug
किसी भी कार्यक्षेत्र में अपना प्रभाव और वर्चस्व कायम करना आपका स्वभाव है, लेकिन इस कारण कभी-कभी आपको आलोचना का सामना भी करना पड़ता है। एक प्रभावशाली अधिकारी बनने के गुण आपमें हैं, लेकिन याद रखें कि एक कुशल प्रशासक बनने से पहले एक अनुशासित कार्यकर्ता बनना जरूरी है।

VIRGO 23 Aug - 22 Sep
आज वाद-विवाद से दूरी बनाए रखना ही आपके हित में होगा। सहयोगियों व उच्च अधिकारियों के साथ व्यर्थ के तर्क-वितर्क से बचें। व्यापार में आए उतार-चढ़ाव को धैर्य से संभालने की जरूरत है। वर्तमान चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के साथ सामंजस्य बिठाकर चलना ही इस समय की बुद्धिमानी है।

LIBRA 23 Sep - 22 Oct
सुबह से ही आपके आसपास का वातावरण कुछ अनिश्चित या अजीब सा रह सकता है। घरेलू कामों में भी छोटी-मोटी अड़चनें आने के संकेत हैं। व्यवसाय की स्थिति पिछले कुछ समय से नाजुक बनी हुई है, लेकिन धैर्य रखें, यह दौर केवल आपके लिए नहीं, बल्कि बाजार की सामान्य स्थिति के कारण है। जल्द समय आपके हिसाब से हो जाएगा।

SCORPIO 23 Oct - 21 Nov
कई बार व्यक्ति न चाहते हुए भी ऐसी परिस्थितियों में उलझ जाता है, जहां से निकलने के लिए मेहनत करनी पड़ती है। आज कमोबेश की कुछ उलझनें तनाव दे सकती हैं। यदि आप अपने मार्ग को सरल बनाना चाहते हैं, तो दूरगामी लाभ की योजनाओं पर ध्यान दें, न कि केवल तात्कालिक लाभ के पीछे भागें।

SAGITTARIUS 22 Nov - 21 Dec
जोखिम भरे निवेश व शेयर बाजार के प्रलोभन में पड़कर पूर्व में हुए नुकसान से सीख लेने का समय है। धन कमाने के अनैतिक रास्तों के बजाय मेहनत और ईमानदारी के मार्ग को प्राथमिकता दें। बेहतर होगा कि आप अपने पारंपरिक व्यावसायिक तौर-तरीकों पर वापस लौटें ताकि भविष्य में आर्थिक हानि न हो।

CAPRICORN 22 Dec - 19 Jan
आज आपके भीतर नई ऊर्जा और उत्साह का संचार होगा। अवकाश होने के बावजूद आप पेंडिंग कामों को निपटाने के लिए तत्पर रहेंगे। हालांकि, कार्यक्षेत्र की गति आपकी अपेक्षा से धीमी रह सकती है। स्थितियों को अपने अनुकूल बनाने के लिए आपको कमान अपने हाथों में लेनी पड़ सकती है।

AQUARIUS 20 Jan - 18 Feb
निरंतर कार्य और भागदौड़ के बाद आज आपका मन एकांत की तलाश करेगा। यह समय अपने स्वास्थ्य, विशेषकर मानसिक शांति पर ध्यान देने का है। यदि आप मानसिक रूप से स्वस्थ और शांत नहीं रहेंगे, तो कठिन परिश्रम करना आपके लिए बोझिल हो सकता है।

PISCES 19 Feb - 20 Mar
आर्थिक लाभ के लिए आज कई मार्ग आपके सामने आएंगे। मुमकिन है कि आपके सहयोगी या सहकर्मी अल्पकालिक लाभ के लिए अनुचित रास्तों का सुझाव दें, लेकिन ऐसी जल्दबाजी स्थिति से बचना ही बेहतर है। याद रखें कि स्वस्थ प्रतिस्पर्धा में हार-जीत चलती रहती है, सिद्धांतों से समझौता न करें। इससे आपके सम्मान की हानि हो सकती है।

सुडोकू

8	2						6	7
5		1	9	8	7	3		4
		6	1	3	4	9		
		4	5	9	2	7		
3		7	8	2	6	4		5
2	4						7	1

कल के सुडोकू का जवाब

4	3	1	7	9	5	8	2	6
9	7	8	1	6	2	3	4	5
6	5	2	8	4	3	9	1	7
8	9	3	6	7	4	2	5	1
7	6	5	2	8	1	4	9	3
2	1	4	3	5	9	7	6	8
1	2	9	5	3	7	6	8	4
3	4	6	9	1	8	5	7	2
5	8	7	4	2	6	1	3	9

TELEVISION big magic

09:00	बालू हलवाई
10:00	चंद्रगुप्त मौर्य
11:00	रुद्र के रक्षक
11:30	अलादीन
12:00	पालनहारे अजेय कृष्णा
13:30	मन से मानें
14:00	हम पांच
15:00	अजब देश की गजब कहानी
16:30	प्यार मोहब्बत हैप्पी लकी
19:30	रुद्र के रक्षक
21:00	चौरा

कल का पंचांग
(गुरुवार, 9 अप्रैल 2026)

राष्ट्रीय मिति चैत्र 19, शक संवत 1948, वैशाख कृष्ण, सप्तमी, बृहस्पतिवार, विक्रम संवत 2083। सौर चैत्र मास प्रविष्टे 27, शव्वाल 20, हिजरी 1447 (मुस्लिम), तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 9 अप्रैल 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, उत्तर गोल, वसंत ऋतु। राहुकाल अपराह्न 1 बजकर 30 मिनट से 3 बजे तक। सप्तमी तिथि रात 9 बजकर 20 मिनट तक के बाद अष्टमी तिथि का आरंभ। मूल नक्षत्र सुबह 8 बजकर 49 मिनट तक के बाद पूर्वाषाढ़ नक्षत्र का आरंभ। परिघ योग शाम 5 बजकर 58 मिनट तक के बाद शिव योग का आरंभ। विष्टि करण सुबह 8 बजकर 11 मिनट तक के बाद बालव करण का आरंभ। चंद्रमा दिन रात धनु राशि पर संचार करेगा।

जन्मदिन की शुभकामनाएं

बुध और सूर्य आपके वर्ष के स्वामी ग्रह बन रहे हैं। जीव सक्रियता देहधारी प्रधान ग्रह गुरु स्वयं प्रमुख केंद्र में विराजमान है। अप्रैल माह के शेष दिनों तक आपके कुछ सफल सहयोगी रोज ही आपके पक्ष में अपनी शुभकामनाएं व्यक्त करते रहेंगे। मई-जून में आप अपनी बिखरी हुई शक्ति को समेटने में संलग्न रहेंगे। जुलाई-अगस्त में कुछ अच्छे कार्य बन जाने की खुशी होगी। सितंबर तक कामकाज के नए रास्ते खुलेंगे। अक्टूबर में व्यवसाय की हालत सुधरेगी, अगर आप नौकरी पेशा हैं तो नवंबर में परिस्थितियां अनुकूल रहेंगी। दिसंबर में पारिवारिक उत्तरदायित्व पूरे होंगे। जनवरी-फरवरी अंत तक कामकाज में रुकावटें खत्म होंगी। महिलाओं के लिए यह वर्ष आर्थिक पक्ष से अनुकूल रहेगा। नवंबर महीने में विद्यार्थियों को सामान्य परिश्रम से ही वांछित सिद्धि मिलेगी।
-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

NOTE : -

[: राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi,]

English NEWSPAPERS
[Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi] ETC.

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.

Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot
Or type in Search box of Telegram
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
BACKUP GROUP LINK
https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1

Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in